आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० = 7764978689/+919625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 104 ● नई दिल्ली, बुधवार, 19 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 मटेश्वर धाम में सोमवार की शाम शिवलिंग का किया गया...

विपक्षी गठबंधन का नाम होगा 'इंडिया'

वैकल्पिक राजनीति और सामाजिक-आर्थिक एजेंडा पेश करने का संकल्प

एजेंसी/ बेंगलुरु

अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को कड़ी चुनौती देने के प्रयास में जुटे 26 विपक्षी दलों ने मंगलवार को अपने गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) रखने का फैसला किया और यह संकल्प भी लिया कि वो देश के सामने एक वैकल्पिक राजनीति और सामाजिक एवं आर्थिक एजेंडा पेश करेंगे। बेंगलुरु के एक पांच सितारा होटल में दो दिवसीय बैठक में विपक्षी दलों ने इंडिया नाम तय करने के साथ ही यह भी फैसला किया कि इस गठबंधन का एक संयोजक होगा और 11 सदस्ईय समन्वय समिति होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इंडिया के घटक दलों की अगली बैठक मुंबई में होगी जहां गठबंधन के संयोजक और समन्वय समिति के सदस्यों का चयन किया जाएगा। विपक्षी दलों की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) होगा। सभी ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन में 11 सदस्यों की एक समन्वय समिति बनाई जाएगी और महाराष्ट्र के मुंबई में होने वाली अगली बैठक में इसके सदस्यों के नामों की घोषणा की जाएगी।आगामी लोकसभा चुनाव प्रचार के प्रबंधन के लिए दिल्ली में एक साझा सचिवालय बनाया जाएगा।देश और देश के लोगों को बचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए हमने आपसी मतभेदों को पीछे रखने का फैसला किया है। यह पूछे जाने पर कि विपक्षी गठबंधन का चेहरा कौन होगा, खरगे ने कहा कि इस गठबंधन के संयोजक और समन्वय समिति के सदस्यों का फैसला मुंबई में होने वाली अगली बैठक में किया जाएगा। उनका यह भी कहना था कि सीट बंटवारे पर सभी नेताओं, समन्वय समिति के सदस्यों द्वारा परस्पर विचार-विमर्श किया जाएगा। दूसरे दिन की बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राकांपा प्रमुख शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार, द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कुछ अन्य नेता इस बैठक में शामिल हुए।

जो भी गठबंधन नकारात्मकता के साथ बने वह सफल नहीं हो पाए: मोदी

एजेंसी/ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो भी गठबंधन नकारात्मकता के साथ बने वह कभी सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का गठन देश में राजनीतिक स्थिरता लाने के लिए हुआ था। राजग के नेताओं की यहां एक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जब गठबंधन सत्ता की मजबूरी का हो, जब गठबंधन भ्रष्टाचार की नीयत से हो, जब गठबंधन परिवारवाद की नीति पर आधारित हो, जब गठबंधन जातिवाद और क्षेत्रवाद को ध्यान में रखकर किया गया हो तो ऐसा गठबंधन देश का बहुत नुकसान करता है।

मोदी ने कहा कि देश में राजनीतिक गठबंधनों की एक लंबी परंपरा रही है, लेकिन जो भी गठबंधन नकारात्मकता के साथ बने वह कभी भी सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 90 के दशक में देश में अस्थिरता लाने के लिए गठबंधनों का इस्तेमाल किया तथा कांग्रेस ने सरकारें बनाईं और सरकारें बिगाड़ीं। उन्होंने कहा कि 1988 में राजग का गठन हुआ था, लेकिन सिर्फ सरकारें बनाना और सत्ता हासिल करना उसका लक्ष्य नहीं था।

उन्होंने कहा, राजग किसी के विरोध में नहीं बना था, राजग किसी को सत्ता से हटाने के लिए नहीं बना था। राजग का गठन देश में स्थिरता लाने के लिए हुआ था। जब किसी देश में एक स्थिर सरकार होती है, तो देश एक साहसिक निर्णय लेता है जो देश के फलसफा को बदल देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में राजग के गठन के 25 साल पूरे हुए हैं और ए 25 वर्ष विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं की पूर्ति के रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजग का मतलब राज्यों के विकास के माध्यम से देश का विकास है। उन्होंने कहा, नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (राजग) में एन का अर्थ न्यू इंडिया , डी का अर्थ डेवलप्ड नेशन और ए का अर्थ है लोगों की आकांक्षा। आज युवा, महिलाएं, मध्यम वर्ग, दलित और वंचित लोग राजग पर भरोसा करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रकाश सिंह बादल, बालासाहब ठाकरे, अजित सिंह, शरद यादव जैसे नेताओं ने राजग को आकार देने में योगदान दिया। उन्होंने कहा, राजग अटल बिहारी वाजपेई की विरासत है, लालकृष्ण आडवाणी ने भी इसको आकार देने में अहम भूमिका निभाई और वह हमारा अनवरत मार्गदर्शन कर रहे हैं।

कर्नाटक-35 हजार मंदिरों में मोबाइल फोन की नो एंट्री

कर्नाटक। कर्नाटक सरकार ने मंदिर के कर्मचारियों और भक्तों की परेशानी का हवाला देते हुए मुजराई विभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 35,000 से अधिक मंदिरों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का एक परिपत्र जारी किया है। विभाग द्वारा जारी परिपत्र में मंदिरों को भक्तों को इसकी जानकारी देने वाले साइनबोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने अपने आदेश में कहा कि हाल ही में मोबाइल फोन का उपयोग बढ़ गया है, जिससे मंदिर के कर्मचारियों और अन्य भक्तों को परेशानी हो रही है और इसलिए लोगों को मंदिर में अपने मोबाइल फोन बंद करने का निर्देश दिया गया है।

राजनीतिक दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रचार के लिए समय का आवंटन ऑनलाइन होगा : निर्वाचन आयोग

एजेंसी/ नई दिल्ली

राजनीतिक दलों को आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रचार के लिए समय का आवंटन अब ऑनलाइन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने राजनीतिक दलों द्वारा सरकारी स्वामित्व वाले इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उपयोग की मौजूदा व्यवस्था में संशोधन किया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी मंच के माध्यम से डिजिटल एयर टाइम वाउचर जारी करने का प्रावधान शुरू करके ऐसा किया गया है।अब, राजनीतिक दलों को चुनाव के दौरान भौतिक रूप से एयर टाइम वाउचर इकट्ठा करने के लिए अपने प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग या राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में भेजने की आवश्यकता नहीं होगी।

मुफ्त एयर टाइम की योजना शुरू में जनवरी 1998 में लाई गई थी और इसका उद्देश्य चुनाव के दौरान प्रचार के लिए सरकारी स्वामित्व वाले इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तक समान पहुंच सुनिश्चित करना है।

संसद के मानसून सत्र से पहले सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

एजेंसी/ नई दिल्ली

संसद के बृहस्पतिवार से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र से एक दिन पहले 19 जुलाई को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है जिसमें सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों के साथ चर्चा की जाएगी। संसदीय मामलों के मंत्रालय के अनुसार, 19 जुलाई को संसद के मानसून सत्र की पूर्वसंध्या पर दोनों सदनों के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक अपराह्न 3 बजे संसदीय ग्रंथालय भवन में बुलाई गई है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 20 जुलाई को होगी। सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें प्रस्तावित हैं। मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। एक ओर जहां सत्ता पक्ष महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगा, वहीं दूसरी ओर विपक्ष मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महंगाई और अडाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। लोकसभा सचिवालय के एक बुलेटिन के अनुसार, संसद के मानसूत्र सत्र या 17वीं लोकसभा के 12वें सत्र के दौरान लिए जाने वाले सरकारी कार्यों की संभावित सूची में 21 नए विधेयकों को पेश व पारित करने के लिए शामिल किया गया है। इसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 भी शामिल है। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश का स्थान लेने के लिए पेश किया जाएगा। आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साध रही है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि सत्र में महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाने हैं, ऐसे में सभी दलों को सत्र चलाने में सहयोग करना चाहिए क्योंकि सरकार नियम व प्रक्रिया के तहत किसी भी विषय पर चर्चा कराने से पीछे नहीं हट रही है।

पहलवानों का यौन उत्पीड़न मामला

बृजभूषण शरण सिंह को मिली अंतरिम जमानत

एजेंसी/ गुवाहाटी

दिल्ली की एक अदालत ने महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न मामले में मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख और भारतीय जनता पार्टी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को दो दिन की अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने यह देखते हुए राहत दी कि सिंह को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था और वह बिना किसी दंडात्मक प्रक्रिया के उसके सामने पेश हुए।अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटिन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने सिंह को 25,000 रुपए के निजी मुचलके पर राहत दी। अदालत ने मामले में डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर को भी 25 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। अदालत ने यह आदेश तब पारित किया जब दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी वकील ने कहा कि भले ही आरोपपत्र बिना गिरफ्तारी के दाखिल किया गया है, फिर भी वह जमानत याचिकाओं का विरोध कर रहे हैं। मजिस्ट्रेट ने कहा, इस मामले में बिना गिरफ्तारी के ही आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी व्यक्तियों ने जांच में सहयोग किया है, आरोपी व्यक्ति आज अदालत के समन पर, यानी बिना किसी दंडात्मक प्रक्रिया के उपस्थित हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कथित अपराध में अधिकतम सात साल कैद की सजा हो सकती है।न्यायाधीश ने कहा, अभियुक्त व्यक्ति बुलाए जाने पर इस अदालत के समक्ष उपस्थित होने का वचन देते हैं और जमानत देने के लिए तैयार और इच्छुक हैं तथा जमानत की हर शर्त का पालन करने के लिए तैयार हैं। इन परिस्थितियों में, यह अदालत उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करने के लिए बाध्य है। न्यायाधीश ने कहा, इसलिए, उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के मद्देनजर... आरोपी व्यक्तियों को 25-25 हजार रुपए की राशि के मुचलके और इतनी ही राशि की एक जमानत राशि प्रस्तुत करने पर सुनवाई की अगली तारीख तक अंतरिम जमानत दी जाती है।

राफेल-एम, स्कॉर्पीन परियोजनाओं की बातचीत अभी पूरी नहीं हुई

एजेंसी/ नई दिल्ली

भारत द्वारा फ्रांस से 26 राफेल-एम लड़ाकू विमान और तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की प्रस्तावित खरीद से संबंधित लागत और तकनीकी-वाणिज्यिक विवरण पर बातचीत अभी पूरी नहीं हुई है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने 13 जुलाई को फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमानों के 26 नौसैनिक प्रारूपों और फ्रांस द्वारा डिजाइन की गई तीन स्कॉर्पीन श्रेणी पनडुब्बियों की खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी जिस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय पेरिस यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान दोनों सौदों पर औपचारिक घोषणा होने का अनुमान था। हालांकि, दोनों पक्षों द्वारा जारी अंतिम संयुक्त दस्तावेज में दोनों परियोजनाओं का कोई विशिष्ट उल्लेख नहीं था। सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की वार्ता के बाद दोनों पक्षों द्वारा लाए गए 25 साल के रोडमैप में दोनों परियोजनाओं का उल्लेख नहीं होने के विशेष निहितार्थ नहीं निकाले जाने चाहिए। एक सूत्र ने कहा कि लागत और तकनीकी-वाणिज्यिक पहलुओं पर बातचीत पूरी होने के बाद अंतिम सौदे पर मुहर लगाई जाएगी। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के पोत निर्माता उपक्रम- मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) और फ्रांसीसी रक्षा विनिर्माता नेवल ग्रुप ने स्कॉर्पीन पनडुब्बी परियोजना के लिए छह जुलाई को रूपरेखा समझौते को अंतिम रूप दिया था, लेकिन मूल्य और अन्य तकनीकी पहलुओं पर अभी बातचीत नहीं हुई है। राफेल के नौसैनिक संस्करण राफेल-एम की खरीद के संबंध में सूत्रों ने कहा कि तकनीकी-वाणिज्यिक बातचीत पूरी होने पर सौदे पर अंतिम मुहर लगा दी जाएगी।

ख़ास ख़बर

शिक्षकों के पक्ष में उतरे कांग्रेस नेता की अविलंब कार्रवाई रद्द करने की मांग

पटना। शिक्षक नेता व टीईटी प्रारंभिक शिक्षक संघ बिहार के प्रदेश संयोजक राजू सिंह, शैलेन्द्र राय, बंशीधर ब्रजवासी सहित सैकड़ों शिक्षक नेताओं पर निलंबन के तुगलकी आदेश से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है समाजसेवी और राजनेता भी शिक्षकों के पक्ष में उतर आए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने शिक्षा विभाग के अपर सचिव केके पाठक पर तंज़ कसते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से हैं केके पाठक इसलिए योगी जी का तानाशाही वाला एक्सपेरीमेंट बिहार में करना चाहते हैं जो यहां नहीं चलने वाला है बिहार में लोकतंत्र से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि केके पाठक अब तानाशाही पर उतर आए हैं। संवैधानिक तरीके से अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से प्रोटेस्ट का अधिकार संविधान ने दिया है। प्रोटेस्ट लोकतंत्र की खूब सूरती है लेकिन शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से प्रोटेस्ट करने वाले शिक्षकों पर चिन्हित कर कार्रवाई किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने के तानाशाही रवैए को प्रदर्शित करता है।

श्री आलम ने आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि केके पाठक बिहार से नहीं हैं इसलिए बिहारियों पर अंग्रेजों जैसी तानाशाही शासन चलाने का एक्सपेरीमेंट कर रहे हैं यह एक्सपेरीमेंट बंद करते हुए सभी निलंबन करने का आदेश निरस्त करने का मांग किया है। अन्यथा लोकतांत्रिक तरीके से शिक्षक हित में प्रोटेस्ट करने का अल्टिमेटम भी दिया है।

मिशन इंद्रधनुष अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

पूर्णिया। अगस्त महीने में होने वाले मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। इस दौरान जिले के सभी एमओआईसी, बीएचएम, बीसीएम सहित कई अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि 07 अगस्त से तीन चरणों में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान शुरू होगा। इसको लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार, डीडीसी साहिला, नगर आयुक्त आरिफ अहसन, डीपीआरओ दिलीप सरकार, सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी, डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, डीसीएम संजय कुमार दिनकर सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि मिशन इंद्रधनुष एक बूस्टर टीकाकरण कार्यक्रम है।

टीकाकरण का कवरेज अधिक करने के लिए यह अभियान चिह्नित उच्च जोखिम वाले जिलों में चलाया जाता है। पूर्णिया जिले के सभी प्रखंडों में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत आगामी माह में नियमित टीकाकरण को गति देने एवं वंचित बच्चों को सात प्रकार के वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन की बूस्टर डोज दी जाएगी।

इस अभियान की सफलता को लेकर विभागीय स्तर से जरूरी तैयारियां की जा रही हैं। जिसमें उच्च जोखिम वाले प्रखंडों यथा- बैसा, बायसी, अमौर, पूर्णिया पूर्व प्रखण्ड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप अभियान चलाया जाएगा। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ अनीसुर्रहमान को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को मिशन इंद्रधनुष से संबंधित आवश्यक जानकारियों को अविलंब उपलब्ध कराया जाए। ताकि कार्यक्रम की शत प्रतिशत सफ़लता में किसी तरह से कमी नहीं हो।

बिजलपुरा (भंगहा) नेपाल कुर्था के बीच रेल खण्ड पर ट्रेन के परिचालन का हरी झंडी दिखाकर हुआ शुभारंभ

परिवहन मंत्री प्रकाश ज्वाला ने रेल परियोजना का उद्घाटन किया

जयनगर /मधुबनी/ दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/ जयनगर इंडो नेपाल रेल परियोजना के दूसरे फेज का रेल खण्ड पर रेल लाईन बिजलपुरा (भंगहा) से कुर्था जनकपुर नेपाल तक परिचालन का उद्घाटन नेपाल स्थित बिजपुरा स्टेशन पर किया गया। नेपाल के विभिन्न राजनीति दलों के नेता और अतिथियों जनप्रतिनिधियों भारत के एम्बेसी के अधिकारी निर्माण कम्पनी इरकॉन कोंकण और नेपाल रेलवे के अधिकारियों कर्मियों के समेत बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता नेपाल सरकार के भौतिक संरचना एवं परिवहन मंत्री प्रकाश ज्वाला ने रेल परियोजना का उद्घाटन कर और हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना कर ट्रेन परिचालन का शुभारंभ किया। लगभग 21 वर्षो बाद पुनः जयनगर से बिजपुरा तक ट्रेन का परिचालन हुआ।उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित उद्घाटन से पूर्व अतिथियों अधिकारियों जनप्रतिनिधियों और रेल कर्मियों को सम्मानित किया गया। बिजलपुरा स्टेशन कुर्था जनकपुर स्टेशन और ट्रेन को दुल्हन की तरह सजाया गया था। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे चपे चपे पे नेपाल पुलिस और प्रशासन की टीम तैनात थी। बिजलपुरा स्टेशन दुल्हन की तरह सजी स्टेशन और ट्रेन को देखने सेल्फी लेने की भीड़ उमड़ पड़ी थी। लोग काफी खुश और उत्साहित दिखे। बुजर्गो आम लोगों ने कहा वर्षो का सपना पूरा हुआ जानकी मंदिर दर्शन अन्य जगहों में समय कम लगेगा और किराया की बचत होगी।।विवाह पंचमी महोत्सव में अब हम सभी शामिल हो सकेंगे। लगभग 21 वर्षो बाद पुनः जयनगर से बिजपुरा तक ट्रेन का परिचालन हुआ यह सपना अब पूरा हुआ इंतजार की घड़ी खत्म हुई।हम सभी जनकपुर समेत जयनगर समेत अन्य जगहों निजी या किराया चार पहिया वाहनों से आवागमन यात्रा करते है किराया और समय भी ज्यादा लगता हैं। वर्षो पूर्व जयनगर से बिजलपुरा तक आवागमन ट्रेन का परिचालन होता था बाढ़ में वर्षो पूर्व ध्वस्त हो गया था पुल और रेल खण्ड परिचालन बन्द था। अब पुनः ट्रेन का परिचालन होगा। 17 जुलाई आज सोमवार से जयनगर से बिजलपूरा तक सीधा ट्रेन का परिचालन का आम लोग यात्रियों के लिए होगा। नेपाली रेलवे के जीएम निरंजन झा ने बताया कि बिजलपुरा से जनकपुरधाम कुर्था तक रेल परिचालन का शुभारंभ किया गया हैं। किराया बिजपुरा से जयनगर तक का जेनरल किराया 130 रु और एसी का 450 रु नेपाली तय किया गया हैं। पहली ट्रेन सुबह 7:30 नेपाली समय पर जयनगर के लिए खुलेगी। जो सुबह 8:35 बजे जनकपुरधाम तथा 10 बजे जयनगर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि दोनों देश के पात्रियों के मांग पर 17 जुलाई से नेपाली ट्रेन तीन बार अप व डाउन करेंगी जिसमें तीन बार जयनगर से जनकपुरधाम तक तथा एक एक बार जयनगर से बिजलपुरा तक जाऐगी इसतरह 17 जुलाई को जयनगर के शाम वाली ट्रेन 6 बजे जनकपुरधाम वाया बिजलपुरा तक जाऐगी। जो जनकपुरधाम में शाम 7:17 तथा बिजलपुरा रात 8:30 बजे पहुंचेगी। जो फिर सुबह 7:30 में जयनगर के लिए खुलेगी। उन्होंने बताया कि नये समय सारणी के अनुसार जयनगर से पहली ट्रेन सुबह 8:30 बजे यानि भारतीय समय 8:15 मिनट तथा दुसरी ट्रेन 3 बजे दोपहर पानि 2:45 भारतीय समय तथा तीसरा फेरा 6 बजे शाम यानि 5:45 मिनट भारतीय समय पर जनकपुरधाम के लिए खुलेगी जिसमें शाम वाली ट्रेन बिजलपुरा के लिए सीधा होगी। अन्य दो ट्रेने जनकपुरधाम तक ही जाऐगी। उन्होंने बताया कि बिजलपुरा से जयनगर के लिए प्रतिदिन 7:30 बजे खुलेगी। जो जनकपुरधाम से 8:35 बजे जयनगर के लिए प्रस्थान होगी तथा जनकपुरधाम से जयनगर के लिए दुसरा ट्रेन 11:30 दोपहर तथा शाम 4:30 से तीसरा ट्रेन खुलेगी। इधर नये समय सारणी व ट्रेन के तीन फेरे खुलने की खबर से दोनों देश के यात्रियों व व्यापारियों में खुशी की लहर है। बता दें कि एक जून को दिल्ली से बीडीओ वर्चुअल के माध्यम से दोनों देश के पीएम के समक्ष दोनों देश के संबंधित अधिकारियों द्वारा इस खंड का हेण्ड व टेक ओभर किया गया था। फिलवक्त प्रथम फेज जयनगर- जनकपुरधाम वाया कुर्या एक जोड़ी डीएमयू ट्रेन का परिचालन हो रहा है।

जो 34 किमी है। वहीं दूसरे फेज का कुर्या से बिजलपुरा तक 17 किमी रेल लाईन व स्टेशन तैयार है। जिसपर 16 जुलाई को परिचालन की हरी झंडी दिखाई जाएंगी। तीसरे फेज का बिजलपुरा से वर्दीवास तक 17.5 किमी नेपाल सरकार द्वारा जमीन अधिग्रहण नहीं कराये जाने के कारण लंबित है। यह परियोजना वर्ष 2014 से शुरू हुयी। लगभग 7 सौ करोड़ में जयनगर से वर्दीवास तक 69 किमी बननी है जिसे इरकॉन द्वारा बनाया जा रहा है। पिछले 9 वर्षों में 52 किमी तक रेल लाईन, स्टेशन समेत अन्य संसाधन तैयार है जिसमे 2 अप्रैल 2022 को दोनों देश के पीएम द्वारा जयनगर से कुर्या तक 34 किमी का रेल परिचालन को हरी झंडी दिखाई गयी थी। 17 जुलाई से नेपाली ट्रेन का परिचालन तीन दफे होगा। जयनगर से जनकपुर कुर्था भंगहा बिजलपुरा रेलखंड तक 17 जुलाई से नेपाली ट्रेन का परिचालन तीन दफे किया जायेगा। दूसरे फेज में कुर्था से बिजलपुरा तक निर्मित रेल खण्ड पर ट्रेन 17 जुलाई को दौड़ेगी। 16 जुलाई से नेपाल रेलवे जयनगर से महोत्तरी के विजलपुरा तक चलेगी। ट्रेन परिचालन सेवा का विस्तार करने जा रही है,उद्घाटन के बाद नेपाल रेलवे जो भारत के जनकपुरधाम में जयनगर से कुर्था तक संचालित हो रही है। नेपाल रेलवे कंपनी के महाप्रबंधक निरंजन झा ने बताया कि लगभग 17 किमी अतिरिक्त क्षेत्र में ब्रॉडगेज ट्रेन सेवा संचालित की जायेगी। महाप्रबंधक झा ने बताया कि जनकपुरधाम के कुर्था से महोत्तरी के विजलपुरा तक अतिरिक्त 17 किमी पर परिचालन शुरू करने के लिए नेपाल सरकार के भौतिक संरचना एवं परिवहन मंत्री प्रकाश ज्वाला आएंगे।नेपाली ट्रेन अब दो की जगह तीन बार चलेगी। जयनगर से सुबह 8.15, दोपहर 2.45,शाम 5.45 में परिचालन होगा।अभी वर्तमान में जयनगर से जनकपुर कुर्था नेपाल तक ट्रेन का परिचालन का आवागमन हो रहा है। 17 जुलाई 2023 से जयनगर से विजलपुरा वाया जनकपुरधाम फेज 2 तक नेपाली ट्रेन परिचालन की शुरुआत होने जा रही है। नेपाली ट्रेन अब दो की जगह तीन फेरा लगाएगी। दो फेरा जयनगर से जनकपुरधाम और एक फेरा जयनगर से विजलपुरा वाया जनकपुरधाम होगा। स्टेशन हॉल्ट में जयनगर से इनर्वा, खजूरी, महिनाथ पुर, बैदेही, परवाहा, जनकपुर , कुर्था, पिपराढ़ी, लोहरपट्टी, सिंगयाही, भंगहा (बिजलपुरा) हैं। 15 महीने के बाद ट्रेन सेवा का विस्तारीकरण ~ भारत नेपाल मैत्री रेल परियोजना के तहत चलने वाली ट्रेन सेवा का विस्तारीकरण लगभग 15 महीने के बाद किए जाने से दोनों देश के लोगों में प्रसन्नता का माहौल है। बता दें कि दो अप्रैल 2022 को दोनों देश के प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली से जयनगर से कुर्था तक डेमू सवारी गाड़ी के परिचालन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकरशुभारंभ किया गया था। अब 16 जुलाई से कुर्था से बिजलपुरा तक 17 किमी में ट्रेन सेवा का विस्तारीकरण किया जा रहा है। तीसरे फेज में बर्दीबांस तक रेलखंड का होगा विस्तार बता दें कि जयनगर से बर्दीबांस तक 69 किलोमीटर में रेलखंड का निर्माण कराया जाना है। प्रथम चरण में जयनगर से कुर्था तक 34 किलोमीटर में रेलखंड का निर्माण कार्य पूरा कर सवारी गाड़ी का परिचालन प्रारंभ किया गया। दूसरे चरण में कुर्था से बिजलपुर तक 17 किलोमीटर में निर्माण कार्य पूर्ण कर 16 जुलाई आज से ट्रेन का परिचालन शुरू किया जा रहा है। अब तीसरे चरण का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। भारतीय कम्पनी इरकॉन के द्वारा रेलखंड का निर्माण कार्य का विस्तारीकरण किया जाना हैं।मौके पर नेपाल सरकार के भौतिक संरचना एवं परिवहन मंत्री प्रकाश ज्वाला , भारत महा वाणिज्य दूत वीरगंज नितेश कुमार, नेपाल रेल्वे के महाप्रबंधक निरंजन झा, भंगहा नगरपालिका के मेयर संजीव कुमार,अतिथि विनोद ओझा, प्रदेश कृषि मंत्री गोविंद बहादुर नेपानी, डीसीएम प्रशन्ना श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री राम चन्द्र झा, इरकॉन के जीएम दीपक कुमार, डीजीएम विवेक निगम,कोंकण रेलवे के वरीय अधिकारी इनायत हुसैन समेत नेपाल कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगो इरकॉन कोंकण और नेपाल रेलवे के कई अधिकारी कर्मिगण गणमान्य लोग बड़ी संख्या आम जनता उपस्थित थे।

टीबी मुक्त अभियान- टीबी मरीजों में निक्षय मित्र लगातार कर रहे हैं फूड पैकेट का वितरण

पूर्णिया । देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा हरसंभव पहल की जा रही है। ताकि वर्ष 2025 तक देश को पूरी तरह से टीबी मुक्त बनाया जाए। इस बाबत भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग को लक्ष्य निर्धारित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया चुका है। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि सरकार के लक्ष्य को हमलोगों द्वारा हर हाल में पूरा करना है। टीबी संक्रमित मरीज़ों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। टीबी बीमारी का इलाज़ एवं दवा सरकार के द्वारा बिल्कुल ही निःशुल्क दी जाती है। इसके लिए समय पर जांच और इलाज शुरू कराना पड़ेगा। इसीलिए लक्षण दिखते ही संबंधित मरीजों को जल्द से जल्द स्थानीय स्वास्थ्य संस्थानों या नज़दीकी सरकारी अस्पतालों में जांच करानी चाहिए। चिकित्सीय परामर्श के अनुसार दवा खाने की जरूरत होती है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र के सभागार में निक्षय मित्र के द्वारा दर्जनों टीबी मरीज़ों में पौष्टिक आहार खाने के लिए फूड पैकेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सीडीओ डॉ मिहिरकान्त झा, डीपीएस राजेश कुमार शर्मा, डीईओ अमित कुमार, सुनील कुमार शास्त्री, राजनाथ झा, श्वेता कुमारी सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत जयनगर अनुमंडल अस्पताल के द्वारा मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई

जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/ पीएचसी प्रभारी डॉ रवि भुषण प्रसाद ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। अस्पताल प्रबंधक प्रभाष कुमार प्रशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग 11 से 31 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा मना रही है। जिसके तहत विभिन्न प्रकार के गतिविधि कार्यक्रम किया जा रहा है। जागरूकता रैली में स्वास्थ्य विभाग कर्मी एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया। रैली शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया।रैली के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली में एफपीसी, एमएमएनई, बीसीएम, एएनएम के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी व स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

कमलानदी जयनगर में स्नान करने के दौरान डूबने से एक कांवरिया की मौत

जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/ जयनगर के कमला नदी में रविवार की देर शाम जल भरने को लेकर स्नान करने दौरान एक 18 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई।पूजा समिति व स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को पानी से निकालने के बाद इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दरभंगा जिले के मौलागंज वार्ड नंबर 25 निवासी अमित कुमार गुप्ता पिता राजू साह बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थानाध्यक्ष डीएसपी आशुतोष रंजन ने दल-बल के साथ अस्पताल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया। अस्पताल चिकित्सक डॉ विजय कुमार ने बताया कि युवक की मौत डूबने से हो गई है। काफी देर तक पानी के अंदर था। मृतक अपने मित्र मौलागंज निवासी सचिन कुमार पिता मोहन साह के साथ आज सुबह अपने घर से जल भरने के लिए मोटरसाइकिल स्कूटी से जयनगर कमला नदी आया था। जल भरने से पहले स्नान करने के लिए मृतक पूल के 6 नंबर फाटक के उपर से छलांग लगाई। उसी दौरान काफी देर तक पानी में डूबे रहने के कारण मृतक के मित्र को संका होने पर पूजा समिति के सदस्यों को सूचना दी। पूजा समिति के सदस्यों ने पानी में गोता लगा कर शव को निकाला।

मेडिकल कैंप बाढ़ प्रभावित इलाकों में महामारी नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती में जुटा विभाग

प्रभावित इलाकों में हो मेडिकल कैंप संचालित, जरूरी जांच व दवा की जा रही वितरित, जलजनित बीमारियों से बचाव को लेकर लोगों से सतर्क व सावधान रहने की अपील

अररिया । जिले में बीते दिनों भारी बारिश के कारण बाढ़ का संकट गंभीर रूप ले चुका था। बारिश का सिलसिला थमने के बाद ऊंचे इलाकों से पानी अब धीरे-धीरे नीचे उतरने लगा है। इसके साथ ही प्रभावित इलाकों में जलजनित बीमारी व विभिन्न तरह की महामारी के प्रसार का खतरा मंडराने लगा है। इस पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने अपने स्तर से जरूरी प्रयास शुरू कर दिया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में मेडिकल कैंप संचालित किया जा रहा है। आवश्यक जांच के बाद लोगों के बीच जरूरी दवाएं निःशुल्क वितरित की जा रही हैं। वहीं बाढ़ का पानी कम होने के बाद इन इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर, गैमेक्सिन व चूना का छिड़काव किया जा रहा है। ताकि किसी तरह की महामारी के प्रसार को प्रभावी तौर पर नियंत्रित किया जा सके। **प्रभावित इलाकों में किया जा रहा मेडिकल कैंप संचालित-** बीते दिनों नेपाल के तराई इलाके व जिले में हुई मूसलाधार बारिश के कारण जिले के कई इलाके बाढ़ की चपेट में आ गये। जिले के कुल नौ प्रखंडों में दो प्रखंड रानीगंज व भरगामा को छोड़ कर शेष सात प्रखंडों के कुल 35 पंचायत बाढ़ से पूरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसमें अररिया के पांच, फारिसगंज के चार, सिकटी के पांच, कुर्साकांटा के चार, पलासी के चार, नरपतगंज के चार व सबसे अधिक जोकीहाट के कुल आठ पंचायत शामिल हैं। जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि प्रभावित इलाकों में मेडिकल कैंप संचालित किया जा रहा है। जरूरी जांच के उपरांत लोगों को जरूरी दवाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही हैं। ओआरएस, बुखार व दर्द निवारक दवा प्राथमिकता के आधार पर लोगों को उपलब्ध करायी जा रही है। संक्रमण के खतरों से बचाव के लिये प्रभावित इलाकों में छिड़काव जारी है। **जिले में जरूरी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध-** बाढ़ का पानी कम होने के बाद प्रभावित इलाकों में जलजनित बीमारी व विभिन्न तरह के महामारी के प्रसार का खतरा काफी बढ़ जाता है। इससे बचाव को लेकर आम लोगों से विशेष सतर्कता व सावधानी बरतने की अपील सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने की है। उन्होंने कहा कि जलजनित बीमारी व किसी तरह के संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर जरूरी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक जिले में उपलब्ध है। आवश्यकता के हिसाब से हर स्वास्थ्य केंद्र को दवा व छिड़काव के लिये चूना, गैमेक्सिन व ब्लीचिंग पाउडर उपलब्ध कराया गया है।

जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस आयोजित, टीबी उन्मूलन अभियान को जन आंदोलन के रूप में देने का प्रयास

अररिया । राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिले सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ द्वारा स्थानीय लोगों को टीबी रोग के कारण, लक्षण, इससे बचाव व उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। साथ ही टीबी रोगियों के लिये सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। गौरतलब है कि टीबी उन्मूलन अभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिये विभागीय स्तर से जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में हर माह निर्धारित तिथि को सभी वेलनेस सेंटरों पर निक्षय दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। निक्षय दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य कार्यक्रम के दौरान जोकीहाट के गैरकी मसूरिया हेल्थ एंड वेलनेस की सीएचओ जूही खातून ने बताया कि दो सप्ताह से ज्यादा समय तक खांसी होना, खांसी के दौरान कफ के साथ खून आना, लगातार वजन कम होना, भूख ना लगना, रात को पसीना आना टीबी रोग से जुड़े सामान्य लक्षण हैं। इस तरह का कोई लक्षण दिखने पर व्यक्ति को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपनी जांच कराना जरूरी होता है। ताकि उनका समुचित इलाज संभव हो सके। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से क्षेत्र भ्रमण के दौरान संभावित टीबी मरीजों को चिह्नित कर उन्हें जांच व इलाज के लिये प्रेरित किया जा रही हैं रहा है। जिला टीबी समन्वयक दामोदर शर्मा ने बताया कि टीबी उन्मूलन को लेकर विभाग बेहद सक्रिय है। संभावित मरीजों की खोज को लेकर हर स्तर पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। टीबी मरीजों की सुविधा को लेकर सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजना संचालित की जा रही है। टीबी मरीजों को हर महीने निक्षय पोषण योजना के तहत 500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

ख़ास ख़बर

मिशन इंद्रधनुष की बैठक में टास्क फोर्स का गठन

अजय कुमार,दैनिक शुभ भास्कर,सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।प्रखंड कार्यालय सिमरी बख्तियारपुर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर की अध्यक्षता में,IMI/5.0,प्रथम चक्र 7 अगस्त से 12 अगस्त तक होना सुनिश्चित है को सफल बनाने हेतु प्रखंड टास्क फोर्स का बैठक किया गया।जिसमे IMI/5.0 एवं -Win app'S के बारे में चर्चा की गई।इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एन.के.सिन्हा,एस.एम.सी (यूनिसेफ)सईद मज़हरुल हसन,प्रखंड स्वास्थ प्रबंधक महबूब आलम,प्रखंड आशा प्रबंधक कमर जहां,बी0एम0सी0 यूनिसेफ मिथिलेश कुमार एफ0 एम0 डब्लू0एच0ओ0बाल्मीकि ठाकुर एल0एस0आई0सी0डी0एस0,पी आर आई उपस्थित थे ।

शिक्षक के निधन पर शोक सभा आयोजित

अजय कुमार,दैनिक शुभ भास्कर,सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।प्रखंड के मोहनपुर पंचायत स्थित नया प्राथमिक विद्यालय गोसाई टोला के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार शर्मा के आकस्मिक निधन पर शिक्षक संघ ने कांठो-सिंगरौली स्थित आवास पर शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया. शिक्षकों ने स्व.शर्मा के व्यक्तित्व व कृत पर चर्चा कर कहा की वे नेक दिल इंसान व कर्मठ थे.शिक्षा के साथ अन्य सामाजिक,धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे।उनके निधन से सामाजिक व शिक्षा जगत में रिक्तता आ गई है.जिसकी भरपाई करना निकट भविष्य में संभव नही है.शोक सभा में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड सचिव बंधन पासवान,अवधेश कुमार सिंह, नंदकिशोर सिंह,मनीष गर्ग मृत्युंजय आजाद, मनीष कुमार,राम रक्षा पांडे,राजेश ठाकुर, चंद्रकांत चंद्र,ज्योति प्रकाश,अनिल कुमार भारती, दीपक कुमार सिंह,विनय कुमार,विजय कुमार, अनुमंडल प्रवक्ता मोहम्मद अकबर आलम आदि गहरी संवेदना व्यक्त की।

अनिश्चित कालीन धरना के सातवें दिन आशा कार्यकर्ताओं ने ओपीडी सेवा बंद कर प्रदर्शन किया

बनमा ईटहरी (सहरसा)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनमा ईटहरी में विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना के सातवें दिन मंगलवार को आशा ने पीएचसी के ओपीडी सेवा को भी बंद कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे फेसीलेटर नीलम कुमारी सहनी ने कहा कि सरकार हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। दिन भर पोषक क्षेत्र में काम करना पड़ता है। लेकिन मानदेय के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। जब तक सरकार हमलोगों को 22 हजार रूपए मानदेय और राज्य कर्मियों का दर्जा नहीं देती है तबतक हमलोगों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर ललीता रानी फेसीलेटर, डेजी कुमारी , अनिता कुमारी, द्रोपती कुमारी, किरण कुमारी, सुनीता कुमारी, कुमुद कुमारी, चांदनी कुमारी, सुशीला कुमारी, बिजली कुमारी, सविता कुमारी, सीता कुमारी, काजमा खातून, चमेली देवी आदि मौजूद थी।

मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत नए प्रावधानों के संबंध में जिला विधिक प्राधिकरण की कार्यशाला आयोजित

कार्यशाला की शुरुआत में एसडीजेएम चंदन कुमार वर्मा ने 2022 में प्रतिस्थापित नए प्रावधानों की जानकारी दी।

सुभाष चंद्र झा दैनिक शुभ भास्कर सहरसा/ माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत लाए गए नए प्रावधानों के बारे में संबंधित सभी पक्षों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को विधिक सेवा सदन में किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक राज, जिलाधिकारी वैभव चौधरी, पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा, एडीजे रत्नेश कुमार सिंह और सहरसा विधिक संघ के सचिव कृष्ण मुरारी प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला की शुरुआत में एसडीजेएम चंदन कुमार वर्मा ने 2022 में प्रतिस्थापित नए प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सारे प्रावधान दुर्घटना पीड़ित को शीघ्रातिशीघ्र अनुतोष या मुआवजा दिलाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा लाए गए हैं।जिसमें सामान्य स्थिति में ऐसे पीड़ित को एक निश्चित समय सीमा के अंदर बिना किसी परेशानी या दौड़-धूप के मुआवजा प्राप्त हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रवि रंजन ने बताया की इन प्रावधानों में एक गोल्डन आवर से भी संबंधित है।

जिसमें दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 1 घंटे के अंदर ईलाज सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों को प्रयासरत रहने का निर्देश दिया गया है।वही केंद्र सरकार द्वारा बीमा कंपनियों के सहयोग से कैशलेस योजना लाई जा रही है।परंतु वर्तमान में भी ऐसे घायल व्यक्ति का इलाज किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में निशुल्क करने का निर्देश है। इसका भुगतान बाद में संबंधित बीमा कंपनी या पीड़ित अनुतोष राशि से किया जाएगा। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले नेक व्यक्ति को फिलहाल 5000 राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है।साथ ही उनकी पहचान किसी भी पुलिस जांच या अन्य किसी भी औपचारिकताओं में उजागर नहीं की जायेगी और ना ही उन्हे अस्पताल में ही अपना परिचय देने की जरूरत है। बार एसोसिएशन के सचिव ने कहा कि नए प्रावधानों में प्रत्येक स्तर पर समय सीमा निर्धारित की गई है। हम सभी को इसका अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि यह प्रावधान समय की जरूरत है और जिले की पुलिस इसके अनुपालन के प्रति सजग रहेगी। उन्होंने यह भी कहा की दुर्घटना से संबंधित सभी प्रकार के प्रतिवेदन समय न्यायाधिकरण के समक्ष समर्पित किया जाएगा।साथ में उन्होंने जिले वासियों से वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने का भी अनुरोध किया।जिससे दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके। जिलाधिकारी ने इस कार्यशाला के उद्देश्यों को प्रासंगिक बताते हुए जिला प्रशासन ,पुलिस प्रशासन, बीमा कंपनियों के अधिकारी गण सहित सभी पक्षों को मोटर यान अधिनियम में प्रतिस्थापित इन नए प्रावधानों के तहत अपने अपने कर्तव्यों का उचित निर्वहन का आह्वान किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार आलोक राज ने कहा कि मानव जीवन बहुत ही कीमती है।वही लोक कल्याणकारी राज्य में न्यायपालिका, पुलिस प्रशासन,जिला प्रशासन सभी को माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देश एवं केंद्र द्वारा पारित नए प्रावधानों का उचित अनुपालन के लिए प्रयासरत रहना है ताकि दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आए।साथ ही दुर्घटना पीड़ित को यथोचित प्रति कर प्राप्त हो।

कार्यशाला में सभी न्यायिक पदाधिकारी गण ,जिला परिवहन पदाधिकारी,जिले के लगभग सभी थानाध्यक्ष, बीमा कंपनी के पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण भी उपस्थित थे।

तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक में जोड़दार ठोकर मार दी, बाइक सवार चालक सहित दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी

सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)। सिमरी बख्तियारपुर-बलवाहाट एन.एच.107 के सरडीहा पंचायत के करझैल गांव के समीप मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार से जा रही अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक में जोड़दार ठोकर मार दी।।जिससे एक बाइक पर सवार चालक सहित दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गये।जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद एक जख्मी की स्थिति गंभीर देख बेहेतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया। दूसरे जख्मी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है।एक जख्मी की पहचान बख्तियारपुर पुलिस सर्किल क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी प्रमोद यादव के पुत्र छोटू कुमार के रूप में की गई। दूसरा जख्मी मोहनपुर पंचायत के दुधेला गांव निवासी सोनू कुमार है।घटना के संबंध में अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी छोटू कुमार ने बताया कि वह सोनू कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर सिमरी बख्तियारपुर किसी काम से आ रहा था।इसी दौरान जब वह सरडीहा पंचायत के करझेल गांव के समीप पहुंचा कि सामने की दिशा से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गये।

मुंगेर के छर्रापट्टी घाट पर गंगा नदी में डूबने से सफाई कर्मी की मौत

अजय कुमार,दैनिक शुभ भास्कर सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।नगर परिषद सिमरी बख्तियारपुर के सफाई कर्मी एवं बलथी गांव निवासी दशरथ मल्लिक (30) की मौत मुंगेर के छर्रापट्टी घाट पर गंगा नदी में स्नान के दौरान हो गई।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक गंगा स्नान करने सोमवार को अपने परिजन के साथ मुंगेर घाट के छर्रा पट्टी स्थित उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान करने गया हुआ था। इसी दौरान जैसे ही वह स्नान करने नदी में उतरा कि वह गहरे पानी में चला गया और डूब कर उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस ने घटना की सूचना एसडीआरएफ की टीम को दी। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम सोमवार शाम से ही मृतक के शव के खोजबीन में जुट गई थी। एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मंगलवार दोपहर मृतक के शव को बरामद कर लिया। मौके पर साहेबपुर कमाल थाना की पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया।इधर घटना की जानकारी मिलते ही सरडीहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राहुल सिंह, नपकर्मी हसनैन मोहसिन,महेश पासवान,संजीव मल्लिक,रंजन पासवान सहित अन्य लोगों ने मुंगेर घाट पहुंच मृतक के परिजन को सांत्वना दिया। घटना के शोक में सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र की सफाई कार्य मंगलवार को बाधित रहा।

मटेश्वर धाम में सोमवार की शाम शिवलिंग का किया गया श्रृंगार पूजा





अजय कुमार ,दैनिक शुभ भास्कर,सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)। प्रखंड की कांठो पंचायत स्थित मिनी बाबाधाम के नाम से प्रसिद्ध बाबा मटेश्वरधाम में सावन की दूसरी सोमवारी की शाम आपरूपी शिवलिंग का भव्य श्रृंगार पूजा का आयोजन किया गया। श्रृंगार पूजा से पूर्व मंदिर प्रबंधन के सदस्यों द्वारा संपूर्ण मंदिर परिसर पानी व गंगाजल से धोकर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया। इस अवसर पर श्रृंगार,आरती,भजन,कीर्तन व जागरण का आयोजन किया गया। मटेश्वर धाम मंदिर के पंडा ने बताया कि सदियों पूर्व से प्रत्येक संध्या बाबा की आरती एवं श्रृंगार करने की परंपरा है। लेकिन सावन मास के अवसर पर बाबा के श्रृंगार की अलग ही महत्व है। कहते हैं कि मनोवांछित फल प्राप्त होने पर श्रद्धालु यह आयोजन करते हैं और उनकी मनोकामना पूरी होती है। दूसरी सोमवारी के मौके पर बाबा का श्रृंगार पूजा एवं आरती का आयोजन स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा करवाया गया। इस दौरान मंदिर एलइडी लाइट एवं फूल से आकर्षक दिख रहा था। वहीं रात्रि में आयोजित भजन संध्या पर श्रद्धालु झूमते रहे। भजन संध्या का आयोजन मटेश्वर मंडली के द्वारा किया गया।भजन संध्या में ऑर्गन पर बैजनाथ, पैड पर देवन, ढोलक पर पेपलेश ने संगत किया।भजन गायक बृजेश ठाकुर,नीलू झा, सत्यनारायण साह,किशोर गुप्ता सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति भजन की प्रस्तुति कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।इस मौके पर मटेश्वरधाम मंदिर के पंडित हरेराम झा, हरिमोहन झा, अमोद झा, ललित झा एवं विधि व्यवस्था हेतु न्यास समिति के सचिव जगधर यादव, डाक एवं काँवरिया संघ के अध्यक्ष मुन्ना भगत, कृष्ण कन्हैया, सौरभ कुमार, पंडा कुंवर झा, रूपेश झा, दशरथ झा, संतोष झा, संजू झा, हरे राम झा, सहित अन्य मौजूद थे।

लिपिक के निधन पर एमएलटी कॉलेज में शोक सभा आयोजित

सहरसा/एमएलटी कॉलेज के लिपिक सच्चिदानंद चौधरी के आकस्मिक निधन से महाविद्यालय परिवार शोकाकुल है। लिपिक सच्चिदानंद चौधरी के आकस्मिक निधन पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रकोष्ठ में शोक सभा आयोजित की गई। लगभग 56 वर्षीय स्व.सच्चिदानंद चौधरी के अचानक बीमार होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दो भाइयों में स्व.सच्चिदानंद चौधरी छोटे भाई थे। उन्हें एक लड़का एवं एक लड़की है। शोक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य प्रो.डॉ.पवन कुमार ने कहा सच्चिदानंद चौधरी जी बहुत ही कर्मठ एवं ऊर्जावान व्यक्ति थे। वे छात्रों के हित में हमेशा तत्पर रहते थे। स्व.सच्चिदानंद चौधरी एमएलटी कॉलेज में लिपिक के पद पर कार्यरत थे लेकिन फिलवक्त विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में प्रति नियोजित थे। 2 मिनट का मौन रख मृत आत्मा को शांति दी गई। शोक सभा में डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ अजय कुमार दास, डॉ संजीव झा, डॉ सुमन कुमार, डॉ मयंक भार्गव, डॉ विवेक कुमार, केडी राम, आशुतोष सिंह सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

12 लीटर देशी शराब के साथ एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया

सोनवर्षा राज (सहरसा)। बसनही थाना पुलिस ने सोमवार रात गश्ती के क्रम में शशि मंडल, पिता- स्वर्गीय हुलो मंडल,ग्राम दुर्गापुर को एक साइकिल पर 12.5 लीटर देसी महुआ शराब के साथ मोकामा लोहा पुल के पास से एवं बसनही थाना कांड सं0- 72/21 के अप्राथमिकी अभियुक्त शत्रुघ्न मंडल, पिता- स्वर्गीय गंगा मंडल, साकिन- पड़रिया, काशनगर ओपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सहरसा भेज दिया।

घोषणा पुल सड़क संघर्ष मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

कोसी के दियारा क्षेत्र फरकिया में कोसी नदी पर पुल निर्माण की घोषणा से भाजपा नेता ने जताया हर्ष

अजय कुमार,दैनिक शुभ भास्कर,सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।अनुमंडल मुख्यालय के रानी बाग स्थित समदर्शी निवास में बीजेपी नेता रितेश रंजन के नेतृत्व में कोसी पीड़ित मुक्ति मंच जन संघर्ष अभियान और पुल सड़क संघर्ष मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर रितेश रंजन ने कहा कि आजादी के सात दशक बाद भी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे फरकिया इलाके में पुल निर्माण की घोषणा से एक उम्मीद जगी है।

इस पुल के लिए 80 के दशक से संघर्ष किया जाता रहा था। वर्ष 2017 में हुए अनशन ने इस मांग को जन - जन तक पहुंचाया।उन्होंने कहा कि 17 दिन तक चले इस अनशन की व्यापकता इतनी थी की कोसी इलाके के बड़े या छोटे सभी नेता आंदोलन में शरीक होने से अपने को रोक नहीं पाए थे। विधानसभा से विधानमंडल तक में डेंगराही पुल की मांग गूंज उठी थी। उस समय के तत्कालीन डीएम विनोद सिंह गुंजियाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए प्रधान सचिव से बात कर डीपीआर तैयार करवाये।उन्होंने कहा कि मैं धन्यवाद देना चाहूंगा तारकिशोर प्रसाद को जिन्होंने उपमुख्यमंत्री बनने के बाद इस कार्य में तेजी लाये। लगभग 80 प्रतिशत कागजी कार्य करवाये।जो आज पुल निर्माण टेंडर में जाने को तैयार है।प्रेस वार्ता को संबोधित कर कोसी पीड़ित मुक्ति मंच सहरसा एवं जन संघर्ष अभियान खगड़िया के अध्यक्ष दीनानाथ पटेल और सुभाष चंद्र जोशी ने कहा कि डेंगराही पुल का निर्माण हजारों लोगों के जीवन पद्धति एवं विकास के नए आयाम को खोलेगा।80 के दशक से चल रहे संघर्ष को आज सफलता मिली है।इस सफलता के लिए अनशनकारी, फरकिया की जनता और जनप्रतिनिधि धन्यवाद के पात्र हैं।पूर्व जिला पार्षद प्रवीण आनंद ने कहा कि आंदोलन कभी व्यर्थ नहीं जाता है।आंदोलन का फल देर - सबेर जरूर मिलता है।

एम्स अस्पताल के लिए 31 जुलाई को बंदी में सभी दल के नेता व कार्यकर्ता उतरेंगे सड़क पर- आनन्द मोहन

सहरसा/प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम पत्र जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार झा और संरक्षक प्रवीण आनंद, रितेश रंजन,निर्मल ठाकुर पूर्व जिला पार्षद,दीना नाथ पटेल,कोशी पीड़ित मुक्ति मोर्चा,गुणेश्वर प्रसाद सिंह कांग्रेस प्रवीण कुमार समाजसेवी ने कहा कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को यह बताना जरूरी है कि एम्स अस्पताल की जरूरत सहरसा कोशी को है। यह बात सत्य है कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार राज्य और देश हित में शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार सड़क की आधारभूत संरचना सहित अन्य क्षेत्रों में कई योजनाएं चला रही है।जबकि बिहार का शोक नदी कही जाने वाली कोशी के कारण 2008 के महाप्रलय कुसहा त्रासदी से यह क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ।जिसकी निशानी 15 वर्ष बाद आज भी मौजूद है।वही 15 वर्ष बाद भी सहरसा फारबिसगंज रेल सें सीधा संपर्क बाधित है। कुसहा त्रासदी में बाढ़ पीड़ितों का शरण स्थली केंद्र कोशी प्रमंडल, सहरसा ही था। जहां उत्तर बिहार के लगभग नौ जिले के शरणार्थी टिके थे। सहरसा इन जिलों में सबसे ऊंची भूमि पर अवस्थित है। एम्स के लिए चिह्नित भूमि सहरसा नगर निगम में ऐसी ऊंची भूमि पर अवस्थित है। जो एम्स मानदंड को पूरा करती है एवं समुद्र तल से काफी ऊंचाई पर अवस्थित के साथ हीं प्रमंडलीय मुख्यालय में है।सहरसा एम्स सभी मानदंड को पूरा करता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु सहरसा से भी नियम संगत 200 एकड़ जमीन बिहार सरकार ने मांगा था और जिला प्रशासन ने 217 एकड़ 74 डिसमिल भूमि शहरी क्षेत्र में भूमि चिह्नित कर राज्य सरकार को उपलब्ध करा दिया था। लेकिन सहरसा की भूमि केन्द्र को ना भेजकर एक जीवन प्रदान करने वाली एम्स जैसे उच्च स्वास्थ्य संस्थान को झूठ मूठ कर उलझाकर रखा गया है।वही एम्स निर्माण संघर्ष समिति,कोशी प्रमंडल,सहरसा विगत 8 वर्षों से लगातार माननीय एवं बिहार सरकार को कई बार ज्ञापन दिया गया।लाखों हस्ताक्षर अभियान हुआ। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीकों से धरना प्रदर्शन और अनशन किया गया। सहरसा,पटना और दिल्ली तक मांग के समर्थन में धरना प्रदर्शन हुआ।

ख़ास ख़बर

जिला सदर अस्पताल में ब्लड बैंक का बक्सर डीएम ने किया उद्घाटन

बक्सर (शाहाबाद) जिला पदाधिकारी बक्सर अंशुल अग्रवाल के द्वारा सदर अस्पताल बक्सर में ब्लड बैंक का उद्घाटन किया गया। जिला पदाधिकारी ने इस असवर पर विभिन्न कॉलेज के विद्यार्थियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं आम जनों से अपील किया कि रक्तदान शिविर में रक्त दान करें। जिससे ब्लड बैंक में रक्त की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहें और इलाज के दौरान आवश्कता होने पर मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके एवं उनको बचाया जा सकें। इसके लिए नियमित अंतराल पर रक्त दान शिविर लगाने को कहा गया।

40 पीस शराब के साथ धंधेबाज को पुलिस ने भेजा जेल

कोचस (रोहतास) पुलिस ने नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 के एक मकान से 40 पीस अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधे बाज को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि सोमवार की संध्या मे कोचस पुलिस के द्वारा एक विशेष टीम गठित कर अवैध शराब के विरुद्ध छप्पीमारी की गई जिसमे कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 के राजेंद्र वैध के मकान से 40 पीस एट पीएम स्पेशल ब्लैड आफ स्क्रैच इंडियन ग्रैन व्हिस्की प्रत्येक 180 एम एल अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार धंधेबाज गीतक नट उम्र 25 वर्ष पिता ऐलन नट ग्राम तथा थाना संझौली जिला रोहतास व दूसरा राजेंद्र वैध पिता दोलही वैध कोचस वार्ड0 6 थाना कोचस जिला रोहतास के निवासी है। वहीं पुलिस दोनों गिरफ्तार धंधेबाज को अपने हिरासत में लेते हुए विशेष पूछताछ के बाद मध निषेध के तहत कांड दर्ज कर नायक अभिरक्षा में जेल भेजते हुए दोनों आरोपियों का पूर्व का अपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

विद्यालय में एक शिक्षक द्वारा बच्चा से जूं निकालने का वीडियो वायरल पर बीडीओ,बीईओ ने लिया संज्ञान

दैनिक शुभ भास्कर, बनमा ईटहरी (सहरसा)। प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मकदूमपुर में एक शिक्षक पढ़ाने के वजाय आराम से अपनी कुर्सी पर बैठ वर्ग के एक बच्चा से सिर का पका बाल व जूं निकालने का वीडियो व तस्वीर तेजी से वायरल हो रहा है। एक तरफ बिहार सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कटिबद्ध है तो वही दूसरी तरफ विद्यालय के शिक्षक तार तार कर रहे हैं। वायरल वीडियो व तस्वीर बनमा ईटहरी प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मकदमपुर का बताया जाता है। जिसमें स्पष्ट देखा जा रहा है कि विद्यालय के शिक्षक कुर्सी पर बैठ बैंच पर पैर रख आराम की मुद्रा में हाथ में मोबाइल चलाते हुए बच्चों से सिर का मसाज करने के साथ साथ सिर के पके बाल और जूं निकलवा रहे हैं। दरअसल पूरा मामला प्राथमिक विद्यालय मकदमपुर स्कूल का है। मालूम हो कि इन दिनों जिले भर में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर बिहार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने एक से एक निर्देश देकर पालन करने का आदेश दे रहे हैं।ताकि शिक्षा में व्यापक सुधार हो सके।जिसके लिये जिले तमाम पदाधिकारियों को सप्ताह में दो दिन विद्यालय के निरीक्षण के साथ-साथ मोबाइल से शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करना होता है। लेकिन इन तथाकथित शिक्षकों के आगे सरकार की सभी नियम कानून फेल होते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो के आधार पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार ने संज्ञान लेते हुएं स्पष्टीकरण तलब कर पूछा है कि किस परिस्थिति में छात्रों से मसाज करवाया जा रहा था। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की जाएगी।

जानकी एक्सप्रेस में सवार युवकों ने बैग से चुराया 5 लाख रुपए के जेवरात, रेल थाना मे शिकायत दर्ज

पीड़ित पुत्री को ससुराल से विदा कर जानकी एक्सप्रेस से बनमनखी वापस जा रहे थे।

सहरसा/ इन दिनों ट्रेन में संगठित गिरोह, नशा खुरानी, पॉकेटमारी, मोबाइल चोरी, बैग चोरी और कीमती सामानों की चोरी की घटना को बखूबी अंजाम दे रहे है। ट्रेन में आपराधिक घटना को अंजाम देने वाले संगठित गिरोह ने बीते 16 जुलाई को जानकी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार पूर्णिया जिले के बनमनखी थाना क्षेत्र के बनमनखी, वार्ड नंबर 5 निवासी स्व वीर नारायण सिंह के पुत्र ओम प्रकाश सिंह और उनकी पुत्री रितु कुमारी के बैग से लगभग 5 लाख रुपए के कीमती जेवरात की चोरी कर लिया है। पीड़ित पुत्री को ससुराल से विदा कर जानकी एक्सप्रेस से बनमनखी वापस जा रहे थे। इस दौरान संगठित अपराधी गिरोह में शामिल 7-8 युवकों ने उनकी पहले रिकी किया। फिर मौका मिलते और उनका ध्यान भटकाया। जिसके बाद उनके बैग से कीमती जेवरात की चोरी कर लिया है। जिसकी लिखित शिकायत जीआरपी को दी गई है।पीड़ित ने बताया कि वे पुत्री रीतू को ससुराल से विदा कर जानकी एक्सप्रेस से वापस घर लौट रहे थे।

सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर उनके ही कोच में 7-8 युवक चढ़े। फिर वे लोग उनके सीट के आसपास बैठ गए। जैसे ही ट्रेन सोनबरसा कचहरी स्टेशन पर पहुंची। सभी युवक उन दोनों बाप-बेटी की ध्यान भटकाने के लिए आपस में गाली गलौज करने लगे। अचानक युवकों के बीच हो रही गाली गलौज से उनका और पुत्री का ध्यान भटका।तब तक ट्रेन सहरसा जंक्शन पहुंच गई थी।जहां सभी युवक ट्रेन से उतर कर गायब हो गए। जिसके बाद उनकी पुत्री को प्यास लगी। वे ऊपर के सीट पर रखे बैग से पानी के बोतल निकालने लगी तो देखा बैग खुली हुई है। बैग में रखे कीमती जेवरात की चोरी हो गई थी। उन्होंने बताया कि बैग में सोने के जेवरात सेट थे।

जिसमें सोने का एक मांग टीका,सोने की एक नथनी , सोने के तीन पीस अंगूठी, चांदी का पायल, चांदी की बिछिया सब गायब था।चूंकि जेवरात की चोरी होने की जानकरी से बेटी अचेत हो गई। जिसे किसी प्रकार लेकर बनमनखी पहुंचे। जहां उन्होंने बनमनखी रेल थाना में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया।

लेकिन बनमनखी थानाध्यक्ष द्वारा घटनास्थल सहरसा की बात बताकर सहरसा रेल थाना में शिकायत देने की जानकारी दी। जिसके बाद सहरसा पहुंचे हैं। ऐसे में शिकायत देने में देरी हुई है।उन्होंने जीआरपी थाना अध्यक्ष से जेवरात की बरामदगी की गुहार लगाई है। रेल थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जेवरात के चोरी हो जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधी की गिरफ्तारी होगी।

रेलवे ने बाढ़ को देखते हुए 200 वैगन बोल्डर व स्टोन डस्ट किए रिजर्व

सुभाष चंद्र झा/दैनिक शुभ भास्कर/सहरसा/उत्तर रेलवे में भारी बारिश ने ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दी है। लगातार उफनती नदियों के बीच मानसून को लेकर समस्तीपुर रेल मंडल ने भी अपनी तैयारियों को उच्चतम स्तर पर ला दिया है। रेल मंडल में 200 वैगन बोल्डर,स्टोन डस्ट को किसी भी आपातकालीन स्थिति को लेकर रिजर्व कर लिया हैं। वही मानसून को देखते हुए रेल मंडल में नदियों से सटे हुए रेलवे ट्रैक पर विशेष निगरानी करने के सख्त निर्देश भी दे दी गई है।

रेलवे की माने तो फिलहाल कोसी नदी से जुड़े इलाकों पर विशेष सतर्कता बढ़ती जा रही हैं। इसके अलावा बागमती के उफान पर भी रेलवे की नजर है। ऐसे में कोसी, अधवारा समूह की नदियों के सटे रेलवे ट्रैक पर पेट्रोलिंग को तेज कर दिया गया है। नेपाल बैराज से बारिश के पानी छोड़े जाने के कारण कई बार रेलवे ट्रैक पर परिचालन बाधित होती है।ऐसे में नेपाल से आने वाली नदियों के डिस्चार्ज को लेकर रेलवे राज्य के साथ संपर्क में है। रोजाना डिस्चार्ज की रिपोर्ट ली जा रही है। उसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। जिससे रेलवे पुल पर बढ़ते पानी के दबाव को समय रहते आकलन किया जा सकेगा।रेल पुल पर लगे उपकरणों के सहारे भी डिस्चार्ज की स्थिति रेलवे को मिलती रहेगी।

रिक्शा-तांगा यूनियन जयनगर के नेतृत्व में तांगा चालकों के द्वारा तांगा के साथ रैली निकाला गया

जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/तांगा चालकों को पर रेल कस्टम और स्स्क्र के द्वारा किये जा रहे दमन के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान करेगी युनियन।-भूषण सिंह जयनगर, रिक्शा-तांगा युनियन जयनगर के द्वारा रेल्वे स्टेशन परिसर में तांगा चालकों का बैठक चालक सावीर के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में चालकों से जूड़े समस्याओं के समाधान हेतु विचार विमर्श किया गया और चालकों ने तांगा के साथ स्टेशन परिसर से दर्जनों चालकों ने युनियन के सचिव भूषण सिंह के नेतृत्व में रैली निकाला जो शहीद चौक मैन रोड महावीर चौक भेलवा चौक ब्लॉक रोड पटना गद्दी चौक होते हुए स्टेशन चौक पर साभा में तब्दील किया गया सभा को संबोधित करते हुए भूषण सिंह अनुमंडल सचिव रिक्शा-तांगा युनियन जयनगर ने कहा कि तांगा चालकों के गुजर वसर के जयनगर मारर नेपाल तक सवारी लेकर आते जाते है। लेकिन नेपाल सीमा पर कार्यरत कस्टम और एसएसबी के द्वारा अनावश्यक परेशान करने के साथ साथ रेल्वे स्टेशन परिसर में रेल्वे प्रशासन के द्वारा भी दमनकारी व्यवहार किया जाता है जिसका युनियन निन्दा करती है और चालकों हो रहे प्रशासनिक दमन के खिलाफ संबंधित अधिकारियों को शिकायत पत्र समर्पित करते हुए आंदोलन तेज करने का आह्वान किया गया। बैठक व रैली में साविर सुरेंद्र राम शौकत सुन्नत दुखरन दास मुस्तफा सर्फराज छोटु मंसूरी ब्रह्मदेव राम श्री राम सहित कई चालकों ने संबोधित किया।

विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ.अशोक कुमार की अध्यक्षता में पैट 21 के नामांकित छात्रों का हुआ इंडक्शन कार्यक्रम

मधेपुरा।भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में पैट 21 के नामांकित छात्रों का इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष सह संकायअध्यक्ष वाणिज्य डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें मानविकी संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ विनय कुमार चौधरी, डॉ पी एन सिंह, डॉ मोनिका, डॉ योगेश पांडे, डॉ सूरज कुमार एवं डॉ प्रफुल्ल कुमार द्वारा उद्बोधन किया गया। डॉ योगेश पांडे द्वारा पैट- कोर्स वर्क के पेपर फर्स्ट और पेपर सेकंड के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। डॉ मोनिका द्वारा पीएचडी के सही मायने बताए गए कि पीएचडी दर्शन और ज्ञान का सागर है। डॉक्टर पी एन सिंह द्वारा शोध कार्य हेतु बारीकियों पर प्रकाश डाला गया तथा विश्वविद्यालय द्वारा आधारभूत संरचना उपलब्ध न होने की बात भी कहा गया। डॉ सूरज कुमार द्वारा ध्यान एवं योग पर प्रकाश डालते हुए सकारात्मक ऊर्जा द्वारा कार्यों को करने के महत्व को बताया गया। वहीं मौके पर विभागाध्यक्ष द्वारा सभी शोधार्थियों को 75% उपस्थिति कि अनिवार्यता के साथ - साथ विभागीय सहभागिता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित शोधार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस मौक़े पर डॉ संजय परमार भी उपस्थित रहे।

बीईओ ने विद्यालय का निरीक्षण, व्यवस्थित मिलने पर जताया संतोष

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो0 कलीमुद्दीन ने मंगलवार को तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति में सुधार लाने सहित अन्य निर्देश दिए। वे सबसे पहले मध्य विद्यालय मोहनपुर पहुंचे वहां उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से समय से बच्चों को विद्यालय में लाने को कहा। उसके बाद प्राथमिक विद्यालय बहुआरा अन्त में उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय जोरावरपुर निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से कहा कि जो बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं उसके घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित करें। विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों को बच्चों तथा अभिभावकों से संपर्क रखना जरूरी है।

उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों तथा प्रधानाध्यापक से कहा कि साफ-सफाई और समय से कक्षा का संचालन करना शिक्षकों की जिम्मेवारी है। कक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि दोपहर के भोजन में गुणवत्ता मेनू का पालन, समय से कक्षा का संचालन, विद्यालय में साफ-सफाई की नियमित जांच की जाएगी। इसके लिए प्रधानों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। ऊपर से मिले निर्देश को निचले स्तर तक लागू कराने के लिए प्रत्येक दिन विद्यालय की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी विद्यालय में गड़बड़ी मिलती है तो वहां के प्रधान तथा अन्य के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही होगी।

प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

काराकाट (रोहतास) मंगलवार को प्रखंड स्थित काराकाट के निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट-सिद्धार्थ कुमार का भव्य विदाई सामारोह सह प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट-राहुल कुमार सिह का सम्मान सामारोह आयोजित किया गया।जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ काराकाट सह मुखिया अमरथा-विजय सिह एंव संचालन-जितेन्द्र सिंह दनवार मुखिया के द्वारा किया गया।निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी -सिद्धार्थ कुमार के विदाई सामारोह में उनके स्वागत के लिए थार गाड़ी को दुल्हन के जैसा सजाया गया घोडा बैंड बाजा इत्यादि से उन्हें काफी काफिले के साथ काली मंदिर बहुआरा स प्रखंड मुख्यालय लाया गया। विदाई सामारोह मुख्यपार्षद मुन्ना भारती, पूर्व उपप्रमुख अभिभावक-दिलिप राम एंव प्रखंड कार्यालय के द्वारा भव्य विदाई सह सम्मान सामारोह आयोजित हुआ। साथही सेवानिवृत्त बडाबाबू-साजिद परवेज एंव परिचारी-हीरा राम का भी विदाई किया गया। पूर्व उपप्रमुख दिलिप राम के द्वारा निवर्तमान-प्रखंड विकास पदाधिकारी-सिद्धार्थ कुमार को चांदी की मुकूट पहनाकर सम्मानित किया गया।साथही मुख्यपार्षद अभिभावक मुन्ना भारती द्वारा अंगवस्त्र एंव बूके से सम्मानित किया गया।साथ ही सभी प्रतिनिधि एंध प्रखंड के कर्मी ,सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा अंगवस्त्र एंव बूके से दोनो पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। मौके बीपीआरो-रेणुका कुमारी, द्यआरो-जितेन्द्र कुमार, मनरेगा पीओ-राजेश कुमार, प्रभारी सीडीपीओ-रूबी कुमारी,बीसी-मो.अशरफ अली,बडाबाबू-बिष्णु शंकर,अबूल हयात, मुखिया किरही धर्मेन्द्र साह,मुखिया सोनबरसा-रविशरंजन सिह, मुखिया मोथा, देव पंचायत समिति-अकबर,राजमुख ,विकास यादव,विक्की यादव ,अनिल सिह, बबन पासवान, शिक्षक-अनिल कुमार पासवान, दिनेश दिनकर इत्यादि।

कृषि विभाग इक्षुक किसान को देगा पौधा

दावथ (रोहतास) प्रखंड कृषि विभाग द्वारा इक्षुक किसानो को लकड़ी व वन्य पौधे उपलब्ध करायेगा। इसकी जानकारी देते हुए कृषि व बागवानी के सहायक तकनिकि प्रबंधक आशुतोष कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा जो किसान लकड़ी वाला या वन्य पेंड़ का पौधा लगाना चाहते हैं।उनको पौधा दिया जायेगा। अभी शीशम सागवान,मोहगनी तथा लकड़ी वाले पौधे उपलब्ध हैं। जिनको पौधे लेने हैं,वे ई किसान भवन में आकर अपना नाम दर्ज करा लें। साथ ही कौन पौधा लेने के इक्षुक हैं,वह भी दर्ज करा लें।

दुर्घटना इसके चपेट में अक्सर लोगों हो जाते है दुर्घटना

केसठ-परमडीह के सड़क किनारे लगी झाड़ियां मौत को दे रही आमंत्रण, जिला प्रशासन व वन विभाग बनी है मूकदर्शक

केसठ (बक्सर) प्रखंड केसठ से परमहडीह एनएच 319 से जोड़ने वाली मुख्य सड़क के किनारे घनघोर बबूल,जंगली पौधो की लगी घनी झाड़ियां दुर्घटना दे रही है आमंत्रण। जो आने जाने वालों वाहन चालकों लिए परेशानी का सबब बन गई हैं। साथ ही साथ पैदल चलने वालें राहगीरों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिस समस्या के उपर स्थानीय अधिकारी मौन साधे है। दूसरी तरफ पेड़ों के टहनियां बढ़ने से वह सड़क के बीचों-बीच आ गई हैं। जिसके चपेट में अबतक दर्जनों बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। क्योंकि तेज रफ्तार से आ रहें वाहन चालक एकाएक सड़क के मोड़ पर इसके चपेट में आ जाते है। जिस घटना में कितने लोग वाहन के टक्कर से कंटीली झाड़ियों में गिर बुरी तरह फंस घायल हो चुके हैं। जो अब दिनों दिन मुख्य सड़क पर अक्सर रातों में दुर्घटना का मुख्य जोन बनता जा रहा है।

यदि तत्काल स्थानीय प्रशासन इन झाड़ियों नहीं साफ कराते हैं तो यह कभी भी बड़ी मौत जैसी दुर्घटना को अंजाम देने के लिए तैयार है। वही वाहन चालकों की माने तो इस सड़क पर रात्रि में वाहन चलाने में काफी कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है। क्योंकि झाड़ी होने की वजह से दोनो तरफ की नहर भी दिखाई नही पड़ती है।

वही कुछ सालो की आंकड़ों की माने तो झाड़ियों की आड़ में कितनी बार दिनदहाड़े अपराधी लूटपाट घटना को भी अंजाम दे चुके है।जहां घनी झाड़ी होनी की वजह से लोग दिन में भी अब भयभीत नजर आते है।

साथ ही साथ घनी झाड़ी होने की वजह से कितनी बार जंगली जानवर सड़क के एक तरफ से दूसरे तरफ आचानक आते जाते है।

जिससे ना जाने कितनी बार वाहन चालक चोटिल हो चुके है। इस संबंध में वाहन चालक इंद्रजीत, धीरज, प्रिंस चौधरी, अजीत गुड्डू सहित अन्य का कहना है कि इतनी गंभीर समस्या होने के बाद भी जिला प्रशासन सहित वन विभाग मूकदर्शक बना हुआ हैं।

कूडा डपिंग-जल जमाव से लोगों का जीना हुआ मुश्किल, प्रदूषित जल से संक्रमण बिमारी फैलने का बढ़ा खतरा

डुमरांव (बक्सर) नगर परिषद क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या जो वातावरण को लंबे समय से प्रदूषित कर रहीं। वह वार्ड संख्या 33 के संत कालोनी में लंबे समय से जल जमाव, जिसका सड़ाध बदूब से सफाखाना रोड में आवागमन करने वाले लोग व इसके आस-पास रहने वाले लोग परेशान है। जल जमाव से सटे घरों में लगे चापाकल से पानी खाना में उपयोग नहीं होता है. आरओ का पानी उपयोग करते है. नहाने से शरीर में चर्म रोग संबंधित रोगों के चपेट में आ रहे है. वहीं नहर से सटे सड़क किनारे नगर परिषद द्वारा कूडा डपिंग कराने से लोगों को आवागमन में परेशानी तो होती है, पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। क्या कहते है चेयरमैन व वार्ड-वार्ड सदस्या मीरा देवी व प्रतिनिधि रवि ठाकुर ने कहां कि वार्ड की दोनों समस्याओं को होने वाली बोर्ड की बैठक में प्रमुखता से रखा जाएगा। वहीं चेयरमैन सुनीता गुप्ता व प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने कहां कि नगर परिषद क्षेत्र के लिए सबसे बड़ी समस्या है, इसको बोर्ड की बैठक में इसका निदान किया जाएगा। शहर में जल जमाव पर होगी विशेष पहल-नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अनिरूद्ध कुमार ने इस बाबत कहां कि नगर परिषद क्षेत्र में कूड़ा डपिंग को लेकर पांच एकड जमीन की चाहिए। इसको लेकर नगर परिषद प्रशासन गंभीरता पूर्वक जमीन की तलाश को लेकर सीओ डुमरांव को लिखेगा, ताकि जमीन मिले। इसके बाद जगह जगह कूडा डपिंग करना बंद होने से समस्या का निदान हो जाएगा। वहीं लंबे समय सफखाना रोड संत कालोनी में जल जमाव को लेकर कहां कि शहर में होने वाले जल जमाव पर गंभीरता से पहल होगा। ताकि वातावरण प्रदूषित न हो।

ख़ास ख़बर

450000 रुपए की जालसाजी व धमकी देने के जुर्म में एक व्यक्ति गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/कैमूर- जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा 450000 रुपए की जालसाजी व धमकी देने के जुर्म में एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार। थाना अध्यक्ष संजय कुमार से मिली जानकारी के अनुसार,थाना क्षेत्र अंतर्गत मेउड़ा ग्रामवासी रामा शंकर प्रसाद पिता भागीरथ प्रसाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरी में सीएसपी चलाते हैं। जिनके यहां से विश्वास में जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सहुका ग्रामवासी इंद्रजीत कुमार पिता अरुण सिंह के द्वारा सीएसपी संचालक से विश्वास बना कर 450000 रुपए अपने खाता में डलवाया गया, पर पैसा वापस नहीं किया गया। आरोपी द्वारा पुनः पैसे का मांग किया जाने लगा, तो सीएसपी संचालक ने कहा कि पहला पैसा भुगतान कर दो, तो फिर आगे सोचा जाएगा पर आरोपी द्वारा हाथ पैर तोड़ने एवं जान से मारने की धमकी दिया जाने लगा। जिसके विरुद्ध सीएसपी संचालक द्वारा कुदरा थाना में मामला दर्ज कराया गया। थाना प्रशासन द्वारा मामला दर्ज कर अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि आवेदक द्वारा लगाए गए आरोप सत्य है। जिसके जुर्म में आरोपी को गिरफ्तार कर स्वास्थ्य जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

ट्रक ने मारी टक्कर दो मोटरसाइकिल सवार घायल



दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कुदरा सदर/कुदरा- (कैमूर) प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 2 सकरी डाक घर के पास ट्रक चालक ने मारी टक्कर मोटरसाइकिल सवार दो घायल। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत गजराढ़ी ग्रामवासी दया पासवान मोटरसाइकिल से अपनी बहन के साथ सकरी डाकघर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 2 को पार कर रहे थे, जिस क्रम में तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूपी 38 टी 73 74 की चपेट में आ गए, जिससे कि दोनों घायल हो गए। आसपास उपस्थित लोगों द्वारा दुर्घटना की सूचना थाना प्रशासन को दिया गया सूचना के मिलते हैं थाना अध्यक्ष संजय कुमार के निर्देश में थाना प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर आसपास उपस्थित लोगों के सहयोग से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

काले हिरण के हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार 6 फरार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/कैमूर- वन प्रमंडल क्षेत्र चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करजी गांव में काले हिरण की हत्या कर मांस खाने की तैयारी में लोग जुटे हुए थे, तभी वन विभाग को गुप्त सूचना मिली की कुछ लोग काले हिरण की हत्या कर मांस खाने के लिए इकट्ठे हुए हैं। गुप्त सूचना की आधार पर वन विभाग की टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बरामद किया गया। पुलिस टीम को देखकर आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए। वही फुटेज के आधार पर एक आरोपी को खरीगांवा के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने 6 अन्य लोगों का भी नाम बताया है, जो काले हिरण की हत्या करने में सम्मिलित थे। वन विभाग द्वारा 6 लोगों पर वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई किया जा रहा है। पकड़े गये आरोपी द्वारा स्वीकार किया गया कि वह काले हिरण का पैर धारदार हथियार से काट रहा था। अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

रानी सती दादी मां का हुआ भव्य श्रृंगार, कलकत्ता की भजन मंडली से भजन सुन झूम उठी महिलाएं



ANA/Arvind Verma/खगड़िया (बिहार)। श्री दादी भक्त मंडल के तत्वावधान में दादी मां की पूजा अर्चना की गई। सैकड़ों महिलाओं ने सर्व सुहागन के लिए मां के मंगल पाठ में हिस्सा लिया।भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्याम अग्रवाल, कोलकाता की भजन मंडली ने एक से बढ़ कर एक भजन से श्रद्धालुओं का मन मुग्ध कर लिया। महिलाएं रानी सती दादी मां की गीतों पर नाचती झूमती नज़र आई। आकर्षक झांकियां भी प्रदर्शित की गई। जमालपुर गोगरी से भी भक्त यहां पहुंचे, जिनमें कैलाश केजरीवाल प्रमुख हैं। जय दादी, जय दादी के उद्घोष से हॉल गूंज उठा। भ्रूण हत्या रोकने से संबंधित गीत पर महिलाएं झूम उठी। रानी सती दादी मां का इतिहास द्वापर युग से जुड़ा हुआ है। महाभारत युद्ध के दौरान जब अभिमन्यु की मृत्यु हो गई थी, तब उसकी पत्नी और राजा विराट की पुत्री उत्तरा अपने सेवक राणा के साथ रणभूमि पहुंची थी। रानी उत्तरा अपने पति अभिमन्यु के मृत शरीर के साथ सती होना चाहती थी। इस कारण उन्होंने अपने सेवक राणा को जंगल में लकड़ियां चुनने को भेजा। स्वयं

भजन संध्या का आकर्षण बनी सुसज्जित झांकियां व भाव मृत्य

वासुदेव कृष्ण ने चिता में अग्नि प्रज्वलित की थी। मरने से पहले उत्तरा ने अपने सेवक राणा से कहा था कि उनकी चिता के राख को लेकर घोड़े से कूच करें और जहां, जिस जगह उनका घोड़ा रुके वहीं पर त्रिशूल रूप में उनका मंदिर बनवा दें, सेवक राणा की भक्ति से प्रसन्न होकर ही उत्तरा ने मंदिर का नाम रानी सती रखने का आदेश दिया था। राजस्थान के झुंझुनू में शहर के बीचों-बीच रानी सती मंदिर स्थित है। यह देश के प्रमुख दर्शनीय स्थलों के अलावा भारत के सबसे अमीर मंदिरों में भी शुमार है। रानी सती दादी मां मारवाड़ी समाज की कुल देवी भी मानी जाती हैं। राजस्थानमें स्थित मुख्य मंदिर बाहर से देखने पर किसी राजमहल जैसा दिखाई पड़ता है। पूरा मंदिर संगमरमर से बना हुआ है। इसकी बाहरी दीवारों पर शानदार रंगीन चित्रकारी की गई है। रानी सती का यह मंदिर सम्मान, ममता और स्त्री शक्ति का प्रतीक है। उक्त अवसर पर उपस्थित थे कैलाश केजरीवाल, राजेश बजाज, दीपक मोटानी, त्रिभुवन केडिया, प्रमोद केडिया, राजेश बजाज (अध्यक्ष), प्रशांत खंडेलिया, संदीप केडिया, गणेश अग्रवाल, संगीता बजाज, अनिल नरनोलिया, इंदल बजाज, इंदराज कोठारी, पद्म जगनानी, संजय पालड़ीवाल, विजय बजाज तथा रघु बजाज आदि।

अध्यक्ष राजेश बजाज, सचिव सुरेश केजरीवाल तथा संयोजक दुर्गा सर्राफ एवं उनकी कमिटी के सभी सदस्यों की सहभागिता काफी सराहनीय रही। प्रसाद वितरण के साथ साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया।

बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

बिक्रमगंज (रोहतास) बिजली की चरमरायी स्थिति से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला। सोमवार को करीब 8 बजे बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। बिजली आपूर्ति के बंद होने के बाद जब तीन घंटे तक जब बिजली नहीं आपूर्ति की गयी तो इटिम्हा गांव के करीब 50 से ज्यादा की संख्या में लोग गोड़ारी पीएसएस पहुंच गये। इसके बाद क्षेत्र के लोग पीएसएस पहुंचने लगे। पीएसएस पहुंच कर बिजली आपूर्ति नहीं होने पर काफी नोक झोंक हुआ। 33 केवी फॉल्ट की बात कह बिजली कर्मी ने पल्ला झाड़ दिया । लोगों को कहना था कि प्रतिदिन 33 हजार का फॉल्ट होता है तो क्यों नहीं इसे ठीक किया जाता है। अक्सर रात्रि में बिजली काटी जाती है। आक्रोशित लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी, एसडीओ, कनीय अभियंता तथा गोड़ारी पीएसएस के कर्मी बिजली की जानकारी लेने पर कोई भी फोन रिसीव नहीं करता है।

मजबूरन गोड़ारी पीएसएस आना पड़ता है। बताया गया कि उमस भरी गर्मी से परेशान है। उसमें बिजली काट कर परेशान किया जाता है। बदहाल बिजली की जब तीनों अधिकारियों से जानकारी लेने की कोशिश की गयी तो एक भी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया। इसकी जानकारी काराकाट थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को दी गयी तो थानाध्यक्ष ने विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर लोगों को बताया कि एक बजे बिजली बहाल की जाएगी। पीएसएस पहुंचे लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारे लगाये।

तालाबंदी को धमकी दी गई, कहा कि अगर निर्वाध रूप से बिजली आपूर्ति नहीं की जाएगी ,तो सबसे पहले तीनों अधिकारियों को हटाने की मांग की जाएगी , पीएसएस गोड़ारी में तालाबंदी भी होगा। ताकि बिजली विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी तनासाह एवम निकम्मा काम चोर हो गए है।

सैकड़ों लोगों ने बताया कि इन कर्मचारियों और अधिकारियों के विरुद्ध धाकम मुकम प्रदर्शन किया जाएगा जिसका सारा जबाव देही विभाग पर होगा।

शक्ति दिवस का आयोजन

सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान /उदयपुर/ एनीमिया मुक्ति के लिए जरूरी है पोषण युक्त आहार - सीएमएचओ शरीर को एनीमिया रोग से बचाव के लिए पोषक तत्व युक्त संतुलित आहार और आयरन युक्त फल सब्जियां खाने से इसकी कमी को दूर किया जा सकता है ।ये जानकारी मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दी। एनीमिया मुक्ति के लिए हर मंगलवार को स्कूल, आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र पर शक्ति दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें बच्चों, किशोर -किशोरी, धात्री महिला ,गर्भवती महिला की एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई और आई एफ ए की दवा दी गई। इस दवा से आयरन की कमी को दूर करने के फायदे बताए गए साथ ही पोषक और संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई । अति.मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने बताया कि आयरन फोलिक एसिड दवा लेने से शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा पूरी हो जाती है और शरीर में खून की कमी दूर हो जाती है।

तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन की बैठक संपन्न

सिकन्दरपुर,बलिया।तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन सिकन्दरपुर की एक बैठक मंगलवार को ऐडवोकेट अवनि कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई।इस में यहां के तहसीलदार श्रवण कुमार राठौड़ का स्थानांतरण ललितपुर हो जाने के बावजूद यहीं जम कर न्यायिक/ प्रशासनिक पत्रावलियों को निस्तारित करने के कार्य पर आक्रोश व्यक्त किया गया।साथ ही एक प्रस्ताव पास कर प्रत्येक दशा में कार्य न करना एवं स्थानांतरण के बावजूद किये जा रहे न्यायिक कार्य का विरोध किया गया।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उनके अवमुक्त होने तक तहसीलदार तथा तहसीलदार न्यायालय का बहिष्कार किया जाएगा।इस दौरान ज्ञानप्रकाश तिवारी विजेंद्र कुमार श्रीवास्तव श्री राम राम वेदप्रकाश वर्मा लखुराम यादव नंदलाल वर्मा उमेशचंद प्रेमनारायण सिह राजकुमार शिवेंद्र प्रताप धनंजय कुमार शिवजी राय जितेश कुमार वर्मा सुधीर श्रीवास्तव इरफान अंसारी विजय शर्मा जयशंकर अशोक श्रीवास्तव अमरनाथ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में हड्डी टूट जाए तो इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल ही जाना पड़ेगा- सिविल सर्जन डॉ मीना कुमारी

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/कैमूर जिला के भभुआं सदर अस्पताल में भभुआ थाना क्षेत्र के कुंज गांव निवासी शेख इश्तियाक अली के लड़के, जो कि एक गरीब परिवार से आते हैं, का कुलह की हड्डी टूट गई थी जिसका इलाज के लिए वह सदर अस्पताल आए हुऐ थे जिसको डॉक्टर के द्वारा देखकर बताया गया कि आप को इलाज के लिए सदर अस्पताल के सामने प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ेगा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवाना पड़ता है इस मामले की जानकारी जब सिविल सर्जन डॉक्टर मीना कुमारी से लिया गया तो उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले तक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर थे अब उनका ट्रांसफर हो गया है इसलिए अब सदर अस्पताल में हड्डी रोग का लिए इलाज नहीं हो सकता है। वही जब डीएस से मामले की जानकारी ली गई तो उन्होंने मरीज को एडमिट करा कर इलाज शुरू करवा दिया। बिहार सरकार सरकारी अस्पतालों में करोड़ों खर्च कर सुविधा के नाम पर लोगों को ठगने का काम कर रही है।

डॉक्टर के इलाज न करने व अभद्र व्यवहार करने के कारण अस्पताल में मरीजों के परिजन ने जमकर काटा बवाल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/कैमूर जिला के भभुआ सदर अस्पताल में मरीजों ने जमकर काटा बवाल दरअसल मामला सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में एक मरीज के साथ डॉक्टर कमलेश प्रसाद ने अभद्र व्यवहार करते हुए मरीज को देखने से इंकार कर दिया है जिससे नाराज मरीजों ने हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक मरीज हाथ का इलाज करवाने के लिए सदर अस्पताल आया हुआ था जिसको डॉक्टर ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए इलाज करने से मना कर दिया है। अस्पताल में आए हुए मरीजों के जानकारी के अनुसार डॉक्टर अपने रेस्ट रूम में बैठे रहते हैं और मरीज बाहर लाइन में खड़े घंटों इंतजार करते रहते हैं।

आयुक्त खाध सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर एंव डां शंकर एच बामनिया के निर्देश अनुसार



विशाखा व्यास/दैनिक शुभ भास्कर/ उदयपुर/राजस्थान /आज खैरवाडा में एक दिवसीय फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन का शिविर लगाया गया जिसमें खैरवाडा, नया गाँव, कल्याणपुर आदि के किराणा, होटल, रेस्टोरेंट्स, दुध डेयरी से सम्बन्धित व्यापारियों ने बढ चढ कर भाग लिया एवं अपने फूड लाइसेंस हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये। शिविर में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें लाइसेंस हेतु 7 आवेदन एवं रजिस्ट्रेशन हेतु 18 आवेदन प्राप्त हुए। खाध सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने व्यापारियों को खाध सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के सम्बन्ध में बताया तथा अपील की दौराने निरीक्षण बिना फूड लाइसेंस व्यापार करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी अतः खाध वस्तुओं से सम्बन्धित किराणा, होटल, रेस्टोरेंट, बेकरी, मिष्ठान्न भंडार, दुध डेयरी आदि सभी व्यापारी 12 लाख वार्षिक से कम टर्न आवर पर खाध रजिस्ट्रेशन एवं 12 लाख वार्षिक से अधिक टर्न आवर होने पर लाइसेंस अवश्य बनावें।

जमीनी विवाद जमीनी विवाद में बाइक पर सवार बदमाशों ने गोलीबारी कर दहशत फैला दी।

छोटा पचगढ़ में जमीनी विवाद में 2 पक्षों के बीच चली गोली, जांच में जुटी ओपी पुलिस

साहिबगंज- जिरवाबाडी ओपी थाना क्षेत्र के छोटा पचगढ़ ज्योतिया मोड़ में मंगलवार को अहले सुबह 2 पक्षों के बीच चली आ रही जमीनी विवाद में बाइक पर सवार बदमाशों ने गोलीबारी कर दहशत फैला दी।

उधर गोलीबारी होने की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची ओपी पुलिस को देख बदमाश बाइक छोड़ भाग निकले।जहां जिरवाबाड़ी ओपी थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने वारदात की छानबीन की। वहीं ओपी पुलिस ने वारदात स्थल से 5 बाइक जेएच 17 जेड 8346, जेएच 18 डी 3438, जेएच 17 एन 7209, जेएच 18 सी 1210 एवं जेएच 18डी 3770 को मौके पर से जब्त करते हुए थाना ले आई है।

वही घटना को पीड़िता महिला धनिया देवी ने पुलिस को बताया कि उनकी जमीन पर धारा 144 लगा हुआ है फिर भी दूसरे पक्ष के लोग जमीन की घेराबंदी कर रहे थे। इस दौरान जब उन्होंने मना किया तो बदमाशों को बुलाकर उनपर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है।

वही पीड़िता महिला के भतीजे अजय कुमार रिखयासन ने बताया कि जिस जमीन को लेकर यह विवाद चल रहा है यह उसकी मौसी की है जिसमें योगेंद्र पासवान व उर्मिला देवी लगभग 12 वर्षों तक उसके घर में रहे।वही घर में रहते हुए मौसी से इंदिरा आवास के नाम पर टिप्पा ले लिया था और अब जमीन पर दावा कर रहा है।उधर मामले को लेकर पहले भी पुलिस को शिकायत की गई थी।

इधर दूसरे पक्ष की उर्मिला देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि अपनी ज़मीन पर निर्माण कार्य कर रही थी तभी अनिल रिखियासन, सुनील रिखियासन, झालिया देवी, टुमिया देवी, प्रमिला देवी सहित अन्य 40 से 50 लोगों ने घर पर चढ़ाई कर गेट व खिड़की तोड़ दी।वही उनके घर के गोदरेज में रखा हुआ 4 लाख रुपया लूट लिया और 1.5 लाख का जेवरात लेकर चले गए।इधर जिरवाबाड़ी ओपी प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने बताया कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है जो भी शख्स इस गोलीबारी की घटना में शामिल होगा उसे चिन्हित करते जेल भेज दिया जाएगा।

नये बीडीओ का लोगों ने किया स्वागत

बिक्रमगंज (रोहतास) काराकाट जदयू प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह ,जदयू जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा सहित पार्टी के अन्य प्रवक्ताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार को संयुक्त रूप से अंगवस्त्र से सम्मानित किया। तत्पश्चात जदयू प्रखंड अध्यक्ष सहित अन्य प्रवक्ताओं ने प्रखंड में अधूरे पड़े विकास कार्यो एवं अन्य मूलभूत समस्याओं के प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया। उसके उपरांत बीडीओ श्री कुमार ने जनप्रतिनिधियों की बातों को सुनते हुए आश्वस्त करते हुए कहा कि इसमें आप सबों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में अभी तक जो भी अधूरे कार्य पड़े है, उसे अविलंब पूरा किया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह , जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा ,जदयू प्रवक्ता दिनेश सिंह , जिला सचिव जय शंकर पटेल मौजूद थे ।

बाइक सवार बस में टक्कर मार हुआ जख्मी

करगहर (रोहतास) मगंलवार को सहुआर गांव के समीप खड़ी यात्री बस में कावरिया का बाइक टकराने से बाइक सवार कांवरिया बुरी तरह जख्मी हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

जिसे पीएचसी में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के बाद उसे घर भेज दिया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि कोचस थाना क्षेत्र के सेमरियां निवासी मुन्ना सिंह गुप्ता धाम से जलाभिषेक कर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे कि सहुआर गांव के समीप बाइक चलाने के दौरान उन्हें झपकी आ गई।

जिससे वे सड़क के किनारे खड़ी यात्री बस में टकराकर बुरी तरह जख्मी हो गए।

उन्होंने बताया कि थकान होने की वजह से उन्हें बार-बार नींद आ रही थी।

मीटर बाईपास बिजली चोरी में दो उपभोक्ता पर लगा 265973रु का जुर्माना

बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर मंगलवार को एक जांच दल का गठन किया गया।

जांच दल द्वारा प्रखंड सूर्यपुरा के ग्राम-बारुण ताढ में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चलें कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर सीताराम सिंह पिता-स्व. मंगरु सिंह पर 113489 रुपये तथा विजय सिंह, पिता-स्व. रामनाथ सिंह पर 152484 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है।

उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी।

जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था।

ख़ास ख़बर

झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक द्वारा तालझारी प्रखंड कार्यालय प्रांगण में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन आयोजित

तालझारी– बुधवार को झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की ओर से जिलाध्यक्ष रंजीत यादव की अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल कार्यालय तालझारी के प्रांगण में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस एकदिवसीय धरना का संचालन समाजिक कार्यकर्ता रणधीर प्रसाद के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से बाकुडी बाजार में प्रस्तावित स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण अन्यत्र जगह करने के पहल का विरोध प्रकट करते हुए उसे उचित स्थान पर निर्माण कराये जाने की मांग की गई। इसके अलावा बाकुडी बाजार के नाम से संचालित आंगनबाड़ी केंद्र जो अन्यत्र संथाली जन्म टोला में चल रहा है उसे उचित स्थान पर स्थानांतरित करने का मांग किया गया। वही तीसरा मांग मजदूरों का मजदूरी बैंक खातों में निर्गत करने की मांग की गई। वही चौथा डीएमएफटी फंड का दूरूपयोग बंद कर उचित मद में खर्च करने की मांग की गई। वही पांचवां सभी पंचायतों में मनरेगा योजना से कम से कम पांच योजनाओं का क्रियान्वयन स्वीकृति हों। इस एकदिवसीय धरना में मुख्य रूप से संघ के महामंत्री राजकुमार यादव, प्रमंडलीय संयोजक चंचल यादव, जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

मोहनपुर पंचायत में झामुमो पार्टी ने किया कमेटी गठन

उधवा– प्रखंड क्षेत्र में झामुमो पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पंचायत कमिटी का गठन करने की प्रक्रिया में लगे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मोहनपुर पंचायत कमेटी का गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जहां पर्यवेक्षक उधवा प्रखंड उपाध्यक्ष किनू सोरेन तथा सकल हेम्ब्रम की मौजूदगी में पंचायत कमेटी का पुनर्गठन किया गया। साथ ही मोनोटेरिंग कर रहे झामुमो पार्टी के उधवा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनवारूल हक भी शामिल रहे। इस दौरान मंगल मरांडी को पंचायत अध्यक्ष, चंदराय सोरेन को सचिव, स्टेनशिला टुडू को उपाध्यक्ष, मुस्तफा शेख को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया जहां सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर बीस सूत्री सदस्य मो. ताजदार, हाजी जोयेद अली, खबरुद्दीन, मैमुल शेख़, शौकत शेख़, मुखिया भैया किस्कू सहित अन्य मौजूद थे।

खाना बनाने के दौरान कपड़ा में आग लगने से गंभीर रूप से झुलसी महिला, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

साहिबगंज– बरहेट थाना क्षेत्र के हिरणपुर गांव में लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने के दौरान मरामोय किस्कू उम्र 35 वर्ष पति तालू सोरेन के कपड़ा में आग लगने से गंभीर रूप से जलकर घायल हो गई। जहां महिला के परिजनों ने उसे बरहेट हॉस्पिटल लेकर गए जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया। उधर सदर अस्पताल में आग से झुलसी महिला का इलाज चिकित्सक की देखरेख में किया जा रहा है।

नामांकन फीस ज्यादा वसूलने को लेकर पूर्व छात्रों ने जताया विरोध, ऑनलाइन शुल्क कहकर वसूला जा रहा था 50 से 100 रुपया

बरहरवा– जिले के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के श्रीकुंड स्थित +2 मिल्लत उच्च विद्यालय में छात्रों के नामांकन के दौरान ज्यादा फीस वसूलने के मामले को लेकर उच्च विद्यालय के पूर्व छात्रों ने विद्यालय कार्यालय में जाकर प्रभारी प्रधानाध्यापक से वार्ता किया। जिसमें तय फीस से ज्यादा पैसा वसूलने को लेकर विरोध दर्ज कराया गया। वही पूर्व छात्रों के शिष्टमंडल में शामिल फारोग अहसान ने बताया कि विद्यालय में कक्षा नवम, दशम, ग्यारहवीं और बारहवीं के लिए नामांकन चल रहा है। इस दौरान कुछ छात्र लगातार शिकायत कर रहे थे कि नामांकन रसीद में अंकित फीस से ज्यादा पैसे की मांग स्कूल प्रशासन द्वारा की जा रही है। वही नवम एवं दशम कक्षा के लिए ऑनलाइन शुल्क के रूप में 50 रुपया और 11वीं और 12वीं के लिए 100 रुपए ज्यादा लिया जा रहा है, जबकि रसीद में किसी भी प्रकार का ऑनलाइन शुल्क नही लिखा जाता है। इसके विरोध में पूर्व छात्रों ने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गुलाम नूर सरवर से वार्ता किया। उधर प्रभारी प्रधानाध्यापक का कहना था कि सभी छात्रों का अलग अलग योजनाओं के लिए ऑनलाइन किया जाना है, जिसके कारण यह शुल्क लिया जा रहा है जिस पर पूर्व छात्रों ने विरोध जताया और कहा कि यह नियमसंगत नहीं है।

यदि किसी चीज के लिए शुल्क लिया जाता है तो इसे नामांकन रसीद में दर्ज करवाना अनिवार्य है। इसके पश्चात जिला शिक्षा पदाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क कर मामले से अवगत कराया गया। जहां उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक को फटकारते हुए सभी शुल्क को नामांकन रसीद में दर्ज करने का निर्देश दिया। उधर वार्ता के बाद सभी छात्रों का नामांकन रसीद में ऑनलाइन शुल्क दर्ज कराया गया। वहीं छात्र नेता शकील अहमद ने कहा कि इस तरह की समस्याएं हर बार नामांकन और परीक्षा का समय उत्पन्न हो जाती है जहां बार बार वार्ता कर इसका समाधान किया जाता है। वही बेमतलब ही स्कूल प्रशासन छात्रों को प्रताड़ित करने का काम कर रही है अगर अगली बार इस तरह की शिकायत आई तो उच्च पदाधिकारियों से लिखित शिकायत कर कार्रवाई कराया जाएगा। इस मौके पर फारोग अहसान, अफताब आलम, शकील अहमद, नजमे आलम, मो. कैफ, फुरकान अंसारी, शाहिद, नवाज, आदिल, सरफराज आलम सहित अन्य छात्र मौजूद थे।

मनरेगा योजना की जानकारी को लेकर जेएसएलपीएस ने की बैठक

बरहरवा– प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मिर्जापुर पंचायत भवन में मनरेगा योजना का डीपीआर तैयार करने की रूपरेखा के बारे में आम लोगों को जानकारी देने को लेकर जेएसएलपीएस तथा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा एक बैठक आयोजित की गई।

जहां इस बैठक में योजना से संबंधित ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

वही बैठक के दौरान सीपीएफ परियोजना संबंधित जानकारी देते हुए परियोजना के महत्व, परियोजना संबंधित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं आजीविका पर चर्चाएं की गई। इस दौरान गांव के आधारभूत एवं भौगोलिक जानकारी ग्रामीणों से इकट्ठा किया गया।

वही प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं आजीविका पर मनरेगा से संचालित सामुदायिक एवं व्यक्तिगत योजनाओं पर भी चर्चा की गई जिनमें बिरसा हरित मिश्रित आम बागवानी योजना, कच्ची नाली, डोभा, तालाब को दीदी वाड़ी ग्रामीण सशक्तिकरण परिसंपत्ति का निर्माण में सहायता करने के गुर सिखाए गए।

इसके अलावा रोजगार गारंटी योजना के तहत भुगतान की प्रक्रिया मास्टर रोल मीट का चयन, बागवानी सखी आदि की जानकारी दी गई।

इस बैठक में पंचायत के मुखिया फुल मिश्रा, उप मुखिया पति आलमगीर आलम, शमीम अख्तर, वार्ड सदस्य अब्दुल रकीब, हसीना बेगम पंचायत सचिव, सदस्य शिव ठाकुर मरांडी, इमाम हुसैन के अलावे काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

साहिबगंज, राजमहल अनुमंडल में एवं सभी अंचल कार्यालयों में की जाएगी नियंत्रण कक्ष की स्थापना

साहिबगंज– जिले में बाढ़ की संभावना के मध्य नजर पूर्व तैयारी व आपदा प्रबंधन अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुई। जहां बैठक के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव द्वारा बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारी की बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में 130 आपदा मित्र को जल्द से जल्द प्रशिक्षण दिया जाए। वही विभाग से पर्याप्त मात्रा में लाइफ जैकेट आपूर्ति के लिए पत्राचार किया जाए। वही जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबरों को आमजनों के लिए जारी किया जाए। साथ ही साहिबगंज सदर अनुमंडल, राजमहल अनुमंडल एवं सभी अंचल कार्यालयों में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाए और उनके नंबरों को आमजनों तक जारी किया जाए ताकि बाढ़ के समय आमजनों को किसी भी तरह की कठिनाई होने पर इस नंबर पर कॉल करके सहायता ली जा सकें। वही आपदा से निपटने के लिए सभी अंचल अधिकारियों को इंसीडेंट कमांडर बनाया जाएगा।

इस दौरान उपायुक्त ने दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने का निर्देश दिया गया। जहां उन्होंने अंचलाधिकारी उधवा को निर्देश दिया कि उधवा प्रखंड में जिस जिस गांव में कटाव हुआ है उसकी सूची जल्द से जल्द तैयार कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

वही उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि बाढ़ से होने वाली बीमारी से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में दवा की व्यवस्था समय रहते हुए पहले ही कर लें ताकि उस दौरान किसी भी तरह की कोई चूक न हो। वही उन्होंने जिला एवं प्रखंडों में बाढ़ के समय पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा की व्यवस्था करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। इस बैठक के मौके पर उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, अपर समाहर्ता विनय कुमार मिश्र, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर कुमार पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राहुल जी आनंद जी, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार साह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन गुप्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रखंड सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई आयोजित

राजमहल– प्रखंड सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा की बैठक आयोजित की गई। जहां इसकी अध्यक्षता राजमहल प्रखंड विकास पदाधिकारी कंचन सिंह ने की। वही बैठक में प्रखंड के सभी विभाग के संबंधित अधिकारी व कर्मियों को जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य पूर्ण करने का सख्त दिशा निर्देश देते हुए 15वें वित्त योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी दिशा निर्देश के साथ मनरेगा से संबंधित कार्यों को लेकर भी अधिकारियों निर्देश दिया गया। साथ ही साथ मतदाता सूची पुनर्रीक्षण कार्य को लेकर भी उपस्थित अधिकारियों समीक्षा किया एवं निर्देश दिए गए। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक अभिजीत कुमार, नवीन कुमार, प्रकाश कुमार, विनोद कुमार, मिथिलेश पांडे, सहायक पंचायत सचिव सहित अन्य उपस्थित थे।

क्षेत्र की जलसहियाओं एवं मुखियाओं को दिया गया ठेला गाड़ी रिक्शा

साहिबगंज– विकास भवन स्थित परिसर में उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण साहिबगंज प्रभात कुमार बर्दियार के द्वारा नमामि गंगे क्षेत्र अंतर्गत जैविक व अजैविक कचड़े का सुरक्षित निपटान हेतु ठेला गाड़ी रिक्शा का वितरण जल सहिया एवं मुखिया के बीच किया गया। जहां कार्यक्रम में उपस्थित नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि नमामि गंगे क्षेत्र अंतर्गत सभी ग्रामों में ठेला गाड़ी के माध्यम से घर घर जाकर कचरा का संग्रहण किया जाएगा एवं उक्त कचरे को पंचायत स्तर पर निर्मित ठोस कचरा संग्रहण केंद्र में रखा जाएगा इसके बाद कचरे का अंतिम निस्तारण की प्रक्रिया की जाएगी। वही पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज के कार्यपालक अभियंता गोविंद कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम स्तर पर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया की जिम्मेवारी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की होगी। वही ग्राम जल स्वच्छता समिति ही गाड़ी चलाने की संपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करेगें इस कार्य के लिए ग्राम जल स्वच्छता समिति के कार्यकारिणी की बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्णय उनके द्वारा लिया जाएगा। वही उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अंतर्गत ओडीएफ प्लस की दिशा में वाहन के उपयोग से गांव को साफ सुथरा रखने में मदद मिलेगी। जहां एक तरफ तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में सफलता मिलेगी तो दूसरी तरफ ठोस कचरा यानी पुन- उपयोग वाले सभी कचरा के निस्तारण से प्लास्टिक कचरा के पुन- उपयोग की स्थिति को और मजबूती मिलेगी। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के आशीष कुमार यादव, जीनत परवीन, राहुल कुमार, राजेश कुमार, वसीम आलम एवं अन्य उपस्थित थे।

आदिम जनजाति पहाड़िया कृषकों के बीच किया गया मक्का बीज का वितरण

बोरियो– आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय के कृषको के बीच कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा मक्का बीज का वितरण का शुभारंभ बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम के हाथो से किया गया जिसमें निशुल्क पांच किलो के पैकेट का मक्का बीज का कुल 150 कृषकों के बीच वितरण किया गया। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी आदिम जनजाति कृषकों के बीच यह मक्के का बीज का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने बताया कि कहा आदिम जनजाति समुदाय के कृषकों को स्वालंबी बनाने हेतु बीज का वितरण किया जा रहा हैं जिससे योजना का आपलोग फ़ायदा अवश्य ले। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टुडू दिलीप, प्रखंड प्रमुख शांति बास्की, बीटीएम राजदेव प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहें।

निरीक्षण राजमहल विधायक ने महिला कॉलेज में बने भवन और क्लास रूम का अवलोकन किया।

राजमहल विधायक ने किया महिला कॉलेज का निरीक्षण

साहिबगंज– राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने मंगलवार को नगर परिषद क्षेत्र स्थित महिला कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान राजमहल विधायक ने महिला कॉलेज में बने भवन और क्लास रूम का अवलोकन किया। इस मौके पर उनके साथ महिला कॉलेज के प्राचार्या डॉ. मीरा चौधरी उपस्थित रही।

इस क्रम में राजमहल विधायक ने कॉलेज में बने भवन और परिसर का निरीक्षण करने के बाद नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे संघर्ष के बाद विधानसभा में कई बार विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से उठाने के बाद और राज्य शासन के मांग किया कि जिले में महिला कॉलेज बने इसके लिए लगातार प्रयास करता रहा। क्योंकि साहिबगंज जिला मुख्यालय में भी यहाँ की बेटियों को बेहतर शिक्षा मिले इसका मुख्य उद्देश्य था और परिणाम भी आया और महिला कॉलेज की स्थापना भी हुई। मगर कई वर्षों तक साहिबगंज महाविद्यालय में ही महिला कॉलेज की संचालन होती रहा वही इसको लेकर उस समय के प्रति कुलपति और वर्तमान में प्रभारी कुलपति से कहने के बाद महिला कॉलेज का संचालन साहिबगंज महाविद्यालय से महिला कॉलेज में होना तत्काल प्रारंभ हो गया। वही उन्होंने कहा की महिला कॉलेज में जिस तरह से आधारभूत संरचना का विकास होना चाहिए था वो नही हो सका। यहाँ भवन तो बना हुआ हैं मगर भवन जर्जर अवस्था में हैं योजना का सूत्रण होता हैं मगर जिला शासन के सम्बंधित विभागों के द्वारा उसका सही तरीके से उचित पर्यवेक्षण नहीं होने के कारण संवेदक जैसे तैसे काम करने निकल जाते हैं जिस वजह से बने बिल्डिंग अभी ही जर्जर हो गया हैं फिर इसका लाखो रुपया की लागत से पुननिर्माण हुआ मगर फिर भी उसी अवस्था मे भवन पड़ा हुआ हैं। वही विधायक ने कहा कि कुल मिलाकर प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह दिन आया हैं। वही उन्होंने कहा कि वे विश्वास करते है की आने वाले दिनों में यह महिला कॉलेज एक अच्छे परिसर के रूप में विकसित हो जिस सपने के साथ साहिबगंज में महिला कॉलेज की स्थापना हुई थी उस गौरवपूर्ण गाथा के साथ महिला कॉलेज आगे बढे इसके लिए मेरे द्वारा भी लगातार प्रयास किया जाता रहेगा। वही आने वाले विधानसभा मानसून सत्र में भी महिला कॉलेज के आधारभूत सुदृढ़ करने को लेकर विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से अपने बातों को रखूंगा। इस निरीक्षण के मौके पर पूर्व सिंडिकेट सदस्य धर्मेन्द्र कुमार, विनोद चौधरी, संजय पटेल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुटी

उधवा– राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की नाबालिग बच्ची के साथ पड़ोस के ही रिश्ते में उनके 50 वर्षीय दादा के द्वारा दुष्कर्म करने मामले में राधानगर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। जहां पुलिस के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले को लेकर पीड़िता की मां ने राधानगर थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि बीते रविवार शाम उनकी पांच वर्षीय नाबालिग बच्ची घर के कुछ दूरी पर खेल रही थी। तभी उनके पड़ोसी ने उसकी 5 साल की नाबालिग बच्ची को जो उसके रिश्ते में उनके दादा लगते हैं ने उसे तीन रुपये का प्रलोभन देकर अपने पास बुलाकर मौके का फायदा उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया है। वही नाबालिग बच्ची की मां ने बताई की बच्ची रोते रोते घर आई और घटना के बारे में सारी बात बताई। इधर राधानगर पुलिस ने पीड़िता के मां के बयान पर थाना कांड संख्या 93/23 भादवी की धारा 376 व पोस्को एक्ट के तहत आरोपित बच्ची के रिश्ते में दादा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।इस संबंध में राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि पीड़िता के मां के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है फिलहाल आरोपित घर से फरार बताया जा रहा है। वही उक्त आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है जल्द ही पुलिस उसको गिरफ्तार कर लेगी। साथ ही एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि बच्ची को इलाज कराने के बाद मेडिकल टेस्ट कराया जा रहा है जहां रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा की बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं फिलहाल पुलिस पूरे मामले की हर बिंदुओं पर गहराई से जांच कर रही हैं।

ख़ास ख़बर

डीएम ने धरने का लिया संज्ञान, लोगों को दिया कार्यवाही का आश्वासन

आवेश अंसारी गोंण्डा/गोण्डा,शुभ भास्कर इटियाथोक के ग्राम पारासराय निवासी लक्ष्मीकान्त कसौंधन व अन्य द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में दिये जा रहे धरना पर डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर सोमवार को तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सदर द्वारा उनकी समस्याओं को सुना गया। अनशनकर्ता ने बताया कि उनकी मुख्य मांग ग्रामसभा पारासराय में सार्वजनिक जमीनों की जॉच व उन पर किये गये अवैध कब्जे को हटवाने की है। अनशनकर्ताओं को आश्वस्त किया गया कि ग्राम पारासराय की सार्वजनिक एवं सुरक्षित जमीनों के चिन्हांकन एवं अवैध कब्जा हटवाने की कार्यवाही हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन किया गया है। इस आश्वासन पर अनशनकर्ताओं द्वारा धरना समाप्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी निगरानी में पूरे मामले की जांच करा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

नवागत पुलिस अधीक्षक से व्यापारियों ने किया मुलाकात

आवेश अंसारी गोंण्डा/ गोण्डा शुभ भास्कर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल से मिलकर शिष्टाचार भेंट किया।वही फुड विभाग के कर्मचारी अजीत मिश्रा व संतोष सिंह को बुके देकर मुलाकत किया।इस अवसर पर प्रांतीय मंत्री जिला प्रभारी जगदीश रायतानी,जिला अध्यक्ष मंसूर अहमद शमसी ,नगर प्रभारी अतीक अहमद मीनाई,नगर अध्यक्ष भूपेंद्र आर्य , जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार सोनी जिदर सिंह नवाबगंज ,महामंत्री हामिद अली राइनी ,नगर उपाध्यक्ष अतीक अहमद, कोषाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ,प्रभारी स्टेशन रोड प्रिंस चौरसिया नगर उपाध्यक्ष(युवा) नीरज मंजर भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश धनकानी व्यापारी नेता देवेंद्र सिंह चंद्रवतपुर आदि व्यापारी नेता रहे।

ई-रिक्शा को सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन के रूप में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

ब्यूरो रिपोर्ट आवेश अंसारी गोंडा/गोंडा शुभ भास्कर में जिला अधिकारी नेहा शर्मा व परिवहन विभाग के अधिकारियों के उपस्थित में ई-रिक्शा को सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन के रूप में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

आज दिनांक 17.07.2023 से सड़क सुरक्षा पखवाडे (17 जुलाई से 31 जुलाई 2023) की शुरूआत की गयी। जिलाधिकारी गोण्डा जिला अधिकारी नेहा शर्मा द्वारा पखवाड़े के प्रथम दिन 17 जुलाई से कलेक्ट्रेट में तीन ई-रिक्शा को सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन के रूप में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन प्रथम दो दिन शहरी क्षेत्रों में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगा। इसके पश्चात वाहन ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में (प्रति तहसील 03 दिन) जागरूकता का प्रचार-प्रसार करेगा।उक्त अदगत पर लोगों में सड़क सुरक्षा जागरूकता विषयक पैम्पलेट का वितरण भी किया गया और लोगों से नियमों के पालन की अपील की गयी। जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि प्रतिवर्ष हजारे लोग सडक दुर्घटनाओं में लापरवाही के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। नियमों के पालन से इसे रोका जा सकता है। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अजय कुमार ने लोगों से अपील की कि कृपया नियमों का पालन (करके सड़क को मरघट होने से बचाये। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट चन्द्र शेखर उपजिलाधिकारी सदर बीके सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुश्री बबिता वर्मा, पी0टी0ओ0 शैलेन्द्र तिवारी संभागीय निरीक्षक (प्रावि0) संजय कुमार व टी0एस0आई मनोज पाठक तथा परिवहन विभाग के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नवागत पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल ने जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों शाखा प्रभारियों के साथ की परचियात्मक गोष्ठी

आवेश अंसारी गोंण्डा। गोष्ठी के दौरान जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दिए कड़े निर्देश- गोंण्डा शुभ भास्कर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में परचियात्मक गोष्ठी की। गोष्ठी के दौरान जनपद के समस्त थानों एवं विभिन्न प्रकोष्ठो से आए हुए अधिकारी/कर्मचारी गणों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यसरकार की जानकारी प्राप्त की।

इसके साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को थाने के स्टाफ की रहने-खाने की सुविधाओं के दृष्टिगत मेस की साफ-सफाई रखने व आवासीय व्यवस्था सुदृढ बनाने के लिये भी निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत अब तक की गयी कृत कार्यवाही की समीक्षा की तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने के लिए समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया इसके साथ ही अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी, लूट व नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु कस्बा व ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाने, बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करने, पीआरवी वाहनों की निरन्तर चेकिंग करने, सवेदनशील स्थानों पर पीआरवी वाहनो की सक्रियता बढ़ाए जाने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया।

लंबित विवेचनाओं विशेषकर अनावरित अभियोगो के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने, गैंगेस्टर के प्रकरणों में अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 14(1) के तहत अभियुक्तों की सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने, अपराधियों के विरूद्ध एच0एस0 खोले जाने की कार्यवाही, गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही किए जाने, गैंग पंजीकरण की कार्यावाही, टॉप-10 अपराधियों का चिन्हीकरण कर कड़ी कार्यवाही करने तथा समस्त सम्मन व नोटिस का समय से तामिला कराने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया ।

पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों को थाने में आने वाले फरियादियों से विनम्रता पूर्वक उनकी समस्याओं को सुनने, कोई भी मुकदमा लिखे जाने पर तुरंत कार्यवाही करने, थाने पर पीड़ित के आने/शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही करने, महिला हेल्प डेस्क पर संभ्रांत व्यक्तियों के साथ काउंसलिंग करने, गश्त के दौरान ब्लैक फिल्म/हूटर लगाकर चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपने थाना क्षेत्रों के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने व संवेदनशील इलाकों पर ड्रोन से निगरानी करने, कांवड़ यात्रा के दौरान मीट/मछली की दुकानों पर पुलिस फोर्स तैनात करने, चौराहों/तिराहा पर अतिक्रमण हटवाने, अधीनस्थों पर प्रभावी नियंत्रण व महिला सम्बन्धी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही व ट्रायल कराकर शीघ्र सजा करने, ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन करने, ऑपरेशन दृष्टि के तहत जनपद में लगाए गए सीसीटीवी पर सतर्क निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने अराजक तत्वों, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। शासन की मंशा के अनुरूप जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करने व जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने व जनता की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधि एवं प्रभावी कार्यवाही करने व चौराहों व सड़कों पर अतिक्रमण को हटाने पर विशेष बल दिया गया।इस अवसर पर जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, वाचक पुलिस अधीक्षक, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अयोध्या के 41 भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। योगी सरकार द्वारा राम मंदिर के आसपास मौजूद भवन स्वामियों को दे रहे रोजगार इसी क्रम में आज मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने आयुक्त कार्यालय सभागार में पेइंग गेस्ट योजना अन्तर्गत 41 भवन स्वामियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया। उन्होंने सभी भवन स्वामियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आगामी दिनों में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अयोध्या आने वाले श्रद्वालुओं की संख्या में लाखों की वृद्वि होगी, जिनमें से बड़ी संख्या में श्रद्वालु रात्रि निवास भी करेंगे। इनके ठहरने के लिए होटल, गेस्ट हाउस/होम स्टे की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि इन होम स्टे से न केवल श्रद्वालुओं को घर जैसे माहौल में ठहरने का अनुभव होगा बल्कि स्थानीय निवासियों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो सकेगी और पूरे अयोध्या क्षेत्र में रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी सृजित होंगे तथा समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। तीर्थ यात्रियों श्रद्धालुओं के सहयोग हेतु एक यूजर फ्रेन्डली मोबाइल एप एवं वेब पोर्टल लान्च उन्होंने पेइंग गेस्ट के तहत प्रथम चरण मे चयनित भवन स्वामियों से कहा कि श्रद्वालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधायें उपलब्ध करायें जिससे उन्हें घर जैसा माहौल लगे। उन्होंने सभी से कहा कि आप सभी अपने आसपास के लोगों, मित्रों एवं सम्बन्धियो को भी इस योजना के सम्बंध में बताए तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जो हेल्पलाइन नम्बर जारी किया जायेगा उससे सम्पर्क कर उन्हें भी पेइंग गेस्ट योजना से जुड़वायें। उन्होंने कहा कि अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा अयोध्या के होम स्टे,पेइंग गेस्ट के स्वामियों एवं इसमें ठहरने वाले तीर्थ यात्रियों, श्रद्धालुओं के सहयोग हेतु एक यूजर फ्रेन्डली मोबाइल एप एवं वेब पोर्टल लान्च किया जा रहा है। जिसके माध्यम से तीर्थ यात्री निर्वाध गति से अपने पसन्द के होम स्टे/पेइंग गेस्ट में बुकिंग कर सकेगें तथा अपने अनुभवों को साझा कर सकेंगे। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा 24×7 कस्टमर सपोर्ट सुविधा भी विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले 1000 भवन स्वामियों को प्रेरित कर उन्हें इस योजना के तहत जोड़े। गौरतलब है कि अतिथि देवों भवः की भावना से प्रेरित होम स्टे/पेइंग गेस्ट योजना उ0प्र0 सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। अयोध्या होम स्टे पेइंग गेस्ट योजना के तहत ऐसे भवन स्वामी जिनके मकान में 2 से 5 तक अतिरिक्त कमरे हो वो इस योजना से जुड़ कर अतिरिक्त आय सृजित कर लाभ उठा सकते है। उनके कमरों की सुविधा के अनुसार यात्री/श्रद्वालुओं के ठहरने पर प्रतिदिन प्रति कमरे 1500 से 2500 किराया प्राप्त होगा।

पुलिस ने दो लोगों को शांति भंग किया चालान

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ गोसाईगंज- अयोध्या ।मनबढ दबंगों ने घात लगाकर प्रदेश कमाने जा रहे जंग बहादुर को रास्ते मार पीटकर मरणासन्न कर दिया जो भी बचाने दौड़ा उसे भी मारा पीटा गया पुलिस दोनों पक्षों को आज चालान कर दिया मामला थाना गोसाईगंज अंतर्गत ग्राम काजीपुर गाडर का है जहां राजकरन,जंग बहादुर कमाने के उद्देश्य पकरेला के पास सवारी का इंतजार कर रहे थे गांव के पुरानी रंजिश को लेकर मोनू चौहान पुत्र लालचंद किशन पुत्र बसंत लाल प्रदीप निषाद पुत्र लाल लल्लन दीपक पुत्र विजय, विजय आदि चार-पांच साथियों के साथ वहां पहुंचा और मां बहनों की गाली गलौज देते हुए लात घुसा डंडे से मारने लगा जंग बहादुर के पोते सीने ने पेट में गंभीर चोटें आई बीच बचाव के लिए सोनू दौड़ा उसे भी मारा पीटा गया किसी तरह जान बची पीड़ित का आरोप है बबलू पुत्र रविंदर मोनू पुत्र लाल बहादुर कह रहे थे कि मेरे भाई कप्तान को तुम लोगों ने मारा है जबकि मामला महिला छेड़खानी घटना दर्शन नगर का बताया जाता है छेड़खानी के मामले में कप्तान पुत्र लालचंद को महिला की तरफ केलोगों ने मारा पीटा था हम लोगों के ऊपर पुरानी रंजिश में फंसाने का षड्यंत्र कर मेरे खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया।पुलिस सूत्रों ने बताया छेड़खानी मामले को सच भागते हुए उक्त घटना दर्शन नगर मेएफ आई आर दर्ज करने के लिए भेजा जंग बहादुर की मां माया देवी का आरोप है कि उपरोक्त लोग मनगढ़ वह आपराधिक किस्म के हैं बार-बार धमकी दे रहे हैं कि अबकी कम मारे हैं अगली बार जानसेमार डालेंगे पुलिस उपरोक्त दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न की तो अंदेशा है किअप्रिय ड्ढ्ढटना घट सकती है फिर हाल पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए आज दोनों पक्षों के एक,एक, व्यक्तियों को शांति भंग में चालान कर दिया।

कुटरचित तरीके से पंचायत भवन की जमीन को कराया बैनाम

गोण्डा थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम पंचायत माधवपुर में प्रस्तावित पंचायत सचिवालय की जमीन को दबंगों ने कुटरचित तरीके से उसी जमीन का बैनामा करा लिया।भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित आबादी की जमीन का गांव के कुछ दबंग लोगों ने बैनामा अपने नाम करा लिया।सोमवार ग्राम प्रधान ने डीएम नेहा शर्मा से शिकायत किया। जिस पर एसडीएम तरबगंज को पूरे प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए हैं। अवगत कराते चले की बेलसर ब्लॉक के माधवपुर ग्राम प्रधान आनंद प्रकाश ओझा ने बताया कि वर्ष 2021 में पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि का प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन गांव के अशोक कुमार पाण्डेय ने उसे पट्टे की जमीन बताकर कार्य रुकवा दिया। इसके बाद तरबगंज तहसील में पट्टे की पुष्टि नहीं हुई और अशोक ने इस मामले में सुलह कर लिया। अब अशोक के विपक्षी ने आबादी की इस जमीन को गांव के एक व्यक्ति के नाम बीते पांच जुलाई को बैनामा कर दिया। इससे पंचायत भवन के निर्माण में दोबारा विवाद उत्पन्न हो गया है। ग्राम प्रधान आनंद प्रकाश ओझा ने बताया कि पंचायत भवन निर्माण के लिए दो साल से सामग्री रखी है। लेकिन गांव के कुछ लोग आबादी की जमीन को अपना बता रहे हैं। हल्का लेखपाल राजेंद्र कुमार ने बताया कि जमीन आबादी की श्रेणी में दर्ज हैं। इसकी रिपोर्ट तहसील कार्यालय में सौंपी गई है सचिवालय निर्माण न होने से लोग ग्रामीण को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।सचिवालय निर्माण दबंग नहीं होने दे रहे हैं।जिसकी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। कुछ लोगों से बात करने पर बताया कि सरकार की योजनाएं आंशिक रूप से ही मिल रही है। ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश तिवारी का बताना है,कि पंचायत सचिवालय निर्माण कार्य के लिए प्रधान ने बहुत पहले ही प्रस्ताव कर दिया है।लेकिन के कुछ लोग बनने नहीं दे रहे हैं। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है।

नवागत पुलिस अधीक्षक ने नगर कोतवाल को निलंबित कर मातहतों को दिया तगड़ा संदेश

गोंडा । नगर कोतवाल को निलंबित कर नवागत पुलिस अधीक्षक ने अपने मातहतों को कड़ा संदेश दिया है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित दुकान पर नियम विरुद्ध ढंग से जबरदस्ती कब्जा करने एवं मारपीट की घटना होने के बाद भी प्रभावी कार्यवाही ना करने के संबंध में हुई जांच में प्रभारी निरीक्षक के कार्य आचरण संदिग्ध होने, कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर राकेश कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है। अतिरिक्त एसएचओ कार्यवाहक के रूप में थाने का कार्यभार सम्भालेंगे। उक्त जानकारी नवागत पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने दी है।

कलश यात्रा से हुआ आठ दिवसीय शिव पुराण कथा का शुभारंभ

गोण्डा 18 जुलाई। शुभ भास्कर अध्यात्म केन्द्र श्री पंचवटी सीताराम आश्रम रिसिया बहराइच की जनपदीय इकाई के तत्वावधान में आगामी 25 जुलाई तक चलने वाला आठ दिवसीय शिवमहापुराण कथा का शुभारम्भ मंगलवार को पूर्वाह्न कलश यात्रा से शुरू हुआ। यह कलश यात्रा नगर के गोलागंज मोहल्ले में स्थित प्रेमीश्वर महादेव मंदिर से कथा पीठाधीश्वर स्वामी रविशंकर महाराज गुरुभाई के नेतृत्व में गुरुनानक चौराहा, दुखहरण नाथ मंदिर से होते हुए कथा स्थल बडगांव पुलिस चौकी के निकट शारदा मैरिज लॉन में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य यजमान आरती सोनी- संतोष सोनी रहें। कलशयात्रा में महिला पुरुष भक्त बाबा भोलेनाथ के भजनों पर खूब झूमे। कथा स्थल पर पहुंच कर कथावाचक पं.रविशंकर गुरु भाई पूज्य महाराज द्वारा शिवमहापुराण कथा के महात्म्य पर प्रवचन दिया। आश्रम परिवार के देवीपाटन मंडल प्रभारी संदीप मेहरोत्रा ने बताया कि बुधवार से आगामी 25 जुलाई तक प्रातः छह बजे से नौ बजे तक सत्तर यजमानों द्वारा सामूहिक पार्थिव पूजन संग रुद्राभिषेक किया जायेगा। और नित्य सायंकाल 7 से रात्रि साढ़े 10 बजे तक महाराज श्री द्वारा शिवमहापुराण कथा व्यास पीठ से सुनायी जायेगी। 20 जून को शिव विवाह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान संदीप मेहरोत्रा, रवि सोनी, अमित सोनी, मिश्रा,रमेश गुप्ता, शिव शंकर सोनी, डाक्टर अनिल कुमार, दीपक गुप्ता , ममता सोनी, रंजना सोनी, वंदना गुप्ता, आंचल सोनी,माही,माया देवी,कनकलता देवी, अपूर्वा सिंह, श्रुति सिंह, प्रमिला सिंह,विजय कसौधन, दीपेंद्र मिश्रा, प्रेमचंद ,सूर्य प्रकाश सोनी, पप्पू प्रजापति, अंबिका गुप्ता,अजय मिश्रा,राधे रमन, अनिल, रामशंकर,राकेश कसौधन मौजूद रहे।

मनमानी

तालीम बनी तिजारत विद्यालय बन गए टकसाल, संचालक शिक्षा-माफिया

मनमानी तरीके से चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूल, अधिकांश स्कूलों में मान्यता से ऊपर की कक्षाएं संचालित

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/रुदौली-अयोध्या। सुनहरे भविष्य का सपना संजोए नौनिहालों को स्कूल में दाखिला दिलाने ले जा रहे हैं तो होशियार रहें। किसी भी स्कूल में प्रवेश कराने से पहले उसके बारे में गहराई तक जाकर तहकीकात कर ले। क्योंकि नगर में धड़ल्ले से बिना मान्यता के स्कूल चल रहे हैं। वही दर्जनो निजी विद्यालय के संचालक हिन्दी की मान्यता के सहारे इग्लिंश मीडियम स्कूलो का संचालन कर रहे है।वही विद्यालयों में निजी बुक्स सैलरो की किताबे बच्चो को थमाकर अभिभावको की जेब पर खुलेआम डाका डाला जा रहा है। इतना ही नहीं इन निजी प्राइवेट स्कूलो में शिक्षा अधिनियम की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्राइवेट स्कूल के संचालको की मनमानी के कारण गरीब व निर्धन वर्ग के परिवारो को अपने बच्चो को पढाने के लिए मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे तथाकथित निजी विद्यालयो में शिक्षा अधिनियम का आज-तक पालन नहीं किया गया। पांचवी की मान्यता के सहारे आठवीं तक संचालित 'स्कूल' ऐसे भी स्कूलों की कमी नहीं है जिनकी मान्यता पांचवी व आठवी तक की हैं और कक्षाए हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट तक की संचालित की जा रहीं हैं। जहां इस फर्जीवाड़े में निजी विद्यालय के संचालक दोषी हैं तो वही शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी कम दोषी नही जिनके नाक के नीचे इस गौरखधंधे को बेखौफ होकर संचालित किया जा रहा "बदलते दौर ने अभिभावको को सिखाया शिक्षा का महत्व" बदलते दौर ने शिक्षा का महत्व लोगों को समझा दिया है। आज हर कोई अपनी हैसियत ही नहीं बल्कि उससे भी आगे जाकर बच्चों को पढ़ाना लिखाना चाहता है। अभिभावकों के इसी जज्बे को समाज के ही एक तबके ने नोट कमाने का जरिया बना लिया है। इसी सोच के चलते निजी क्षेत्र के अधिकतर स्कूल विद्या का मंदिर बनाने की वजह संचालको के लिये नोट छापने की मशीन बनती जा रही है। आलम यह है कि अभिभावकों की जेबें ढीली करने के लिये तमाम स्कूल संचालक धोखाधड़ी करने से भी नही चूक रहे हैं। "शिक्षा माफियाओं की मौज"आम तौर पर ऐसा करने वाले शिक्षा के कारोबारियों ने गलबहिया कर रखा हैं। मतलब उनका ताल-मेल ऐसे स्कूलों में होता है। जिनके पास मान्यता होती है। यानि पढ़ाई कहीं कराते हैं, लेकिन किसी और स्कूल के छात्र के रूप में परीक्षा में सम्मलित होते करवाते है। पढ़ते किसी स्कूल, कॉलेज में परन्तु टी. सी कहीं और की मिलती। "सुनहरा भविष्य बनाने का ख्वाब दिखाकर अभिभावको की काटते जेब"जुलाई माह से नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। गैर मान्यता प्राप्त इंगलिश मीडियम टाइप के तमाम विद्यालयों में प्रवेश शुरू हो गये हैं। अभिभावकों को फंसाने के लिये चैराहों से लेकर गली-मोहल्ले घरों की दीवारों, पेड़ों और बिजली के खम्भों पर जहां भी नजर डालिए वहां बड़ी-बड़ी होडिंग, बैनर नजर आते हैं।

57 अभ्यर्थी पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार में शामिल हुए

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार के दूसरे दिन मंगलवार को श्रीराम शलभ भवन में फिजिक्स, मैथमेटिक्स, जुलॉजी, कमेस्ट्री व बॉटनी विषय के अभ्यर्थियों का प्रवेश साक्षात्कार हुआ। इसमें 64 अभ्यर्थियों में से 57 ने प्रवेश साक्षात्कार में हिस्सा लिया। पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फार्रूख जमाल ने बताया कि परिसर के श्रीराम शलभ भवन में प्रातः 10 बजे पीएचडी प्रवेश की साक्षात्कार प्रक्रिया शुरू की गई। जिसमें फिजिक्स में 05, मैथमेटिक्स में 10, जुलॉजी में 18, कमेस्ट्री में 16 तथा बॉटनी में 08 अभ्यर्थी प्रवेश साक्षात्कार में शामिल हुए। 19 जुलाई को फिजिक्स एण्ड इलेक्ट्रानिक्स, मैथमेटिक्स एण्ड स्टैटिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकमेस्ट्री का पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार होगा।

नगर की सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वाले कार्मिकों पर होगी सख्त कार्रवाई- ईओ

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/गोसाईगंज-अयोध्या। आदर्श नगर पंचायत कस्बा में काफी दिनों से सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने की शिकायत मिल रही थी। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवाल व ईओ इंद्रभान ने सफाई कर्मचारियों की बैठक लेने के बाद सख्त निर्देश दिए थे। लगभग कई दिनों से अधिशासी अधिकारी इंद्रभान जी के नेतृत्व में कस्बा के महादेवा घाट सत्संग घाट सीताराम घाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली परिसर व गली मोहल्ले सहित सभी वार्डो में नाला नाली के साथ-साथ कई स्थानों पर सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर विशेष सफाई अभियान चलाया जा। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी इंद्रभान जी ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की बैठक लेकर कस्बे की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाते हुए कस्बे को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई थी। नगर पंचायत के सफाई निरीक्षक सहित सफाई कर्मचारी एवं ट्रैक्टर ट्रॉली को साथ ले जाकर विशेष सफाई अभियान चलाया गया ।जिससे हमारा नगर पंचायत को साफ स्वच्छ और सुंदर रखा जा सके। नगर पंचायत क्षेत्र की सभी वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था चालू रखने के साथ-साथ विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। कस्बा के लोगों से भी अपील है कि कचरा एकत्रित करने के लिए निर्धारित समय पर नगर पंचायत के ट्रैक्टर टेंपो गली गली में पहुंचते हैं।

ख़ास ख़बर

महिला के साथ मारपीट व पुत्री के साथ दुष्कर्म का प्रयास, छान बीन में जुटी पुलिस

दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/ मधुपुर थाना क्षेत्र के पनाहकोला में महिला के साथ मारपीट करने व थाने में शिकायत करने पर पुत्री के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का एक मामला प्रकाश में आया है ।मामले को लेकर पीड़ित महिला मुहताज बेगम (काल्पनिक नाम) ने पनाहकोला निवासी फिरोज अंसारी व मुबारक अंसारी को नामजद अभियुक्त बनाया है । पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बीती रात फिरोज अंसारी व मुबारक अंसारी उसके पति अफजल अंसारी के साथ मारपीट कर रहे थे,जब वह बीच बचाव करने गयी तो आरोपियो ने लाठी डंडे से बुरी तरह मारा ,इतना ही नही जब घटना की लिखित शिकायत थाने में दी तो दोनो आरोपी उसकी पुत्री को जबरन उठाकर अपने घर ले गया व मारपीट किया व दुष्कर्म का प्रयास किया वहीं दूसरे पक्ष की पीड़ित महिला नगमा परवीन ने थाना में आवेदन देकर बताया कि अफजल अंसारी चाय , पान कि दुकान के आड़ में अवैध तरीके से गांजा एवं शराब बेचता है और दुकान पर मजमा बनाकर रखता है। मेरे पति मुबारक अंसारी जब मना करने गये तो खैबर चंचल, सनी अंसारी, अफजल अंसारी व उसकी बेटी ने मिलकर मेरे पति के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मैं बीच-बचाव करने गई तो मेरे साथ भी मारपीट करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। किसी तरह से आसपास के लोगों ने हम लोगों को बचाया। वहीं इस मामले में पुलिस ने काउन्टर केश दर्ज करते हुए जांच पड़ताल में जुट गया है।

राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद ने आदिवासियों के अधिकार को लेकर किया धरणा प्रर्दशन

दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद ने आदिवासी संस्कृति की रक्षा व अपनी माँगो के समर्थन में मधुपुर के कोर्ट मोड़ पर मंगलवार को धरणा प्रर्दशन किया। परिषद के सदस्यो ने जल जंगल जमीन की लूट को रोकने ,आदिवासी संस्कृति में छेड़ छाड़ नही करने, व आदिवासियो को झुठे मुकदमे में फँसाने का विरोध किया । मौके जिला संयोजक प्रकाश हांसदा ने कहा कि अपनी माँगो को लेकर चरणबद्व आन्दोलन किया जा रहा है। कहा कि आगामी सात अगस्त को भारत बंद का कार्यक्रम है।इस अवसर पर विजय टुडू,रसीक टुडू,भुनेश्वर हांसदा,मंगल टुडू,महेन्द्र मुर्मु,मधु मूर्मू,नरेश मराण्डी,प्रदीप रमानी आदि मौजुद थे।

प्रेम जाल में फंसा कर शादी की नियत से लड़की को कमलिया गांव से भगाया, मामला दर्ज

दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित(जामताड़ा)/प्रेम जाल में फंसा कर शादी की नियत से लड़की को घर से भगा ले जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। घटना कुंडहित थाना क्षेत्र के कमलिया गांव से संबंधित है। इस संबंध में लड़की के मां बांसती मंडल के आवेदन पर कुंडहित थाना कांड संख्या 32/2023 भादवि की धारा 366 के तहत पाथरचुड़ गांव निवासी भीम वाउरी के पुत्र अनिमेश वाउरी को अभियुक्त बनाया गया है। इस संबंध में लड़की के मां बसंती मंडल द्वारा दिए हुए आवेदन में उल्लेख किया है कि उनकी बेटी 16 जुलाई को सुबह 10 बजे पुराना घर से रोड के उस पार नया घर गई हुई थी। करीब एक बजे तक घर वापस नही लौटने पर घरवालों द्वारा खोजबीन करना शुरू कर दिया गया। शाम को ग्रामीणों के माध्यम से पता चला कि बाबुपुर पंचायत अन्तर्गत पाथरचुड़ गांव के भीम वाउरी के पुत्र अनिमेश वाउरी उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। सूचना मिलने पर पाथरचुड़ गांव पहुंचकर भीम वाउरी के घर पहुंचा तो उनके पिता ने बताया पुत्र सुबह से घर में नही है। इस संबंध में कुंडहित थाना के एएसआई निताई दास ने बताया लड़का लड़की दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था।

पूर्वी रेलवे भारत स्काउट्स और गाइड्स ने सीएम/एसएम/आरएसएल के लिए समृद्ध उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की मेजबानी की

दिन का एक मुख्य आकर्षण मैपिंग पर गहन सत्र था

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/देवघर/मधुपुर पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स और गाइड वर्तमान में मधुपुर के स्टैट ट्रेनिंग पार्क में एसटीपी मैदान में एक रोमांचक उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित कर रहा है। जैसे ही पाठ्यक्रम अपने तीसरे दिन में प्रवेश किया, प्रतिभागी अपनी स्काउटिंग और मार्गदर्शन विशेषज्ञता को बढ़ाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियों और कार्यशालाओं में शामिल हो गए हैं। दिन का एक मुख्य आकर्षण मैपिंग पर गहन सत्र था, जहां प्रतिभागियों ने नेविगेशन और कार्टोग्राफी की कला का गहन अध्ययन किया। व्यावहारिक अभ्यास और व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से, प्रशिक्षुओं ने मानचित्रों को पढ़ना और उनकी व्याख्या करना सीखा, जो सुरक्षित और कुशल बाहरी अन्वेषण के लिए आवश्यक है। समग्र विकास और चरित्र विकास को बढ़ावा देने के प्रयास में, प्रतिभागियों को आध्यात्मिक आयामों की विचारोत्तेजक खोज का अनुभव कराया गया। सत्र आंतरिक मूल्यों के पोषण, सहानुभूति को बढ़ावा देने और विविधता को अपनाने, स्काउटिंग और मार्गदर्शन में आध्यात्मिकता के महत्व को मजबूत करने पर केंद्रित था। प्रतिभागियों ने वास्तविक जीवन के परिदृश्यों का अनुकरण करते हुए इंटरैक्टिव पैक और ट्रूप मीटिंग में सक्रिय रूप से भाग लिया, जहां उन्होंने अपने नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमताओं को निखारा।

इन सत्रों में निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने, स्काउट्स और गाइडों को शामिल करने के लिए प्रभावी बैठकें आयोजित करने के महत्व पर जोर दिया गया। गतिविधियों की हलचल के बीच, महत्वाकांक्षी स्काउटमास्टरों ने रस्सियों और प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग करके कार्यात्मक संरचनाओं के निर्माण में अपनी रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल का प्रदर्शन करते हुए, पायनियरिंग अभ्यास में भाग लिया। सत्र में टीम वर्क और संसाधनशीलता के सार पर प्रकाश डाला गया, जो सफल आउटडोर प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण तत्व हैं।प्रशिक्षण शिविर का माहौल उत्साह और सौहार्द से भरा हुआ है ।क्योंकि प्रतिभागी अपने स्काउटिंग रैंक में आगे बढ़ रहे थे। "गोइंग अप" समारोह में शावकों को उनके समर्पण और प्रगति को पहचानते हुए उच्च रैंकों में स्थानांतरित होते देखा गया। उन्नति समारोह ने उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया और उन्हें संगठन के भीतर बड़ी जिम्मेदारियां अपनाने के लिए प्रेरित किया।पूरे दिन, प्रतिभागियों ने गहन सीखने के अनुभव का आनंद लिया, जिससे उनके बीच सौहार्द और उत्साह की भावना पैदा हुई। जैसे-जैसे वे उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के शेष भाग को उत्सुकता से स्वीकार करते हैं, मधुपुर स्थल उत्साह, जिज्ञासा और स्काउटिंग के जुनून से गुलजार रहता है।

मिशन इंद्रधनुष 5 की सफलता को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/मधुपुर मिशन इंद्रधनुष 5 की सफलता को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका, सभी एएनएम ,बीटीटी, सहिया साथी ने भाग लिया। प्रशिक्षण में उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन इंद्रधनुष 5 अगला महीना अगस्त में शुरू होगा। इसमें 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों का टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं का एएनसी जांच सहित टिटनेस का टीका भी दिया जाएगा। कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी अपने अपने क्षेत्र में सर्वे कर टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार करें, इसी के आधार पर एक्शन प्लान बनाया जाएगा। अब तक मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम 4 बार हो चुका है। इसका आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है ताकि टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण हो सके ।वही सुदूरवर्ती ग्राम जहां टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य कर्मी को जाने में कठिनाई होती है वहां के बच्चे और गर्भवती महिला को विशेष ध्यान देकर एक्शन प्लान में शामिल किया जाएगा ताकि उन सभी का भी टीकाकरण हो सके। उपाधीक्षक ने सर्वे के दौरान एहतियात बरतने की भी बात कही है क्योंकि अगर सर्वे में कोई एरिया छूट जाता है तो बच्चे और गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित रह जाएंगे। मौके पर डब्ल्यूएचओ के सुपरवाइजर विकेश कुमार, महिला पर्यवेक्षिका निवेदिता नटराजन, बीपीएम इमरान अंसारी, दामोदर वर्मा, अजय कुमार दास, संगीता कुमारी, कैटरीना मरांडी, रंजू कुमारी, लूसी कुमारी ,प्रतिमा कुमारी समेत सभी एएनएम, सहिया साथी मौजूद थे।

मधुपुर आरपीएफ ने अमानत ऑपरेशन के तहत रेलयात्री का छूटा हुआ मोबाइल यात्री को किया सुपुर्द

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/ मधुपुर प्लेटफार्म नंबर 3 से ट्रेन नंबर 13332 डाउन पटना धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस पार करने के बाद मधुपुर आरपीएफ के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान, एक मोबाइल बरामद किया । जो प्लेटफार्म पर लावारिस अवस्था में पड़ा हुआ था।

ड्यूटी में तैनात स्टाफ ने कई यात्रियों को बुलाया लेकिन कोई भी इसके लिए आगे नहीं आया। फिर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मोबाइल को आरपीएफ पोस्ट लाया गया।

कुछ देर बाद उक्त मोबाइल पर एक कॉल आया एक व्यक्ति ने बताया कि ट्रेन में चढ़ने के दौरान उसका मोबाइल मधुपुर प्लेटफॉर्म पर गिर गया जब ट्रेन मधुपुर से खुली और विद्यासागर स्टेशन पहुंचा तो उसने देखा मोबाइल नहीं है। इसके बाद वह व्यक्ति वापस मधुपुर स्टेशन लौटा और आरपीएफ पोस्ट पहुंचकर अपनी पहचान भूली धनबाद के जहाँगीर अहमद के रूप में दी। यात्री ने आरपीएफ को बताया कि प्लेटफार्म नंबर 03 पर ट्रेन संख्या 13332 डाउन पटना धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान मेरी जेब से मोबाइल गिर गया। मोबाइल की कीमत 10000/- रु. है घटना के बारे में तथ्यों का विधिवत उल्लेख करते हुए एक लिखित आवेदन मधुपुर आरपीएफ पोस्ट में प्रस्तुत किया गया। उचित सत्यापन और पुष्टि के बाद उक्त मोबाइल रेलयात्री को आरपीएफ ने सुपुर्द कर दिया। रेल यात्री ने इस कार्य के लिए मधेपुर आरपीएफ को धन्यवाद दिए।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन मधुपुर एफसी बनाम पंदनिया के बीच मैच बराबरी पर समाप्त हुआ

दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/मधुपुर देवघर जिला फुटबॉल संध के तत्वावधान में आज लीग के तीसरा दिन के पहले दोनो टीम मधुपुर एफ सी वनाम पंदनिया एफ सी के बीच खेला गया। जिसमें निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं हुआ ।बराबरी पर खेल समाप्त हुआ ।वही आज के दूसरे मैच मे रधुनाथ पूर वनाम चांदमारी के बीच खेला गया ।मैच का उद्घाटन शबाना परवीन पूर्व वार्ड पार्षद तथा समाज सेवी श्याम ने किया ।इस मैच में रघुनाथपुर तिन गोल से विजय हासिल की ।आज के मैच में निर्णायक की भूमिका में अनिल सोरेन, अनिल मुर्मू और कुन्दन राउत थे।लीग के सफल संचालन में जिला फुटबॉल संध के अध्यक्ष विद्रोह कुमार मित्रा, उपाध्यक्ष रामचन्द्र झा,सचिव विष्णु टुडू, कोषाध्यक्ष राजेश सोरेन के साथ अन्य लोग भी थे।

एसबीआई कुंडहित शाखा से मोटरसाइकिल की हुई चोरी, पीड़ित द्वारा थाना में दिया गया आवेदन

दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित(जामताड़ा)/मंगलवार की दोपहर को कुंडहित मुख्यालय स्थित भारतीय स्टेट बैंक कुंडहित शाखा के बाहर से से अज्ञात चोरों द्वारा एक मोटरसाइकिल उड़ा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़ित द्वारा कुंडहित थाना में आवेदन दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जामुडिया थाना क्षेत्र के जामुडिया निवासी प्रशांत बाउरी अपने ससुराल डुमरा में 10 दिनों से रह रहा था। मंगलवार वह अपने दादी और साला को लेकर करीब 2¬30 बजे भारतीय स्टेट बैंक कुंडहित शाखा पैसा उठाव करने हेतु आया था। इसी बीच अज्ञात चोरों द्वारा ब्लू रंग की हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल संख्या डब्ल्यूबी 38 एएल 4842 चोरी कर लिया गया। काफी खोजबीन के बाद भी उक्त मोटरसाइकिल का अता पता नहीं लगा। वही चोरी की घटना की सूचना प्राप्त होते ही एएसआई निताई दास द्वारा बैंक पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच किया गया लेकिन मोटरसाइकिल जिस जगह खड़ी थी,सीसीटीवी की पहुंच वहां तक नहीं थी।

सुलुंगा और नगरी में विशेष पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 50 पशुओं की हुई जांच

दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित(जामताड़ा)/नगरी पंचायत के नगरी और सुलुंगा गांव में मंगलवार को विशेष पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 50 पशुओं की जांच की गई तथा इलाज कर दवा निःशुल्क दिया गया। साथ ही पशुओं का टीकाकरण किया गया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने पशुपालकों को पशुओं के रख रखाव एवं बरसात में होने वाली बीमारी से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में कई बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। समय-समय पर चिकित्सकों से परामर्श लेने के साथ ही खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि पशुपालक पशुओं को नजर अंदाज कर देते हैं। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि प्रत्येक गांव में इस तरह का पशु चिकित्सा शिविर लगाया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र में गरीब पशुपालकों के पशुओं का इलाज हो सके। मौके पर कृत्रिम गर्भाधान कर्मी मृनाल मंडल, हबीबुल रहमान के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण पशुपालक उपस्थित थे।

पूछताछ महिला घर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा से 5 दिन से भागकर इधर उधर भटक रही थी।

मुर्शिदाबाद से भागी हुई 23 वर्षीय लड़की को दैनिक शुभ भास्कर के पत्रकार व आरपीएफ की मदद से वापस भेजा गया घर

दैनिक शुभ भास्कर/मो असलम/मधुपुर/देवघर/13105अप सियालदह बलिया एक्सप्रेस ट्रेन के महिला बोगी में एक 23 वर्षीय युवती को रोते देख,उसी ट्रेन में सफर कर रही गिरिडीह बीएनएस डीएवी की शिक्षिका शाहजहां खातून ने जब उक्त महिला से पूछताछ किया तो मालूम हुआ कि वह कई दिन से भूखी और अकेली है। शिक्षिका ने इसकी जानकारी गिरिडीह न्यूज़ चैनल के पत्रकार को दी । पत्रकार ने उन को सलाह दी कि उससे पूरी जानकारी हासिल करें । शिक्षिका के द्वारा उक्त महिला से जानकारी लेने के क्रम में पता चला कि उसके बैग में एजुकेशन से संबंधित सभी सर्टिफिकेट, पासबुक आदि थे और वह अपने घर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा से 5 दिन से भागकर इधर उधर भटक रही थी।

शिक्षिका उसे खाना खिलाने के लिए हाथ धूलवाने बेसिन के पास ले गई तो उसने ट्रेन से छलांग लगाने का प्रयास किया लेकिन शिक्षिका और कई महिला यात्रियों की सजगता और मदद से उसे बचाया गया।वहीं इसकी जानकारी गिरिडीह के पत्रकार ने मधुपुर पत्रकारों को दी।

मधुपुर के दैनिक शुभ भास्कर के स्थानीय पत्रकार मोहम्मद असलम सहित अन्य पत्रकार इम्तियाज अंसारी, अजीत आनंद आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद समेत आरपीएफ जवान के साथ उक्त ट्रेन के महिला बोगी के पास पहुंचकर,उसे मधुपुर स्टेशन पर उतारकर पूछ ताछ कर फिर उसी ट्रेन में सफर कर रहे आरपीएफ एस्कॉर्ट पार्टी को मधुपुर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद ने सुपुर्द किया। जहां एस्कॉर्ट पार्टी के द्वारा महिला रेल यात्री को जसीडीह ले जाया गया। विदित हो कि जसीडीह आरपीएफ पोस्ट को सुपुर्द कर युवती के परिवार वालों को बुलाया जाएगा।अनुमान लगाया जा रहा है कि वह किसी के कहने पर घर से भागी थी और वह शख्स उसे या तो छोड़ दिया या नहीं मिला।

जिलाधिकारी ने मोहर्रम को लेकर अधिकारियों एवं मुस्लिम संप्रदाय के गणमान्य नागरिकों के साथ की बैठक

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अन्य संबंधित कार्यदाई विभागों के अधिकारियों एवं मुस्लिम संप्रदाय के गणमान्य नागरिकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट सलिल पटेल ने बताया कि इस वर्ष चन्द्र दर्शन के अनुसार मोहर्रम की पहली तारीख दिनांक 20 जुलाई 2023 एवं तद्नुसार दसवीं तारीख दिनांक 29 जुलाई 2023 को पड़ना सम्भावित है। मोहर्रम के अवसर पर नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस निकाले जाते हैं और विभिन्न स्थलों पर ताजिया स्थापित करके कर्बलाओं में दफन किया जाता रहा है। इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट ने सभी मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समन्वय करते हुए मुस्लिम धर्मगुरुओं, मौलानाओं व सम्बन्धित कमेटियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से सम्पर्क व संवाद करके शांति समितियों की बैठक समय से सम्बन्धित पुलिस थाना/चौकी में कराना सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिए तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों/कार्यदायी विभागों से समन्वय स्थापित कर अपने-अपने क्षेत्र में अपेक्षित कार्य समय से करा लेने के निर्देश दिए जिससे मोहर्रम के अवसर पर जुलूस व अन्य कार्यक्रमों के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। जिला मजिस्ट्रेट ने नगर आयुक्त, नगर निगम व समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, सीईओ कैण्ट बोर्ड अयोध्या, जिला पंचायत राज अधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में साफ-सफाई, प्रकाश एवं शुद्ध पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था संबंधी समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ताजिया के मार्गों का एक बार पुनः देख लें, मार्गों में यदि गड्ढे हों तो ठीक कराया जाय एवं कर्बलाओं में समय से प्रकाश एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सम्बन्धित कार्यदायी विभागों द्वारा समय से पूर्ण कर ली जाय।उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को विद्युत लाइनों के ढीले तारों एवं जर्जर खम्भों को ठीक कराने के कार्य को समय से पूर्ण करने तथा मोबाइल ट्रान्सफार्मर की व्यवस्था के साथ-साथ निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम है विद्युत सुरक्षा की दृष्टि से सभी विद्युत पोलों पर प्लास्टिक कवर समय से करवा लें, यह सुनिश्चित करें कि कहीं पर विद्युत तार गिरने न पाए। विद्युत से संबंधित समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु अतिरिक्त टीमें लगाएं। इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद के सभी नगरीय निकायों एवं अन्य सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को मोहर्रम के दृष्टिगत अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आवश्यक कार्य/दायित्वों का निर्वहन सम्बन्धित क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट से आवश्यक समन्वय स्थापित कर ससमय कराये जाने के निर्देश दिए।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

ख़ास ख़बर

ग्रामीण महिलाओं के लिए धन संचय केंद्र साबित हो रहे हैं सेव ग्राहक सेवा केंद्र

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल/जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में अब ग्रामीण इलाकों के महिलाओं के लिए बैंकिंग के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करना बहुत आसान हो रहा है। ग्राहक सेवा केंद्र की मदद से क्षेत्र में बदलाव देखने को मिल रहा है। ग्राहक सेवा प्रदाता कंपनियों में सेव सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके क्षेत्र में बारह हजार से अधिक ग्राहक सेवा केंद्र नेटवर्क में फैले हुए हैं। जहां प्रतिदिन चार लाख से अधिक ग्राहक सेवा प्राप्त करते हैं ग्राहक सेवा केंद्र खोलने से पहले ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग के लिए काफी दूर जाना पड़ता था। जिसको लेकर काफी जेब खर्च भी होती थी। साथ ही साथ लाइन में खड़े होकर इंतजार करना पड़ता था। महिलाओं को सुविधा प्राप्त करने में कई तरह की अड़चने आती थी। महिलाएं बैंक में खाता खुलवाने व सरकारी योजनाओं के लाभ लेने यह बारे में सोच भी नहीं पाती थी। क्योंकि दिन भर का सारा काम छोड़ कर बैंक में जाना बहुत ही मुश्किलें थी। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र की महिला स्वरोजगार व रोजगार यह विकल्पों को अपना रही है।ग्राहक सेवा केंद्र पर मिलने वाली सुविधाएं बैंक खाता खोलने की सुविधा, जामा निकासी की सुविधा, आधार कार्ड से लेनदेन की सुविधा, डिपॉजिट की सुविधा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना में नामांकन की सुविधा, ग्राहक सेवा केंद्र गांव-गांव में खुल जाने से ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग से जुड़ने से किसी के ऊपर निर्भर नहीं रहना पड़ता है और ना ही पूरे दिन की बर्बादी होती है। ग्राहक सेवा केंद्र पर महिलाओं को बड़ी आसानी से जमा निकासी करने की सुविधा होती है।

देव एवं पोद्दार समाज की हुई संयुक्त बैठक

अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल।जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसन्तपुर प्रखंड के रतनपुर पँचायत के पिपराही गांव के हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को देव् एवं पोद्दार समाज की संयुक्त बैठक विजय कुमार देव् की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दोनों समाज के संगठन की मजबूती पर बल देने की बात कही गयी। बैठक में सर्वसम्मति से स्थानीय लोगो की कोर कमिटी गठित की गई जो प्रखंड स्तरीय संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। दोनों समाज मे दाम्पत्य जीवन मे आ रही समस्या को दूर करने के उद्देश्य से 15 सदस्यीय टीम गठित की गई जो सोमवार को समस्या के समाधान के लिए लालपुर खूँटाहा विनोद देव् के यहाँ प्रस्थान करेगी।बैठक में निर्णय लिया गया कि 30 जुलाई को समदा के राजेश पोद्दार के आवास पर एक भब्य मीटिंग का आयोजन किया जाएगा।जिसमे कोर कमिटी जन सम्पर्क अभियान पर कार्य करेगी।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार देव सीतापुर, सचिव श्रवण कुमार पोद्दार, कोषाध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार देव, उप सचिव अजय पोद्दार, उपाध्यक्ष शंकर, मीडिया प्रभारी प्रमोद पोद्दार आदि उपस्थित थे।

महिला के साथ छेड़-छाड़ पर थाना के परा आबेदन ।भेजा जेल

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल/ जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र में एक महिला से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। थाने में दिए आवेदन के आलोक पीड़िता ने बताई की में शनिवार देर रात्रि घर में सोई थी और घर का दरवाजा लगाना भूल गई थी उसी समय गांव के ही सुंदर साह मेरे घर आया तथा बोला की तुम्हारी मां जो हमसे पैसा ली है वह क्यों नहीं दे रही यह बात सुन मेने कहा की तुम जाकर मेरी मां से रुपया मांग लो मेरे घर पर बार बार नहीं आओ उसके बाद मेरा हाथ पकड़ कर जबरदस्ती छेड़ छाड़ करने लगा जिसका मैं विरोध करते हुए हल्ला की तो आस पास के लोग इक्कठा हो गया तथा हम दोनो को लोगों के द्वारा अलग अलग रूम में बंद कर दिया। उसके बाद कुछ लोगो ने किसनपुर थाना को जानकारी दिया जहां पुलिस बल पहुंच कर श्याम साह को थाना लाया गया है।इस बाबत किसनपुर थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया की पीड़िता छेड़खानी का आरोप हेतु आवेदन दिया गया है। जिसके विरुद्ध कांड संख्या 160/23 दर्ज के श्याम साह को व्यवहार न्यालय सुपौल भेज दिया गया है।

छातापुर में आयोजित हुआ संतमत सत्संग सह प्रवचन, शुशील बाबा ने दिए मानव कल्याणार्थ प्रवचन



सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/जिले के छातापुर प्रखंड मुख्यालय बाजार निवासी संतमत की अनुयायी दिवंगत आनंदी देवी के आवास पर मंगलवार को सत्संग सह प्रवचन का आयोजन किया गया। आयोजन में संतमत के बाबा स्वामी सुशीलानंद जी महाराज का पदार्पण हुआ। प्रातःकालीन सत्र में स्वामी ने कहा कि गुरू भक्ति के बिना ज्ञान नही होगा, साधु व संत के संगत से मनुष्य में सदबुद्धि का उदय होता है और भवसागर के द्वार खुल जाते हैं। कहा कि आपके संतान की रक्षा भगवान नहीं करेंगे बल्कि भगवान की रक्षा आपके संतान करेंगे। परंतु आपका संतान दिग्भ्रमित हो रहा है और भौतिक सुख की खोज में भटकता जा रहा है। कहा वर्तमान काल बच्चों के मनोरंजन का साधन कार्टून व गेम हो गया है। महिलायें विभिन्न धारावाहिक में डूब चुकी है। जब मां का ज्ञान धूंधली होगी तो बच्चों का क्या हाल होगा ये सोचने वाली बात है...। बाबा ने कहा कि अच्छी फसल के लिए जैसे खेत में उर्वरक डालते हैं, ठीक उसी प्रकार जब गर्भ में बच्चा पल रहा हो तो सत्संग सुने और धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ समय दे, ताकि आपके संतान आदर्शवान व सत्यवान होकर अपने जीवन को सार्थक बना सके। कहा कि आपके सबसे नजदीक परमात्मा और मौत दोनों है, लेकिन मनुष्य परमात्मा को नहीं मृत्यू को नजदीक देखता है भयभीत बना रहता है, प्रभू के शरण में जब आसन लगायेंगे तो परमपिता के सानिध्य में आ जायेंगे और जीवन मरण के चक्र से मूक्ति मिल सकेगी।

कहा कि बिगड़ा मन तेरी सारी व्यवस्था को बिगाड देगा, कुसंग में लगा मन आपका शत्रु है, मन के छह विकार को दूर करने से ही शांति मिलेगी।

बताया की मानव जीवन में बदलाव की भी जरूरत अहम है। उन्होंने उदारण के तौर पर कहा की ईर्ष्या को दया में बदले अहंकार को सेवा में, महात्मा के संग से सत्य का संग होगा और जीवन जीने की कला सिख पायेंगे, जब दौलत आती है तो साथ में दो लत भी साथ लाती है, कहा ऐसी लत वाले रावण का भी विनाश हो गया था।

कहा कि गया में सैकडों श्राद्ध करने पर भी मूक्ति नहीं मिलती है, लेकिन प्रभू के शरण में जब आसन लगा लेंगे और सत्य का संगत कर लेंगे तो मूक्ति मिलना तय है। इसके साथ ही बाबा के साथ आएं भजन मंडली द्वारा मानव कल्याणार्थ से जुड़ी धार्मिक भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। मौके पर संतमत से जुड़े अरविंद भगत, बिंदेश्वरी भगत, वरिष्ट पत्रकार निर्मल कुमार सुशील, धनिक मालाकार, उपेंद्र सिंह, अनारचंद भगत, संजय कुमार, बिनोद कुमार, राजू कुमार, सोनू कुमार आदि समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर नारी थे।

सावन के दुसरी सोमवारी को बाबा भीमशंकर मंदिर धरहरा में एक लाख से अधिक भक्तों ने श्रद्धापूर्वक की पूजा अर्चना



संजीब यादव/दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर, सुपौल/जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत गणपतगंज धरहरा स्थित बाबा भीमशंकर मंदिर के प्रांगण में सावन के दुसरी सोमवारी को लेकर अहले सुबह से ही मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दुसरी सोमवारी को भीड़ को देखते हुए गर्भ गृह का पट सुबह 3 बजे से भक्तों के लिए खोल दिया गया। बाबा का जलाभिषेक करने के लिए भारी संख्या में शिवालय में श्रद्वालूओं की भीड़ उमड़ी। इसमें महिलायें व युवा काफी आगे रहे। श्रद्धालुओं ने भीमशंकर महादेव के उपर जलाभिषेक किया और हर हर महादेव का जयकारे लगाये। बता दे कि भक्तों के हुजूम मंदिर में जाने से वहां का माहौल भक्तिमय हो उठा। मंदिर के बाहर मेला जैसा माहौल सुबह से बना रहा है। श्रावण मास में बड़ी श्रद्वा के साथ श्रद्वालू भगवान भोलेशंकर की पूजा अर्चना करते है। ऐसा माना जाता है कि श्रावण मास में सच्चे मन से पूजा अर्चना करने से भोलेशंकर उनकी मुरादे पूरी करते है।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राघोपुर थाना प्रभारी के द्वारा सभी जगहों पर पुलिस बलों कि तैनाती कि गई थी ।बता दे कि बाबा भीमशंकर मंदिर के प्रांगण में कोसी बैराज एवं महादेवपुर घाट (भागलपुर) से जल भरकर हजारों की संख्या में मोटरसाइकिल बम एवं कावंरियों ने डीजे के धुन पर नाचते-गाते हुए जलाभिषेक किया। भीड़ को देखते हुए मंदिर कमिटी की ओर से पूर्ण व्यवस्था की गई ताकि किसी भी भक्तों को पूजा अर्चना करने में कोई दिक्कत न हो। भीड़ की निगरानी सीसीटीवी कैमरे की मदद से की जा रही थी। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राघोपुर थाना के महिला व पुरुष पुलिस दल-बल मंदिर पर मुस्तेद रहे। पूरे दिन सड़क पर गाड़ियों का लगा रहा जाम- वही गाड़ियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए प्रशासन के द्वारा धरहरा मोड़ पर ही बेरिकेटिंग लगाकर उन्हें रोक दिया गया, ताकि मंदिर परिसर में गाड़ियों का भीड़ न लगे। हालांकि गणपतगंज बाजार से मंदिर परिसर तक जाने वाली मुख्य सड़क पर पूरा दिन गाड़ियों का जाम लगा रहा।

संयुक्त संघर्ष मोर्चा आशा संघ के आवाहन पर आशा एवं आशा फेसिलेटर ने 9 सूत्री मांगो को लेकर किया धरना प्रदर्शन

ललन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना,सुपौल/जिले के मरौना प्रखंड में संयुक्त संघर्ष मोर्चा आशा संघ के आहवान पर आशा एवं आशा फेसिलेटर ने अपनी 9 सूत्री मांगो को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरौना के परिसर में धरना प्रदर्शन किया और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल आशा और आशा फेसिलेटर रुपम कुमारी, सादा खातून, रीता देवी, पार्वती देवी, प्रमिला देवी, बुच्ची देवी, सीता देवी, अंजू देवी, पुष्पा देवी, सुलेखा देवी, इंदु देवी, शिला देवी, अर्चना देवी ने लाउडस्पीकर पर बोल रहे थे रघुपति राघव राजा राम, कम वेतन में ज्यादा काम, नीतिश तेजस्वी खोलो कान, नही तो होगा नींद हराम, आधी रोटी खाएंगे , काम पर न जाएंगे आदी का नारा लगा रहे थे। उन सभी हड़तालियों का कहना था जब तक सरकार हमारी 9 सूत्री मांगों नही मान लेती है तब तक हम सभी आशा एवं आशा फेसिलेटर काम पर नही लौटेंगे और अनिश्चित कालीन हड़ताल पर डटे रहेंगे। आशा और आशा फेसिलेटर के द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने से क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं को प्रस्व कराने में भाड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।

बसंतपुर अंचल का सर्विस प्लस सरवर बेहतर काम नही करने से ऑनलाइन प्रमाणपत्र नही मिल पा रहे

अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल।जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसन्तपुर अंचल कार्यालय का सर्विस प्लस सरवर बेहतर काम नही करने का कारण ऑनलाइन आवेदन एवं प्रमाणपत्र प्राप्त करने में उपभोक्तओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंचल कार्यालय में जाति, आवासीय, राशनकार्ड , पेंशन ,आय आदि प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए लम्बी दौड़ लगानी पड़ रही है।जिसके कारण उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो रहा है।स्थिति इतनी विकट है कि बाहर से भी ऑनलाइन आवेदन नही हो पा रहा है। बसन्तपुर अंचल भारत नेपाल सीमावर्ती बढ़ क्षेत्र में अवस्थित है।जिसके कारण इंटरनेट सेवा की स्थिति इस क्षेत्र में हमेशा दयनीय रहती है। अंचल निरीक्षण के दौरान उच्चस्थ अधिकारियों ने सीओ बसन्तपुर को इंटर नेट सेवा को बेहतर बनाये जाने का निर्देश दिया।पर इस दिशा में कोई पहल आज तक नही हुई। इस सम्बंध में पूछे जाने पर असिस्टेंट आई टी मैनेजर धर्मेन्द्र कुमार का कहना है कि इंटरनेट कक सुविधा बेहतर काम के लिए हर हाल में चाहिए।सेवा बाधित रहने से परेशानी हो रही है।

आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय प्रांगण में किए प्रदर्शन

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किसनपुर, सुपौल/जिले के किसनपुर प्रखंड में सोमवार को सभी आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा अपनी नो सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में प्रदर्शन किए ।आशा संघ के प्रखंड अध्यक्ष कल्पना झा एवम् आशा कार्यकर्ता द्वारा कहा गया कि वह अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर12 जुलाई से सभी आशा कार्यकर्ता अपनी मांगों की समर्थन में धारना पर बैठी हुई है ।जब तक सरकार हमारे मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक हम सभी आशा कार्यकर्ता के द्वारा धरना प्रदर्शन करते रहेगें । उन्होंने कहा कि सरकार अन्य कर्मियों की तरह आशा को भी 65 साल तक सेवा बहाल किया जाए। एवं सभी महिलाओं का अस्पताल में लंबित भुगतान को अविलंब भुगतान करवाया जाए तथा अस्पताल में व्यापक पैमाने पर चल रहे रिश्वत खोरी को अविलंब बंद करवाया जाए। संघ के द्वारा जारी मांग पत्र में कहा गया है कि एक हजार पारितोषिक को हटाकर 10 हजार मानदेय के रूप में दिया जाए।पिछला बकाया पारितोषिक भुगतान करवाया जाए। आशा की भुगतान करने में कमीशन खोरी पर रोक लगाई जाए । सरकार द्वारा दी जा रही साड़ी, के साथ-साथ ब्लाउज, पेटी कोर्ट,सहित अन्य सुविधा दिया जाए।आशा को अन्य कर्मचारी की तरह दर्जा दिया जाए। इस मौके पर अध्यक्ष कल्पना झा,पिंकी देवी, किरण कुमारी, अनिता देवी, रेखा गुप्ता, कुमारी विभा, विमला देवी, बिना देवी, पूनम कुमारी ,पूनम झा, राधा देवी, रजिया देवी, आशा देवी, सविता देवी ,रेखा देवी ,अमला देवी, अमौला प्रभा, सहित सभी आशा धरना में शामिल थी।

प्रखंड के तुलापट्टी पंचायत में परसा मध्य विद्यालय में 15 बोरी चावल की हुई चोरी, परा आबेदन

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर किशनपुर, सुपौल/जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के तुलापट्टी पंचायत के परसा गांव के वार्ड नंबर 07 में अवस्थित मध्य विद्यालय परसा में रूम का ताला तोड़कर 50 द्मद्द वजन वाला 15 बौरी चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। थाना में दिए आवेदन के आलोक में स्कूल प्रधान भूपेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया की शनिवार को पढ़ाकर विद्यालय अपने घर चला गया।रविवार को विद्यालय में छुट्टी रहने के कारण सोमवार को 8 बजकर 45 मिनट में विद्यालय आया और मुख्य द्वार खोलकर अंदर प्रवेश किया और कार्यालय का ताला खोलने लगा । उसी क्रम में बगल के कमरे के ताले के जगह पर नजर पड़ा तो पाया की ताला का घुंडी टूटा हुआ है और ताला गायब है। तत्काल में इसकी सूचना पूर्व मुखिया ,वर्तमान मुखिया ,पंचायत समिति सदस्य ,विद्यालय के अध्यक्ष सचिव और ग्रामीण चौकीदार को जानकारी दिया। सभी लोग इक्कठा हो गए । अंदर जाकर देखा,पोषाहार पंजी से मिलन किया तो पाया की पूर्व से 29 बौरा चावल में ऊपर से कुल 15 बौरा चावल गायब पाया।

प्रशिक्षण प्रशिक्षण में क्षेत्र के सभी एक सौ पांच बीएलओ शामिल हुए।

प्रखंड स्थित टीपीसी भवन में आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर प्रखंड पदाधिकारी द्वारा सभी बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

ललन कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, मरौना,सुपौल/जिले में मरौना प्रखंड मुख्यालय स्थित टीपीसी भवन में सोमवार को आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र के सभी बीएलओ का दो पाली में एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार और अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुपौल के कमलेश कुमार के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में क्षेत्र के सभी एक सौ पांच बीएलओ शामिल हुए। दो पाली में प्रशिक्षण दिया गया । कार्यक्रम का आरम्भ बीडीओ ने सभी बीएलओ के उपस्थिति से की। बारी - बारी से सभी का नाम पुकारा गया जिसमे सभी बीएलओ उपस्थित पाये गये ।

बीडीओ ने कहा की आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए सभी बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है । वही प्रशिक्षण में उपस्थित रहे अवर निर्वाचन पदाधिकारी कमलेश कुमार ने कहा की जो युवा या युवती अपना उम्र 18 वर्ष पुरा कर लिया है वैसे मतदाओ को नाम जोड़ने के लिए फार्म 6 भरना पड़ेगा । जिस किसी मतदाताओं की मृत्यु हो गई उसे मतदाताओं सूची से नाम हटा देना है उसके लिए फार्म 7 भरा जायगा तथा जो मतदाता का नाम मतदाता सूची में अशुद्ध है उसे शुद्ध करने के लिए फार्म 8 भरे जायगे। कहा की इसे संघन रूप में लेना है ऐसा न हो की कोई युवा या युवती जिसने अपना 18 वर्ष पुरा कर लिया हो। कहा की खास नजर उस मतदाताओ पर रखना है जिसका मृत्यु हो गई है उन्हे मतदाता सूची से हटा देना है । साथ ही हाऊसिंग टेंगिंग करना अति आवश्यक है प्रत्येक मतदाता के घर पर जाकर हाऊसिंग टेगिंग करना अति आवश्यक है । उन्होंने कहा की बीएलओ के द्वारा नाम जोड़ना, नाम हटाना और अशुद्ध नाम को शुद्ध करना जैसे कार्यक्रम 21 जुलाई से लेकर 21 अगस्त दो हजार तेइस तक चलेगा।

मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी सुपरवाइजर एवं आंगनवाड़ी सेविका को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर पिपरा सुपौल/जिले में पिपरा प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा के मीटिंग हॉल में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी सुपरवाइजर एवं आंगनवाड़ी सेविका को दो शिफ्ट में एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के संयुक्त अध्यक्षता में कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण डब्लू एच ओ के मॉनिटर नागेश्वर कुमार ने देते हुए कहा की नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से छूटे हुए 5 साल तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष 3 चरणों में चलाया जाएगा पहला चरण 7 अगस्त से 12 अगस्त दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर तक तथा तीसरा चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। सभी सेविका को घर-घर सर्वे एवं डू लिस्ट बनाने की जिम्मेदारी दी गई। प्रशिक्षण में कहा गया कि सभी सेविका इसका शत प्रतिशत पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुनील कुमार चंद्रा, डॉक्टर बीबी सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक प्रेमचंद रंजन प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन मिश्रा, शिवेंद्र कुमार पर्यवेक्षिका कुमारी किरण, रंजना कुमारी, कविता कुमारी, अंजू कुमारी, आदि उपस्थित थे।

ख़ास ख़बर

कटिहार रेलवे स्टेशन के समीप मोबाइल छीनने का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट, अस्पताल इलाज के लिए पहुंचा

दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/सहायक थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के समीप हुए इस घटना के बारे में घायल शेख शोएब आलम ने बताया कि उनका घर नेपाल है और वह अपनी बहन जो नगर थाना क्षेत्र के डीएस कॉलेज रोड स्थित खनका मोहल्ले में रहती है। उनसे मिलने के लिए वह कटिहार पहुंचे थे। रात 1ः00 बजे कटिहार रेलवे स्टेशन पहुंचे और कोई साधन नहीं रहने के कारण वह रेलवे स्टेशन के समीप इधर-उधर घूम रहे थे। अकेला युवक को देखकर वहां कुछ अज्ञात युवक पहुंचे और उससे मोबाइल छीनने लगे। जिसका विरोध करने पर युवक के द्वारा उनके साथ जमकर मारपीट करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं घायल अवस्था में युवक सदर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचा और थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगा रहा है।

खनियाधाना के युवक योगेन्द्र गौर ने किया राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में क्वालिफाई

जया अग्रवाल/भोपाल मध्य प्रदेश/लक्ष्यभोपाल के तात्या टोपे अकादमी में शूटिंग की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों ने इंदौर, तहसील मऊ आर्मी कैंट में 65वीं स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप मैं भाग लिया। जिसमें 10 मीटर की एयर पिस्टल 40 शॉट से 400 में से 345 स्कोर बनाकर, युवकों ने नेशनल लेवल के लिए क्वालीफाई किया। इस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के सैकड़ों युवक ने भाग लिया एवं मध्यप्रदेश के लिए स्वर्ण पदक, कांस्य पदक, रजत पदक लेकर आए। नेशनल लेवल के लिए क्वालीफाई हुए योगेन्द्र गौर से बातचीत में उन्होंने बताया, कि उन्हें 3 साल पहले भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में तैयारी शुरू की थी, शूटिंग एक ऐसा गेम है जिसमें मानसिक दृढ़ता एवं लग्न बहुत जरूरी है मैंने इस लेवल को क्वालीफाई करने के लिए, एक दिन में 20 घंटे तक मेहनत की है काफी परेशानी आई फिर भी मैंने अपना फोकस अपने लक्ष्य पर रखा, और मैं यहां आज मैं क्वालीफाई कर पाया हूं इसीलिए मैं उन सभी लोग जो इसकी तैयारी कर रहे हैं उनसे यह कहना चाहता हूं कि, लक्ष्य जितना बड़ा होता है हमें उतनी ही बार गिरना पड़ता है भगवान हमारी सहायता हमारा लक्ष्य पाने में हमेशा करता है। यदि हम अपने लक्ष्य के लिए लगातार कोशिश करते हैं तो।

राज्य मंत्री पहुंचे डूंगरपुर कई संस्थानों की जानकारी ली

दैनिक शुभ भास्कर/ विशाखा व्यास /राजस्थान/ डूंगरपुर /राज्यमंत्री माननीय मुमताज़ मसीह जी से सर्किट हाउस डूंगरपुर में मुलाकात के बाद बाद चर्चा करते हुए पूर्व सांसद व राष्ट्रीय नेता ताराचंद जी भगोरा जिला महामंत्री मनोज पाटीदार पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भरत नागदा पूर्व प्रधान बसन्ती देवी बागड़िया बचूलाल खराड़ी लोकपाल सुखदेव यादव खातुराम बागड़िया आदि ने स्वागत किया।

कांग्रेस पार्टी की ओर से अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन, मनिहारी विधायक का हुआ जोरदार अभिनंदन

दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/मंगलवार देर शाम कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता कांग्रेस के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास ने किया। जबकि मंच संचालन संजय कुमार सिंह ने किया। इस अभिनंदन समारोह में मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह को बिहार राज्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति का कार्यकारी सभापति बनाए जाने पर उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़े नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह को बिहार राज्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति का कार्यकारी सभापति बनाए जाने पर उनका फूल- मालाओं से जोरदार सभी ने अभिनंदन किया। मौके पर मनिहारी विधायक सह बिहार राज्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति के कार्यकारी सभापति मनोहर प्रसाद सिंह ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उनका अच्छे से निर्वाहन करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचकर उनकी समस्या से अवगत होंगे और समस्या के समाधान को लेकर कार्य करेंगे। वहीं उन्होंने कांग्रेस की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित कर उन्हें अभिनंदन करने हेतु सभी कांग्रेस नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि कटिहार जिला कांग्रेस के लिए काफी हर्ष की बात है कि मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह को बिहार राज्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति का कार्यकारी सभापति बनाया गया हैं। उन्होंने बताया कि हम उम्मीद करते हैं कि मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह को जो जिम्मेदारी मिली है। इसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसी को लेकर आज बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता इस अभिनंदन समारोह में भाग लेकर मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह का जोरदार अभिनंदन किया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि विधायक मनोहर प्रसाद सिंह हमेशा से लोगों की मदद करते रहे हैं और उम्मीद है कि आगे भी वह लोगों की मदद करते रहेंगे। मौके पर कांग्रेस के सुनीता देवी, दिलीप विश्वास, संजय सिंह, प्रह्लाद गुप्ता, मेजर जमाल, शंकर शाह, मरगूब अधिवक्ता, सिमरनजीत सिंह, मोहम्मद जहांगीर, धनंजय ठाकुर, आनंद सिंह, कलीम, मनी पासवान, राजेश रंजन मिश्रा, मोहम्मद अकरम, रऊफ अली, अवधेश मंडल, इश्तियाक आलम, चंद्रभानु गुप्ता, रामचंद्र सिंह, निरंजन यादव, अंजुमन कौशर उर्फ आम्रपाली यादव, अनु देवी, तेजस्विनी झा, इंदु देवी, समीना खातून, सुलोचना देवी, फिरोजा खातून,रेखा देवी, मोहम्मद असलम, मुन्ना सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़े नेता एवं कार्यकर्ता इस अभिनंदन समारोह में मौजूद थे।

भोपाल से दिल्ली जा रही वंदे भारत ट्रेन के एक कोच में लगी आग से यात्रियों में दहशत,03:30 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रेन को दिल्ली की ओर किया रवाना

शुभ भास्कर ब्यूरो भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से निजामुद्दीन के लिए जाने वाली ट्रेन वंदे भारत में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब वंदे भारत ट्रेन की सी-14 बोगी में कुरवाई स्टेशन के पास बैट्री में आग लग गई. दरअसल आग कोच के नीचे लगे बैटरी बॉक्स में लगी थी। आग की जानकारी मिलते ही बीना रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन को रोक दिया गया। लेकिन जैसे ही ट्रेन रुकी सभी पैसेंजर्स में भागने के लिए भगदड़ सीमच गई, लेकिन फिर बाद में सभी को एक एक करके सुरक्षित निकाला गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड और रेलवे की टीम कुछ ही देर में मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। जिसके बाद तकरीबन सवा तीन घंटे की देरी से ट्रेन को रवाना किया गया। आज सुबह 20171 वंदे भारत ट्रेन सुबह 5 बजकर 40 मिनट पर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। लेकिन जब रेल कल्हार रेलवे स्टेशन के पास पहुंची थी तभी एक कोच के पास से ट्रेन से धुआं उठता देखा गया। गार्ड के कहने पर लोको पायलट ने बीना रेलवे स्टेशन से पहले कुरवाई केथोरा में ट्रेन खड़ा किया। सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर गाड़ी को रोका गया । कोच संख्या सी-14 में करीब 36 यात्री सवार थे। दमकल की टीम ने करीब 8 बजे तक आग बुझा कर बैटरी बॉक्स को ट्रेन से अलग कर दिया था। और इस कोच की इलेक्ट्रिक सप्लाई भी बंद कर दी गई। इसके बाद इस कोच के सभी पैसेंजर्स को दूसरी बोगी सी-2 में शिफ्ट कर ट्रेन की अच्छी तरह से जांच करने के बाद लगभग सुबह 10 बजकर.19 मिनट पर रवाना किया गया। इस बीच ट्रेन में ही पैसेंजर्स को फूड सप्लाई किया गया। आपको बताते चलें कि वंदे भारत ट्रेन में ज्यादातर वीआईपी लोग सफर करते हैं और आज भी कांग्रेसी नेता अजय सिंह, आईएएस अविनाश लवानिया सहित कई अन्य वीआईपी सफर कर रहे थे.

जरूर बंद को भोजन कराने से से मिलता है शांति और सुकून (कटारिया)

दैनिक शुभ भास्कर/ सुनील कुमार मिश्रा राजस्थान /उदयपुर/ महाराणा भोपाल चिकित्सालय के मुख्य गार्डन में निःशुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान द्वारा भोजन वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि बृजेश कटारिया थे संस्थान के पिंटू चौधरी ने अपन्नाना उड़ाकर एवं समिति चित्र भेंट कर सम्मानित किया (कटारिया) ने बताया कि बीमारी से परेशान मरीज एवं उनके परिजन की मदद करना प्रभु की सेवा के बराबर है और निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना जीवन का श्रेष्ठ धर्म, परम पुनीत कार्य है

साथ ही संस्थान की टीम को बधाई देते हुए कहां की मुझे गर्व होता है कि मैं ऐसी संस्था से जुड़ा हुआ हूं और जो अब दोनों समय का भोजन वितरण करने जा रही है यह बड़े पुण्य का काम है इससे बड़ा कोई काम नहीं संस्थान के अध्यक्ष सौरभ जैन, संरक्षक महावीर नागदा ने बताया कि रविवार को भोजन वितरण कार्यक्रम में 750 परिजन को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया संस्थान के सचिव राजकुमार सचदेव ने बताया कि भोजन वितरण की सेवा देने के लिए संस्थान के कर्मठ सदस्य यशोदा, शारदा वर्मा, सुमिता जैन, भगवत मेहता, पिंटू चौधरी, सत्यनारायण सोनी, राजेश तलेसरा, विपिन तलेसरा, केदारनाथ दाधीच, ओंकार लाल,हितेश, गौरव,सुनील सेन,सुनीता जैन,भरत सोनी, संतोष सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी, हरीश पेंटर राजेश देवपुरा,दिनेश अरोड़ा,सनत जोशी, हेमंत कसारा, लोकेश, आशिक अली, अनिल भटनागर, आदि उपस्थित है

अभियान शुरू किया महिलाओं के लिए- देवेंद्र सिंह चौधरी

दैनिक शुभ भास्कर /विशाखा व्यास /राजस्थान /डूंगरपुर/ महिला एवं बाल कल्याण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौधरी द्वारा बताया गया कि महिलाओं को उत्साह एवं उनके उज्जवल भविष्य से जोड़ने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है जिसमें कई प्रकार के व्यवसाय एवं सहयोग की बात की गई है एकमत संगठन का उनका संकल्प है बाल कल्याण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौधरी राजस्थान डूंगरपुर

सम्यक दर्शन द्वारा ही मोक्ष प्राप्ति संभव हे- आर्ष मार्ग प्रभावक मुनि श्री 108 आर्ष कीर्ति जी मुनिराज

दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर /सेक्टर 5 प्रभातनगर स्थित "श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर" में विराजित आर्ष मार्ग प्रभावक मुनि श्री 108 आर्ष कीर्ति जी गुरुदेव द्वारा "आर्ष मार्ग आगमवाणी" पर प्रवचन की श्रृंखला में आज का प्रवचन सम्यक दर्शन पर दिया गया जिसमे मुनि श्री 108 आर्ष कीर्ति जी गुरुदेव ने बताया की बिना सम्यक दर्शन के मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती हे अर्थात मोक्ष रुपी ताले की चाबी ही सम्यक दर्शन हे, चातुर्मास कमिटी के उपाध्यक्ष एवं श्री चंद्र प्रभु युवा मंच के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार चम्पावत द्वारा बताया गया की मुनि श्री 108 आर्ष कीर्ति जी गुरुदेव के आदेशानुसार गुरुदेव की आरती और हरिवंश पुराण की क्लास पश्चात आज से प्रतिदिन शाम को रात्रि 9 बजे से 10 बजे तक सामूहिक भक्ति संध्या होगी

भारतीय शिक्षा के उत्थान हेतु गुरु अपने गुरुत्व को जागृत करे- डॉ अनिल कुमार सिंह

डीडीयू नगर,आज दिनांक 17 जुलाई 2023 के पं दीन दयाल उपा0 नगर (मुग़लसराय) के मैनातालि स्थित स्टूडेंट पब्लिक स्कूल में एक सेमिनार आयोजित हुआ। जिसका विषय था- भारतीय संस्कृति में गुरु- शिष्य परंपरा। तथा नई शिक्षा प्रणाली- 2020 इस गोष्ठी में मुख्य वक़्ता प्रो0 अनिल कुमार सिंह (कशी हिन्दू विश्वविद्यालय) रहे जिसमें उन्होंने बच्चो को भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा को काफी विस्तार से बताया और यह भी बताया कि इसी परंपरा से भारत पुनः विश्व गुरु बन सकता हैं ।गोष्ठी का प्रारम्भ डा.अभिजीत सिंह के ध्येय बन्दना से प्रारम्भ हुआ । इस गोष्ठी में सचिन कुमार सिंह तथा स्कूल का शिक्षक मंडल और छात्र / छात्राओ ने भाग लिया। गोष्ठी का समापन स्कूल के चेयरमैन राजीव श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही राजीव श्रीवास्तव ने इस गोष्ठी के आयोजन का पूरा श्रेय उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा को दिया ।

बकरी को चारा खिलाते समय एक व्यक्ति को किया घायल

नौगढ़ चन्दौली क्षेत्र के नरककी गांव के समीप अपने बकरियों को पास के जंगल में चला खिलाने के दौरान एक व्यक्ति पर भालू ने दिनदहाड़े हमला कर दिया रामकेर कॉल 60 वर्षीय घर से करीब 500 मीटर दूरी पर जंगल में बकरी चरा रहे थे उसी दौरान भालू के हमला करने पर बकरी चरवाहा ने शोर मचाया इस पर ग्रामीणों के पहुंचने पर भालू भाग निकला घटना के अनुसार मंगलवार को विकास खंड नौगढ़ के नरकटी गांव में रामकेर अपने घर से 500 मीटर की दूरी पर बकरियां को जंगल में चारा खिला रहे थे कि इसी बीच अचानक भालू ने उस पर हमला कर दिया हमले में उसका हाथ व कंधा जख्मी हो गया शोर मचाने पर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों को देख भालू भाग गया साथ ही व्यक्ति बेहोश हो गया घायल को 108 के सहायता के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है वहीं इसकी सूचना घरवालों को पता चलते ही उनका दोनों का बुरा हाल हुआ है

शुभारंभ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जीवन अनमोल है, उसके बचाव हेतु शपथ दिलायी गयी

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के प्रचार वाहन को डीएम ने दिखाई हरी झण्डी, परिवहन कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया पखवाड़ा का शुभारंभ

शुभ भास्कर ब्यूरो शासन के निर्देशानुसार दिनांक 17 से 31 जुलाई तक आमजनमान में सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन मानस में जागरूकता लाये जाने हेतु सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाये जाने के निर्देश दिए गये है। जिसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित परिवहन विभाग, परिवहन निगम, पुलिस विभाग, समस्त निर्माण एजेसिंया (नोडल लो0नि0वि0), शिक्षा विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग, चिकित्सा विभाग के सहयोग से जन जागरूकता अभियान संचालित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है एवं उपरोक्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु सभी संबंधित विभागों की सहभागिता से जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाना प्रस्तावित है। जन जागरूकता कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु जिलाधिकारी श्री आलोक सिंह द्वारा कलैक्ट्रेट से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर सड़क-सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन मानस को सजग रहने एवं यातायात नियमों के अनुसार वाहन का संचालन करने की अपील करते हुए जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उठाये गये जनहित हितैषी प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं चिन्हित किए गये दुर्घटना वाहुल्य क्षेत्रों पर सुधारात्मक कार्य किए जाने के निर्देश दिए गये है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी रोड सेफ्टी क्लब, यातायात निरीक्षक, एन.आई.सी.बस/टैक्सी यूनियन के पदाधिकारीगणों द्वारा उपस्थित हो कर सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता संबंधी बिचार व्यक्त किए। इसी क्रम में आज दिनांक 17 जुलाई को परिवहन कार्यालय प्रांगण में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ मा0 नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष भा0ज0पा0 द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

शान्तोदय अतिशय क्षेत्र चांदपुर-जहाजपुर में मुनि श्री 108 सुदर्शन सागर जी महाराज का चातुर्मास कलश स्थापना दिवस आयोजित

ललितपुर/ ब्यूरो1008 दिगंबर जैन शान्तौदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र चादपुर जहाजपुर में बिराज मान पूज्य मुनि 108 सुदर्शन सागर जी महाराज का चतुर्मास कलश स्थापना आयोजित किया गया

जिसमें प्रथम ध्वजारोहण श्रीमंत सेठ कपूर चंद जैन लागौन द्वितीय ध्वजा श्री दीपक कुमार जैन जगदीश प्रसाद जैन जाखलौन वाले तृतीय ध्वजा श्री राजकुमार राजीव कुमार प्रानपुरा चौथी ध्वजा श्री त्रिलोक चंद जैन केलवरा वाले एवं पंचम ध्वजा रविंद्र कुमार सुनील कुमार जैन बिल्ला वाले प्रथम कलश ब्रह्मचारिणी दीदी श्री शशि जैन पुत्र सुमित जैन अमित जैन गंजबासौदा परिवार द्वितीय कलर्स श्रीमान सुनील कुमार जैन महेश कुमार जी गौना परिवार ललितपुर तृतीय कलश श्रीमती कुंदपृभा जैन पत्नी स्वर्गीय श्री इंजीनियर ऋषभ कुमार जैन पुत्र इंजीनियर अभिजीत जैन सारांश जैन परिवार भोपाल एवं चतुर्थ कलर्स श्रीमान राजेश कुमार जी श्रीमति किरन सतभैया प्रखर जैन सतभैया परिवार ललितपुर पंचम कलर्स श्री सुशीला बाई.पवन कुमार.

जिनेंद्र कुमार. झरावटा परिवार ललितपुर को प्राप्त हुआ एवं प्रथम शांति धारा श्रीमान सुनील कुमार मक्खन पीयूष जैन सिधई परिवार द्वितीय शांति धारा श्रीमंत सेठ राजीव कुमार जैन लागौन एवं तृतीय शांति धारा सेठ अनुपम जैन पुलक जैन अनौरा परिवार एवं अभिषेक का सौभाग्य श्रीमान राजीव कुमार जैन लागौन वाले.श्री सुमित अमित बासौदा परिवार श्रीमान सौरव कुमार सचिन कुमार बरोदा परिवार को प्राप्त हुआ दीप प्रज्वलन शील चंद जैन अनौरा कोमल चंद मरवाड़ी जय कुमार पाली दीपक कुमार जाखलौन एवं क्षेत्र कमेटी ने मिलकर किया बाद में क्षेत्र कमेटी ने सभी पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया...

ख़ास ख़बर

प्लस टू हाई स्कूल पिहरा के विद्यार्थी फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में हुए शामिल

गावां प्रखंड अंतर्गत स्थित प्लस टू हाई स्कूल पिहरा के विद्यार्थियों जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय प्री सुब्रतो फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में शामिल हुए! विद्यालय परिवार के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामना देकर प्रखंड प्रखंड स्तरीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना किया गया! इस फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालय के सभी विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते हैं इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गोविंद कुमार, राकेश कुमार पाठक मनीष कुमार, अमित कुमार ,अमित कपूर, संतोष यादव, सोनू भारती, आलम अंसारी आदेशपाल महेश्वरी प्रसाद यादव शामिल हुए!

भाकपा माले ने किया सांगठनिक बैठक

तुरकौलिया 18 जुलाई अरविंद श्रीवास्तव।संगाठनिक पुनर्गठन अभियान के तहत अंचल के कवलपुर में रामदेनी सहनी के निवास पर विशेश्वर प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में अंचल कमिटी की विस्तारित मीटिंग की गई!मीटिंग में भाकपा (माले), अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन(ऐपवा) और अन्य जन संगठनों की सदस्यता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा किया गया!इस मौके पर मौजूद भाकपा माले के जिला सचिव प्रभु देव यादव ने कहा- केंद्र की मोदी सरकार देश के संविधान जनता की आजादी और लोकतंत्र को नीलाम करना चाहती है! लोकशाही को खत्म कर राजशाही कायम करना चाहती है! देश संविधान से चलेगा राजदंड से नहीं! डरना नहीं है निरंकुश मोदी सरकार के खिलाफ गांव-गांव में संघर्ष तेज करना है!भाजपा धार्मिक उन्माद के जरिए सामाजिक ताना-बाना को तोड़ने के लिए एक दूसरे के खिलाफ जहर परोस रही है! गरीबों -दलितो - मुस्लिमों पर जुल्म- अत्याचार बढ़ी है! महंगाई और बेरोजगारी अंतिम सीमा पार कर रही है! ऐसी परिस्थिति मे मोदी सरकार बंसी बजा रही है !इसे नहीं सहेंगे संघर्षों में हम सभी लोग अगली पंक्ति में रहेंगे वर्ष 2024 में सत्ता से मोदी सरकार को हटाएंगे देश को बचाएंगे यही हमारी तमन्ना है!किसान महासभा के जिला संयोजक शंभूलाल राय ने कहा देश की आत्मा खेत खलिहानो किसानों के दिलों में बस्ती है! किसानों की बदहाली बड़ी है उनकी आय में गिरावट जारी है! इस दौर में मोदी सरकार की बेईमानी तस्वीर सामने आई है! बदलाव के लिए अबकी बार चंपारण किसान विपक्षी मोर्चा को साथ देने का मन बना रहे है!बैठक में बाबूनंद सहनी, सुरेंद्र महतो मीरा देवी, नीलम देवी एवं विशेश्वर कुशवाहा शामिल थे।

विधवा पेंशन देने के प्रचार पर करोड़ों खर्च करने वाली सरकार को शर्म आनी चाहिए- भाग्य नारायण चौधरी

मोतिहारी 18 जुलाई अशोक वर्मा/एक तरफ जहां विधायक सांसदों को कई कई पेंशन का लाभ मिल रहा है तथा वेतन मद में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है वैसे दौर में यह कितनी हास्यास्पद बात है कि बिहार सरकार विधवाओं की पेंशन की राशि ?400 करके उसके प्रचार पर करोड़ों रू खर्च कर रही है ,ऐसी सरकार को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए।उक्त बातें भाकपा माले के वरिष्ठ नेता भाग्य नारायण चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही । उन्होंने कहा है कि सत्ता में जाने के पूर्व सभी लोग गरीबों की बातें खूब करते हैं लेकिन गरीबों का इस्तेमाल सिर्फ सीढी के रूप में करते हैं जिसका जीवंत प्रमाण है कि विधवा पेंशन की राशि 400 करके उसके लिए बिहार सरकार विज्ञापन पर करोडो रुपए खर्च कर रही है ।ऐसी सरकार को शर्म आनी चाहिए तथा जनप्रतिनिधि जो आज लाख रुपया पेंशन मद मे उठा रहे हैं उनमें अगर जरा भी इज्जत प्रतिष्ठा हो तो अपने पेंशन या वेतन राशि को विधवा, विकलांग एवं वृद्धो के पेंशन मद में देकर समाज के समक्ष उदाहरण पेश करनी चाहिए।

सिनेमा एवं सांस्कृतिक संस्था जिला इकाई ने आंदोलन का शंखनाद किया

मोतिहारी 18 जुलाई अशोक वर्मा/ सिनेमा एवं सांस्कृतिक संस्था पूर्वी चंपारण जिला इकाई ने नगर के कुड़िया माई स्थान के स्थान के पास महत्वपूर्ण बैठक की जिसमें जिले भर के फिल्मी लाइन से जुड़े हुए लोगों ने भाग लिया एवं बिहार में फिल्म सिटी निर्माण एवं फिल्म के निर्माण के लिए अनुदान आदि की मांग को लेकर आंदोलन करने पर विचार किया । वक्ताओं ने कहा कि चम्पारण सत्याग्रह और कांति की भूमि रही है । प्रदेश सुचना प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष सौरभ वर्मा के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि कई दशक से बिहार सरकार द्वारा लगातार आश्वासन दिया जा रहा है की बिहार में फिल्म सिटी का निर्माण होगा तथा निर्माताओं को अनुदान आधारित ऋण उपलब्ध कराई जाएगी लेकिन आज तक ऐसा नहीं हुआ ।पिछले दिनों संस्था के राष्ट्रीय अधिकारियों का आगमन पटना हुआ था जहां अपनी मांगों को बिहार सरकार तक पहुंचाया गया। कला संस्कृति मंत्री ने सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन भी दिया लेकिन अब तक कुछ भी करवाई नहीं हुई । वक्ताओं ने यह भी कहा कि आजादी की लड़ाई के साथ-साथ जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व का आंदोलन भी चंपारण की धरती से हुआ है ।यह धरती क्रांति की धरती है और फिलम निर्माण के लिए चंपारण में उपलब्ध प्राकृतिक लोकेशंस काफी लाभप्रद हो सकते हैं।

फिल्म सिटी के लिए चंपारण की भूमि उपयुक्त है। बैठक में अरेराज के आयाम निदेशक सह स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर विजय अमित के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन लेखक निर्देशक एवं वरिष्ठ पत्रकार सचिन कुमार सिंह ने किया । बैठक में उपस्थित रहने वालों में मुख्य रूप से- संतोष शर्मा (अभिनेता - लेखक -एडिटर)- सफीउल्लाह सफ़ी ख़ान (निर्माता - निर्देशक)- काशीनाथ बनर्जी (सिनियर अभिनेता - श्याम गुरु (दिल्ली रंगमंच - निर्देशक - लेखक) - नवल कुमार राय (निर्देशक)- संजय अवि (अभिनेता)- पप्पू प्रीतम (लेखक - मुकेश बिहारी उर्फ सम्राट पाण्डेय (निर्देशक -लेखक)- युवा फ़िल्मकार आदित्य बाबा- राजू तिवारी (अभिनेता-बंगाल-बिहार) म0 शहनाज - म0 शहज़ाद - पप्पू कुमार - सुरेन्द्र साह - राजन कुमार -रमेश कुमार एवं ज़िले तथा प्रदेश में अपने नृत्य निर्देशन में परचम लहराने वाले रौशन राज आदि थे ।

बैठक मे सभी सम्मानित कलाकारों ने अपनी बातों को विस्तार से रखा। बैठक में भोजपूरी फ़िल्मों के गिरते स्तर एवं कलाकारों के शोषण पर चिंता व्यक्त की गई । उपस्थित सभी सदस्यों ने एक मजबूत संगठन की आवश्यकता बताई ।कई वक्ताओं ने कहा की प्रतिस्पर्धा के दौर में कलाकारों के बीच में कंपटीशन होना स्वाभाविक है लेकिन फिल्म सिटी एवं अनुदानित ऋण तथा कलाकारों के हित के लिए बनाए गए इस संगठन में सभी कलाकार भेदभाव भूलकर एकजुट रहें एवं संघर्ष के लिए कमर कस लें ताकि हम अपनी मांगों को लागू करवा सकें । जिला अध्यक्ष श्री वर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकपूर शाही जी तक आज के बैठक में शामिल सभी कलाकारों के भावना को पहुंचाने की घोषणा की। बैठक में यह संकल्प लिया गया की जिला कमिटी के गठन के बाद नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों की समस्या सरकार तक पहुँचाने की बात तेज की जाएगी। यह भी निर्णय लिया गया कि अगर बिहार में कोई भी प्रोजेक्ट होगा तो उसमें बिहारी कलाकारों को सम्मानित तरीके से काम दिया जाना अनिवार्य किया जाए अन्यथा बिहार में शुटिंग नहीं होने दिया जाएगा ! वक्ताओं ने यह भी कहा कि आज की बैठक निश्चित रूप से बिहारी कलाकारों को एक सूत्र में बांधनेवाला साबित होगा ! सभी उपस्थित कलाकारों का राजू खान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

अनुभवसाझा और सांस्कृतिक आयोजन के साथ संपन्न हुआ ब्रह्माकुमारीज का पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आर्ट एंड कल्चर विंग सम्मेलन

माउंट आबू ज्ञान सरोवर राजस्थान,17 जुलाई अशोक वर्मा/प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू द्वारा ज्ञान सरोवर के रमणीक परिसर में आयोजित पांच दिवसीय "परम उत्कृष्ट समाज के लिए कलाकार का किरदार" विषयक सेमिनार के समापन के प्रथम सत्र में अनुभव साझा का बड़ा अनोखा कार्यक्रम हुआ तथा दूसरे सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ अनुभव साझा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रम्हाकुमारी के पीस ऑफ माइंड एवं संपूर्ण मीडिया के अंतरराष्ट्रीय हेड राजयोगी बीके करूणा भाई ने कहा कि परमात्मा शिव बाबा परम कलाकार है और उनका कार्य निर्बाध गति से चल रहा है। वैसे भी दुनिया के लोग अक्सर कहते हैं कि हम सभी इस दुनिया रूपी रंगमंच के कलाकार हैं और निर्धारित समय के लिए अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। कलाकार हमेशा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से वाहवाही लूटना चाहता है वह तालियों के बीच जीना चाहता है तो क्यों नहीं सभी कलाकार समाज निर्माण के लिए सकारात्मक मूल्य आधारित समाज को जोड़ने वाला , प्रेम रस से भरपूर श्रेष्ठ कला का प्रदर्शन करें। उनके अच्छे प्रदर्शन पर परमात्मा भी ताली बजाएंगे और भरपूर शक्ति से संपन्न भी करेगे। आर्ट एंड कल्चर बैंक की हेड राजयोगिनी बीके चंद्रिका दीदी ने राजयोग से प्राप्त होने वाली शक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुंबई की फिल्म कलाकार अंजलि ने कहा कि 2019 में पहली बार मैं माउंट आबू आई थी उसके बाद मेरे अंदर अचानक परिवर्तन हुआ। मेरा भोजन शुद्ध और शाकाहारी हो गई। अमृतवेला मे उठनी लगी। इसके लिए मेरे उपर किसी का दबाव नहीं पड़ा सब कुछ स्वतः होता चला गया। बी के शशि शर्मा अभिनेत्री निर्माता-निर्देशक ने कहा कि मैं पहले थिएटर में थी, कत्थक डांसर के रूप में आज भी हूं ।

श्री कृष्ण, अर्जुन पंडित फिल्म मे मेरा प्रभावशाली रोल रहा ।आज तक 200 फिल्म , 250 सीरियल में काम की लेकिन कहीं भी सुख शांति की अनुभूति नहीं हुई, परंतु ब्रह्माकुमारी संस्था में आने के बाद प्राप्ति हीं प्राप्ति है ,काफी सुकून है, तनावपूर्ण जीवन से मुक्ति मिल गई ।उन्होंने यह भी कहा कि परमात्मा का पहला निर्देश श्रेष्ठ और पुनीत कार्य करना है लेकिन आत्मा की शक्ति कम होने से आज दुनिया भटकाव की शिकार है मूल्यों का ह्रास तेजी से हो रहा है । सहज राजयोग के अभ्यास से हम भटकाव से सही दिशा की ओर जा सकते हैं । राजश्री प्रोडक्शन में काम कर चुके तिलोकचंद भाई ने कहा कि आज तक मैंने 60 टीवी शो में काम किया हूं लेकिन जब से यहां आना शुरू किया तब से मेरे अंदर की सोई हुई शक्ति धीरे-धीरे उभरकर मुझे अपने विधा में निरंतर आगे बढ़ाने लगी। फिल्म कलाकार हेमंत ने कहा कि पहली बार आया हूं लेकिन आ करके जब यहां के महान कार्य को देखा तो अपने ऊपर गलानी भी हुई कि क्यों नहीं मैं पहले यहां आया। मोहन सिंह ने कहा कि परम कलाकार परमात्मा से निकट का संबंध जोड़ कर हम अपने कार्य को उत्कृष्ट कर सकते हैं । आर्ट एंड कल्चर विंग की हेड राजयोगिनी बीके चंद्रिका दीदी ने कहा कि परमात्मा ने चयनित आत्माओं को कला के विभिन्न विधाओं से सशक्त किया लेकिन बदलते दौर में कलाकार भी गिरती कला के शिकार हुए।

स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम की तैयारी पर जिला पदाधिकारी ने की बैठक

मोतिहारी 17 जुलाई अशोक वर्मा/ स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों एवं कला प्रेमियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान , मोतिहारी में झंडातोलन के मद्देनजर परेड का पूर्वाभ्यास ,राष्ट्रगान, महानुभवों के मूर्ति पर माल्यार्पण कार्यक्रम ,शहर की साफ सफाई ,छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी, क्रिकेट फैंसी मैच, ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के सफल आयोजन हेतु जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में यह भी तय हुआ की महादलित टोलों में संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति में झंडातोलन किया जाएगा ।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने , ट्रैफिक मैनेजमेंट हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि 29 जुलाई को मोहर्रम पर्व के अवसर पर अनुमंडल स्तर पर शांति समिति की बैठक सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करें ।

शहीद बलदेव प्रसाद साहू की पुण्यतिथि का आयोजन

गावां/गिरिडीह- गावां प्रखंड क्षेत्र के पिहरा पंचायत में दिन सोमवार को शहीद बलदेव प्रसाद साव की पुण्य तिथि समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम में गावां प्रखंड क्षेत्रों के सैकड़ों लोगों ने पुण्यतिथि समारोह में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित कर बलदेव प्रसाद साव को उपलब्धियां को याद किया बताया गया कि 17 जुलाई 2003 को माओवादियों द्वारा बलदेव प्रसाद साव का निर्मम हत्या कर दिया गया था.वह बड़े सामाजिक कार्यकर्ता व्यक्ति थे.आज का दिन पिहरा वासियों के लिये काला दिन के नाम से जाना है समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राजधनवार विधानसभा विधायक बाबूलाल मरांडी ने लोगों को यह आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र मे ज़रूरत मंद योजनाओं से लाभान्वित करवाने का बात कहा गया. समारोह में कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से श्रद्धांजलि अर्पित किया समारोह में मौजूद वर्तमान राजधनवार विधानसभा विधायक बाबूलाल मरांडी, भाजपा कारनी समिति सुरेश साव,जिला भाजपा अध्यक्ष महादेव दुबे ,मालडा मंडल अध्यक्ष आनंदी यादव, अरविंद गुप्ता, अमित कुमार, राजकुमार सिंह, अमरदीप निराला कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

शिक्षक-अभिवाहक बैठक सम्पन्न

पीडीडीयू नगर, आज दिनांक 18/7/2023ई को विकास खण्ड नियामताबाद के प्रा0वि0रतनपुर में अभिभावकों के साथ बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक नेयाज अहमद ने किया बैठक का मुख्य बिन्दु बच्चों की नियमित उपस्थिति,अभिभावकों के खाते में 1200रूपये की धनराशि से बच्चों को कपड़े ,स्वेटर ,जूते, मोजे, बैग काफी, पेंसिल इत्यादि, निपुण विद्यालय योजना के तहत बच्चों को निपुण बनाना, 6से11वर्ष के बच्चों का नामांकन आदि पर विशेष अपील की गई इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित अभिभावकों अनुपम पाण्डेय, नम्रता ,सरोज ,मैना देवी रीता सिंह, निसा , ममता, निशा बेबी सुल्ताना ,सुखी, नसरीन, नयीमुददीन ,अनिता सहित सैकड़ों लोग की उपस्थिति रही

कार्यक्रम शिव चर्चा करती महिलाएं को एनीमिया अवेयरनेस पे जागरूक कराया

इनरव्हील क्लब ने चलाया एनीमिया अवेयरनेस

मोतिहारी 18 जुलाई अशोक वर्मा/ इनरव्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन ने देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम के प्रांगण में शिव चर्चा करती महिलाएं को चार्टर प्रेसिडेंट संगीता चित्रांश एवं प्रेसिडेंट अमृता कुमारी अमृता ने एनीमिया अवेयरनेस पे जागरूक कराया एवं बताया कि महिलाओं को कैसे रहना चाहिए महिलाएं को अपने ऊपर पूरा ध्यान देना चाहिए

अगर सही से खानपान नहीं होता तो एनेमिया की बीमारी हो जाती है पर परिवार बच्चों को देखते ही साथ में अपने ऊपर पूरा ध्यान देना चाहिए महिलाएं स्वस्थ रहेंगे तभी अपने परिवार को चलाएंगी जैसे-दूध, केला, चना, दाल,फल, खाना चाहिए ।वही आश्रम के प्रांगण में पौधारोपण किया गया,फल और फूल एवं आयुर्वेदिक पौधा लगाया गया, बेलपत्र ,जामुन ,पपीता, सेमर,लीची,एवं तुलसी का पौधा लगाया गया।इस कार्यक्रम में पीपी रजनी कौशल, पीपी निशा देव ,आईपीपी राखी साह, कोषाध्यक्ष चंद्र लाचा वर्मा एवं आश्रम का सचिव डॉक्टर जय गोविंद जी, राम भजन, दिलीप कुमार एवं एडिटर आबिदा शमीम उपस्थित थे।

आशा कार्यकर्ता /आशा फैसिलिटेटर संघ, पूर्वी चंपारण का हड़ताल छठे दिन जारी

मोतिहारी,17जुलाई अशोक वर्मा/ एकटू महासंघ गोप गुट से संबद्ध आशा कार्यकर्ता संघ अपनी 9सूत्री मांगों की पूर्ति के लिए 6वां दिन हड़ताल पर रहे। आशा कार्यकर्ताओं ने मोतिहारी सदर अस्पताल में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और टीकाकरण एवम ओपीडी सेवाओं को बंद रखा। प्रदर्शन का नेतृत्व संघ की अध्यक्ष सविता देवी,गूंजा पांडे आदि नेताओं ने किया।इस मौके पर आशा संघ के हड़ताल का समर्थन करते हुए ऐक्टू के जिला सचिव विष्णुदेव प्रसाद यादव,महासंघ गोप गुट के कोषाध्यक्ष संजय कुमार और मजिस्टर मांझी ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल बिल्कुल जायज है।राज्य और केंद्र सरकार को इनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक वार्ता करके हड़ताल समाप्त कराना चाहिए। ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था ठप हो गई है ।इनके बलबूते पर ही स्वास्थ्य व्यवस्था चलती है। इसलिए सरकार को अविलंब उनकी मांगों पर ध्यान देकर पूरा करना चाहिए।आज कमरतोड़ महंगाई के जमाने में 1000रुपए मासिक परितोषिक में एक गैस सिलेंडर भी नही हो सकता है आखिर वह कौन सी सोच है की सरकार मात्र एक हजार रुपए महीना में देती है।भूखे पेट काम तो हो नहीं सकता है।इसलिए सरकार को इन्हे जल्द स्वास्थ्य राज्य कर्मचारी का दर्जा देते हुए न्यूनतम वेतनमान 21000रुपए प्रति माह देना चाहिए।ताकि लाखों महिलाएं सम्मान पूर्ण जीवन जी सकें।संघ की अध्यक्ष सविता देवी और गूंजा पांडे ने दावा किया की पूरे जिले में हड़ताल शत प्रतिशत सफल है।सभी पीएचसी में कार्य ठप है।सरकार को अपनी हठधर्मिता छोड़कर वार्ता करना चाहिए।हम थकने वाले नही हैं जब तक हमारी चिर लंबित मांगों की पूर्ति नहीं होती है तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

ख़ास ख़बर

देवकली ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि से मिले यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/नन्दगंज- अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुजीत यादव आज देवकली ब्लॉक के प्रमुख के प्रतिनिधि सच्चे लाल यादव से मिलकर समाज में एकता भाई चारा को लेकर चाय पर चर्चा की इस अवसर दर्जनों साथियों के साथ सुजीत यादव को शुभकामनाएं दी गयी और साथ में 16 ब्लाक के अध्यक्षों को बनाने की चर्चा हुई इस अवसर ब्लाक प्रतिनिधि सच्चे लाल सभी को सम्बोधित करते हुए बताया कि यादव समाज से सबको प्रेरणा लेनी चाहिए कि सभी समाज को एक होकर रहना चाहिए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सच्चे लाल यादव ने सबको एक सबको नेक बनने का गुरु मन्त्र दिया इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ नेता श्री रामनगीना यादव जी, पूर्व प्रधान नरीपचदेवरा एवम सामाजवादी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष श्री रामबचन यादव जी , सेक्टर प्रभारी महेंद्र यादव जी, सेक्टर प्रभारी सिंहासन यादव जी, अजय यादव जी, बालिस्टर यादव जी,आदि लोग उपस्थित थे यह जानकारी रवि भूषण यादव जिला प्रमुख सोशल मीडिया अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर ने दी

देवकली के रामपुर के कोटेदार ने लगे आरोपों को बताया निराधार

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर। देवकली विकास खंड के रामपुर गांव? में मंगलवार को मीडिया की टीम ने ग्राम सभा की पड़ताल किया।कुछ दिनों पहले कुछ ग्रामीणों ने यह आरोप लगाया था कि बहू वर्तमान में ग्राम प्रधान है और ससुर कोटे की दुकान चलाता है। वहीं कोटेदार घरीछन राम ने बताया कि पिछले कुछ महीने पहले भी कुछ लोगो द्वारा अधिकारियों से शिकायत किया गया था लेकिन साक्ष्य को देखते हुए अधिकारियों ने क्लिनचीट दे दिया है। करीब पांच वर्ष पहले ही अपने लड़के अवधेश पासवान को अलग कर दिया हूं वहीं कोटेदार ने साक्ष्य के रूप परिवार रजिस्टर की नकल के साथ शपथ पत्र दिखाया। मीडिया की टीम ने कई कार्डधारको से सच्चाई जानना चाहा लेकिन लोग एक स्वर में कहां कि कोटेदार द्वारा कटौती नहीं की जाती है। कोटेदार ने बताया कि जो लोग शिकायत किये है उसमें से कुछ लोगों का राशन कार्ड में नाम ही नहीं है। एक सवाल पर कोटेदार ने बताया कि मेरे द्वारा कटौती नहीं किया जाता है उन्होंने दावा के साथ कहां कि मेरे गांव में पता कर लीजिए।कोटेदार ने बताया कि पूर्व प्रधान ने जिसका ग्राम सभा में राशन कार्ड में नाम नहीं है उसको ले जाकर अधिकारियों के यहां शिकायत करवाते हैं। जब कोटेदार से पूछा गया कि आपके नाम से अंत्योदय कार्ड बना है, तो कोटेदार ने कहा कि पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा करीब बीस साल पहले अंत्योदय कार्ड बनवाया गया है। एक सवाल पर उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा राशन कार्ड काटने के लिए कंप्लेन किया गया है।

कल होगा मोहन भागवत का सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर आगमन, आगमन को लेकर व्यवस्था में छूटा प्राशासनिक अमला

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत के सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर बुधवार 19 जुलाई के आगमन को लेकर मंगलवार को मठ परिसर में रंगाई पुताई, सौंदर्यीकरण आदि का कार्य अंतिम चरण में रहा। आर एस एस प्रमुख के आगमन के मद्देनजर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने भी रविवार को मठ तक जाने वाली सडकों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था। इस कड़ी में डीएम ने रायपुर-जांही मार्ग एवं बुढानपुर से जखनियां तक के जर्जर सड़क का तत्काल मरम्मत करने का निर्देश दिया था। सोमवार को दर्जनों मजदूर सड़क मरम्त के कार्य में जूटे रहे। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता दीपक तिवारी के मुताबिक 8.8 किमी लम्बी इस सड़क पर करीब 11 लाख की लागत से आधुनिक तकनीक फुल डेप्थ रेक्लेमेशन तकनीक यानी एफडीआर के जरिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कराया जा रहा है। इस तकनीक से बनी सड़क मजबूत और टिकाऊ रहती है।

सर्विलांस सेल को मिली बड़ी सफलता, 25 लाख रुपये के 86 मोबाइल फोन किया बरामद

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेशानुसार गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण / नगर और समस्त क्षेत्राधिकारीगण के कुशल मार्गदर्शन में सर्विलांस सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 86 अदद गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किया गया जिनका विवरण निम्नवत-अनंता सिंह, सुमन यादव, माला देवी, सोनी कुमारी रुस्तम अंसारी, ओमकारनाथ राम, मो0 असलम राईनी, दुर्गेश यादव, प्रिन्स कुमार जायसवाल, संजय सिंह, अवधेश कुमार पाल, रामविलास, संतोष कुमार, ओम प्रकाश राजभर, हरिशंकर राय, रामअशीष बिन्द, संदिप कुमार गुप्ता, विशाल यादव, अमित गुप्ता, धीरज सिंह, विजेन्द्र कुमार गौतम, पंकज कुमार, राजेश यादव, नितेश सिंह, विनोद कुमार सिंह, पंचम यादव, अजय कुशवाहा, रामचन्दर यादव, देवेन्द्र कुमार, हिमांशु यादव, दीपक कुमार राय, रविशंकर गिरि, संतोष कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, छांगुर, अजीत कुमार, इरफान अंसारी, भू0पू0 एमएलएन शिवपूजन राम, हनुमान कुमार बिन्द, बृजेश गुप्ता, राजू वर्मा, अरविन्द सिंह यादव, मुन्ना सिंह, लालजी भारद्वाज, वेदप्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश चौहान, रीकेश यादव, पंकज कुमार, उमाकान्त पाण्डेय, राजकुमार बिन्द, मनोज कुमार सिंह, राहुल कुमार, नन्दलाल, दीपक सिंह यादव, सुजीत कुमार, विजय बहादूर सिंह, राजीव यादव, सुनील यादव, आजाद सिंह, अचुत्तम पाण्डेय, सर्वेश राजभर, प्रिन्स कुमार सिंह, अजीत सिंह यादव, अरुण कुमार, अंशु यादव, बृजेश यादव, अनुप कुमार, जुकेश कुमार प्रजापति, सुनील, विक्की कुमार आदित्य कुमार, शिव कुमार, सिधार्थ कुमार, शलेन्द्र प्रताप, गणेश प्रसाद, अजय यादव, सुर्यभान बलवन्त राधेश्याम कुशवाहा, राहुल गुप्ता, अजय कुमार, पंकज कुमार, नागेन्द्र यादव, संजय कुमार, राहुल कुमार, राजकरन राम आदि।सर्विलांस सेल द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत उक्त सभी गुमशुदा मोबाईल फोन बरामद कर आज दिनांक 18.07.2023 को आवेदकों को सुपुर्द किया गया। उक्त बरामद मोबाईलों की अनुमानित कीमत लगभग 25,00,000/- रुपये है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आवेदकों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुये पुलिस अधीक्षक गाजीपुर व सर्विलास सेल टीम को धन्यवाद प्रकट करते हुये भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

लौंदा पुलिस चौकी का होगा अपना भवन, अपराध नियंत्रण में मिलेगी मदद, अनिरुद्ध सिंह

चंदौली अलीनगर थाना अंतर्गत लौंदा गांव में मंगलवार को पीडीडीयू नगर सीओ अनिरुद्ध सिंह व अलीनगर प्रभारी शेषधर पाण्डेय ने जन सहयोग से बन रही पुलिस चौकी निर्माण की भूमि पूजन के साथ नींव रखी। वही क्षेत्र के लोगों को थाने की अब चक्कर नहीं लगाना होगा।आपको बता दें कि एक दशक से कागजों पर चल रही लौंदा पुलिस चौकी भवन निर्माण के लिए क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह व अलीनगर प्रभारी शेषधर पाण्डेय ने जन सहयोग से भूमि पूजा करके ईंट रखी। बताया जा रहा है कि लौंदा चौकी 2006 में अस्थाई बनाई गई थी ।

लेकिन एक महीना पहले उपनिरीक्षक जितेंद्र उपाध्याय ने कमान संभाला तो चौकी स्थिति देख उनको अपडेट कराने की पहल करने लगे। जब चौकी पर गए तो देखा कि एक ही स्कूल में पुलिस चौकी बनी हुई है। लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता थी कि पुलिस की अपनी छत होनी चाहिए। तभी से जमीन खोजने का कार्य शुरू कर दिया था। जब जमीन मिल गई तो सीमांकन करके सीओ अनिरुद्ध सिंह व एसओ शेषधर पांडेय के हाथों से शुभ मुहूर्त देख कर मंगलवार को जन सहयोग से लौंदा चौकी नींव रखी।जबकि एक दशक पूर्व जिला प्रशासन की ओर से लौंदा पुलिस चौकी की घोषणा की गई थी। लेकिन अस्थाई स्कूल में चौकी चल रही थी। तभी से सब इंस्पेक्टर सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए नियुक्त थे।

इस संबंध में पीडीडीयू नगर सीओ अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि जन सहयोग से लौंदा पुलिस चौकी का निर्माण कराया जा रहा है। और जो भी सहयोग हमसे होगा हम करेंगे। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण में इसका काफी महत्व होगा।

नए भवन से पुलिसिंग बेहतर होगी और अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी।कुछ दिन पहले अलीनगर थाना अंतर्गत भूपौली चौकी की नींव रखी थी। जो कुछ ही महीने में तैयारी पर है जल्द चौकी का उद्घाटन कराया जाएगा। वही उप निरीक्षक जितेंद्र उपाध्याय व क्षेत्रवासियों के सहयोग की भी प्रशंसा की।इस दौरान अलीनगर थाना प्रभारी शेषधर पांडेय ने बताया कि अपना भवन होने से पुलिस और बेहतर कार्य कर सकेगी। पुलिस बल को सही भवन में एक आवासीय परिसर मिलेगा जो पुलिस कार और बेहतर होगा।

लौंदा चौकी प्रभारी जितेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि तीन बिस्सा में चौकी की जमीन है। जिसमें कांस्टेबल के लिए दो रूम बनाया जाएगा। वही एक ऑफिस व उपनिरीक्षक के लिए एक रूम व किचन के साथ पार्किंग रहेगी।इस मौके पर विनोद बिन्द, सद्दाम हुसैन,भुवाल प्रधान,मुलायम यादव, पवन प्रधान नवाज सहित क्षेत्रीय लोग भी मौजूद रहे।

राजनीतिक पहुंच के कारण एनओसी के हो रहा पुलिया का निर्माण कार्य को आने को लेकर नतमस्तक हो रहा है सिंचाई विभाग

चकिया चंदौली एक तरफ प्रदेश सरकार के द्वारा ना रो मायरो पर अतिक्रमण को हटाने के लिए जनपद के अधिकारियों को लगातार निर्देशित किया गया है तथा प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों को खेतों तक पानी पहुंचाने को लेकर निर्देशित किया गया है वही चकिया से सटे लिफ्ट पथरा माइनर से सोनहुल गांव के समीप अतिक्रमण व सिंचाई विभाग के बगैर एनओसी के पुलिया निर्माण का मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार चकिया नगर मुख्यालय से सटे लेफ्ट पथरहवा माइनर का है जहां सोनहुल गांव के समीप बगैर सिंचाई विभाग के एनओसी के बस एक-दो परिवार के लोगों के लिए धड़ल्ले से पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है आपको बताते चलें की पुलिया निर्माण से जहां किसानों को खेतों तक पानी जाने में परेशानी होगी वही किसानों के खेतों तक पानी पहुंचने को लेकर माइनर से पहले ही लगातार अतिक्रमण किया जा चुका है वही पथरहवा माइनस से लगातार अस्पताल का गंदा पानी भी गिराया जा रहा है उसको बावजूद माइनर पर बगैर सिंचाई विभाग के एनओसी के ही पुलिया निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग के जेई समय उच्चाधिकारि पुलिया निर्माण बंद करवा रहे हैं लेकिन राजनीतिक पहुंच के कारण पुलिया निर्माण का कार्य नहीं बंद हो पा रहा है जिससे सिंचाई विभाग के जेई व सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारी राजनीति लोगों के सामने नतमस्तक नजर आ रहे हैं वही पुलिया निर्माण ना बंद होने से किसानों में रोष व्याप्त है किसान नेता वीरेंद्र पाल ने कार्य को बंद करने को लेकर जनपद अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है तथा माइनर पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है क्या कहते हैं जिम्मेदारी वहीं सिंचाई विभाग के जेई आलोक द्विवेदी ने बताया कि पुलिया निर्माण बंद करने को लेकर कई बार रोका गया लेकिन अब तक पुलिया निर्माण एनओसी के चालू रखा गया है कार्य बंद करने को लेकर नोटिस जारी करने को लेकर प्रेषित कर दिया गया है किसानों की समस्याओं को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा

जनपद में 08 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को वितरित किया नियुक्ति पत्र

पीडीडीयू नगर(चंदौली)उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ में नवनियुक्ति 1573 ए0एन0एम0 स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला)के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

तत्क्रम में जनपद चंदौली में 08 नवनियुक्ति ए0एन0एम0 स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चकिया कैलाश आचार्य एवं पीडीडीयू नगर रमेश जायसवाल,ब्लाक प्रमुख सदर उपस्थित रहें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा वाई के राय द्वारा सभी का स्वागत किया गया एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी व आगे अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

श्री हंस मंदिर के तत्वाधान में किया गया पौधारोपण, वृक्ष है,तो जीवन है- ज्ञानवति बाई जी

पीडीडीयू/चंदौली। मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा संचालित श्री हंस मंदिर शाखा मुगलसराय के तत्वाधान में दिन शनिवार को मानव धर्म के प्रणेता श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से वृक्षारोपण किया गया।

जिसमें श्री हंस मंदिर आश्रम के मुख्य द्वार पर वार्ड की सभासद निधि तिवारी एवं महात्मा साध्वी श्री ज्ञानवती बाई जी के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात जिले के विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण किया गया। साथ में पर्यावरण से जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक भी किया गया। इस दौरान शाखा प्रभारी साध्वी श्री ज्ञानवती बाई जी ने कहा हमें इस बात को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए पर्यावरण के संरक्षण के लिए पेड़ पौधों का होना कितना अनिवार्य हैं जो हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

एक वृक्ष सौ पुत्र के बराबर होते हैं और आज पर्यावरण के साथ जितना खिलवाड़ किया जा रहा है आने वाले समय के लिए खतरे से खाली नहीं है,इसलिए हमें खाली जगहों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए और साथ ही साथ उनकी देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। पेड़ लगाने के बाद हमें उनका देखभाल तब तक करना चाहिए जब तक वह बड़े ना हो जाए। सूचना देते हुए बताया कि 17 जुलाई सोमवार को ग्राम गोधना में प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण किया जाएगा।

जनपद की तमाम सड़कें अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है

सकलडीहा चंदौली शासन स्तर पर भले ही प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दावा किया जाएगा लेकिन हकीकत यह है कि तमाम सड़कें अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है कमोबेश यही हालत इन दिनों कैली से तारापुर मुगलसराय से चहनिया कैली से सराय पकवान जीटी रोड से आलमपुर सहित तमाम सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी है जिस पर से आवागमन करते समय राहगीर अक्सर गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं राहगीरों के बार-बार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है इसको लेकर राम नगीना शर्मा राम धाम श्रवण यादव अनिल प्रजापति केदार यादव रामदयाल सहित तमाम लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए चेताया की जल्द सड़क मरम्मत नहीं कराया गया तो हम लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे

पंचायत सहायक की नियुक्ति पर बकायदा वेतन की देने का काम किया जा रहा है

सकलडीहा चंदौली शासन द्वारा प्रत्येक गांव के पंचायत भवन को चाक-चौबंद व्यवस्था कर पंचायत सहायक की नियुक्ति कर बकायदा वेतन भी देने का काम किया जा रहा है लेकिन हकीकत यह है कि पंचायत भवन तारापुर पर अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं होने के शासन के योजनाओं का पलीता लगता दिख रहा है सरकार द्वारा प्रत्येक गांव के पंचायत भवन को कंप्यूटरीकृत कर बकायदा कंप्यूटर इनवर्टर सोलर पैनल कुर्सी मेज टेबल अलमारी कैमरा सहित लाखों रुपए लागत के सामान तो रख दिए गए यही नहीं बकायदा पंचायत सहायक की नियुक्ति भी कर दी गई जिसका वेतन भी कोई महीनों से ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है लेकिन पंचायत भवन पर विद्युत कनेक्शन नहीं होने से मंशा पर पानी पीता दिख रहा है कमोबेश यही हालात इन दिनों पंचायत भवन तारापुर की बनी हुई है जहां विद्युत कनेक्शन के अभाव में गांव के लोगों को अपने कार्यों के लिए ब्लॉक का चक्कर लगाना पड़ रहा है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल चौहान ने बताया कि विद्युत तार व खंबा नहीं होने के कारण पंचायत भवन पर कनेक्शन नहीं मिल रहा है

धरना सरकार के मंशा के अनुरूप कार्य नहीं कर पा रहे हैं

भूगतान नही होने पर ग्राम प्रधानों ने किया आत्मदाह का प्रयास, प्रशासन के हाथ पांव फूले

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाज़ीपुर जनपद का चर्चित ब्लॉक मनिहारी में ग्राम प्रधान ने किया आत्मदाह का प्रयास मौजूद प्रशासन मोर्चे को संभाला खबर है कि भुगतान न होने पर नाराज प्रधानों ने दिया धरना विकासखंड मनिहारी के प्रांगण में पूरे ग्राम सभा के प्रधान संगठन एकजुट होकर ब्लॉक परिसर में धरना पर बैठ गए। इस मौके पर प्रधान संगठन का कहना था की हम लोगों का 1 साल से भुगतान नहीं हो रहा है। हम लोग ग्राम सभा में विकास कार्य करा चुके है सरकार के मंशा के अनुरूप कार्य नहीं कर पा रहे हैं और जो कार्य कराया भी उसका भुगतान समय से नहीं हो पा रहा है उनका कहना है कि यह बहुत निंदनीय विषय है कि ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी की तैनाती के बाद जब तक पूरे ग्राम प्रधानों को जानकारी होती है तब तक ट्रांसफर हो जाता है और चले जाते हैं और जो भी आता है उससे हम लोग बात करते हैं तो इधर-उधर बात करके टाल दिया जाता है आख़िर गांव कर विकास कैसे हो सरकार के मानसिकता के अनुसार कार्य फिर भूगतान के लिए प्रदर्शन आख़िर कब तक चलेगा ऐसे कार्य कहीं ना कहीं जनप्रतिनिधी लाचार है आलम यह है कि खण्ड विकास अधिकारी अनुराग राय से सैकड़ो बार सम्पर्क करने का प्रयास किया जा रहा है लेकीन कोई जवाब नहीं मिल रहा है अधिकारी बेलगाम है जिससे सिर्फ शोषण का शिकार हो रही है वहीं इससे भुगतान नहीं होने के अंदेशा पर उग्र ग्राम प्रधान ज्ञानेंद्र गुप्ता ने अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेल कर आत्मदाह करने का प्रयास किया जिसपर मौजुद प्रशासन ने काफ़ी मशक्कत के बाद मामले को शांत कराया इस मौके पर घंटो चले हंगामे के बिच ग्राम प्रधान ज्ञानेंद्र गुप्ता से डी सी मनरेगा ने वार्ता कर भूगतान के लिए कार्य जरी होने की बात कहकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया।